4 रायपुर संभाग
नगर साहू समाज भाटापारा के महिला प्रकोष्ठ ने बॉर्डर में...

6 अभिमत
संपत्ति हस्तांतरण कुछ रियायतें

09 विविध
बालको ने टीबी रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण...

10 संस्कारधानी
विस अध्यक्ष डॉण् रमन सिंह ने तिरंगा बाईक रैली को...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 10 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-348 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री साय ने सिल्वर मेडल जीतने पर नीरज चोपड़ा को दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर भारत के नीरज चोपड़ा को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने अपना शानदार प्रदर्शन कर देशवासियों का दिल जीत लिया। लगातार दूसरे ओलंपिक में उन्होंने मेडल जीतने का करिश्मा कर दिखाया। इसके पहले टोकियो ओलंपिक में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था।

### राहुल गांधी से मिली मनु भाकर



**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलम्पिक में दो मेडल जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और उन्हें अपना अनुभव सुनाया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार भाकर ने यहां संसद भवन परिसर में विपक्ष के नेता के कक्ष में उनसे मुलाकात दी। उन्होंने गांधी को इस दौरान मिठाई भी खिलाई। भाकर ने निशानेबाजी में पेरिस ओलम्पिक में दो कांस्य पदक जीते थे।

### लोक सभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही निर्धारित कार्य दिवसों से एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की। बिरला ने कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा कि बजट सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत रही। बजट 2024-25 पर 27 घंटे 19 मिनट चर्चा की गयी।

### सरकार ने भारत-बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए समिति गठित की




**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बंगलादेश की स्थिति को देखते हुए भारत-बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल की पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। गृह मंत्रालय ने इस समिति के गठन की जानकारी दी।

# पहलाजानी टेस्ट ट्यूब सेन्टर पर बच्चा बदलने का आरोप, मामला पहुंचा हाईकोर्ट

## बच्ची का डीएनए नहीं हुआ मैच, लडका होने की जानकारी दी और बाद में थमा दिया लडकी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर/बिलासपुर
www.dailypioneer.com




संतान सुख पाने के लिए इंशान हर कोशिश करता है। शायद इसी के चलते बड़े बचेली निवासी अशोक सिंह और उनकी पत्नि ऊषा सिंह बस्तर से चलकर राजधानी के पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर पहुंचे थे, लेकिन उनके साथ जो घटना घटित हुई वह हैरान और परेशान करने वाली है। खैर वास्तव में इस घटना का सच क्या है? यह तो विस्तृत जांच के बाद ही पता लग सकेगा, लेकिन हॉस्पिटल प्रबंधन पर जो अरोप लगे हैं वह बेहद ही गंभीर हैं। दरअसल में रायपुर स्थित पहलाजानी हॉस्पिटल पर बच्चा बदलने का गंभीर आरोप लगा है। अपने साथ हुए छल पर न्याय की आस में पीडित पति-पत्नि ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अशोक सिंह और उनकी पत्नी ऊषा सिंह ने पहलाजानी टेस्ट ट्यूब सेन्टर के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनका बच्चा बदल दिया गया है। अशोक सिंह ने याचिका में कहा है कि उनकी दो बेटियां है, अप्रैल 2023 में पहलाजानी अस्पताल ने आईवीएफ प्रक्रिया शुरु की, उसके बाद लगातार उपचार और जांच चलती रही। दिसम्बर 2023 में अशोक सिंह की पत्नि ऊषा सिंह को तबियत बिगडने के कारण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आपरेशन के बाद उन्हें बताया गया कि उनके यहां एक पुत्र और एक पुत्री का जन्म हुआ है। लेकिन कुछ देर बाद हॉस्पिटल में उन्हें जुडवा बेटियां थमा दी गई, तो उनके होश उड गए। हॉस्पिटल के इस हरकत को देखकर अशोक सिंह और उनकी पत्नि काफी दुखी हुए, और उन्हें इस दौरान अस्पताल में बच्चा बदले जाने का संदेह हुआ। अशोक सिंह और उनकी पत्नि ने संदेह दूर करने के लिए डीएनए टेस्ट करवाया। डीएनए टेस्ट में खुलासा हुआ कि एक बच्ची का डीएनए बिलकुल मैच नहीं कर रहा, जबकि एक का 90 प्रतिशत तक डीएनए मैच कर रहा है। अशोक सिंह अपने स्तर पर बच्चा वापस दिलाने के मांग करते रहे, लेकिन उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा। जिसके बाद उन्होनें उच्च न्यायालय में न्याय की गुहार लगाई है। हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार, रायपुर पुलिस अधीक्षक और डाक्टरों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह के भीतर जबाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## बंगलादेश सरकार हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर लगाये रोक : आरएसएस


पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

RSS
राष्ट्रीय स्वयंसेवी संघ

आरएसएस ने बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन के घटनाक्रम के बीच हिंसा में हिंदू, बौद्ध एवं अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर होने वाले हमलों और अपराध की कड़ी निंदा की तथा बंगलादेश की अंतरिम सरकार से ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने बंगलादेश की परिस्थिति पर एक वक्तव्य जारी करके कहा कि विगत कुछ दिनों से बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान हिंदू, बौद्ध तथा वहाँ के अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रही हिंसा की घटनाओं पर आरएसएस गंभीर चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या, लूटपाट, आगज़नी, महिलाओं के साथ जघन्य अपराध तथा मंदिर जैसे श्रद्धास्थानों पर हमले जैसी क्रूरता असहनीय है, तथा संघ इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश की अंतरिम सरकार से अपेक्षा है कि वह तुरंत सख्ती से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये और पीड़ितों के जान, माल एवं मान के रक्षा की समुचित व्यवस्था करे। इस गंभीर समय में विश्व समुदाय तथा भारत के सभी राजनीतिक दलों से भी अनुरोध है कि बंगलादेश में प्रताड़ना के शिकार बने हिंदू, बौद्ध इत्यादि समुदायों के साथ एकजुट होकर खड़े हों। सरकार्यवाह ने कहा कि बंगलादेश की परिस्थिति में एक पड़ोसी मित्र देश के नाते सुयोग्य भूमिका निभाने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार से संघ आग्रह करता है कि बंगलादेश में हिंदू, बौद्ध आदि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हरसंभव प्रयास करे।

## भारतीय वायुयान विधेयक 2024 लोकसभा से पारित

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने लोकसभा में कहा कि विमानन क्षेत्र को ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ आम लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नायडू ने भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पर गुरुवार को हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से भारत के भविष्य के लिए विमान को डिजाइन किया जा रहा है, विमान बनाए जा रहे हैं और विश्व में इसके निर्यात पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 14 सीट वाला हेलिकाप्टर बना रहे हैं और अब बड़े विमानों का डिजाइन और निर्माण किया जाएगा जिसे पूरे विश्व में स्वीकार किया जाएगा, इस मकसद से यह विधेयक लाया गया है। इसका उद्देश्य विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, संचालन और बिक्री सहित विमानन उद्योग के विभिन्न पहलुओं को विनियमित करना है। उन्होंने भारत के विमानन कानूनों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि नया विधेयक मौजूदा विसंगतियों को दूर करेगा और उद्योग को विकसित होने में मदद करेगा।

## पीएम मोदी आज वायनाड का दौरा करेंगे

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मूसलाधार बरसात के कारण हुए भूस्खलन से प्रभावित केरल के वायनाड का आज दौरा करेंगे जहां वह राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही इस आपदा में जीवित बचे लोगों से बातचीत भी करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मोदी सुबह करीब 11 बजे कन्नूर पहुंचेंगे और फिर वह हेलीकॉप्टर से वायनाड में भूस्खलन प्रभावित इलाके का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। बचाव अभियान में शामिल टीमें उन्हें निकासी प्रयासों के बारे में जानकारी देंगी। अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री राहत शिविर और अस्पताल का दौरा करेंगे जहां वह भूस्खलन के पीड़ित लोगों से मिलेंगे और बातचीत करेंगे। इसके बाद मोदी एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें उन्हें घटना और चल रहे राहत प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 30 जुलाई को इस क्षेत्र में हुए भूस्खलन के बाद सवा दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हो गए। यह घटना केरल में अब तक आई सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदाओं में से एक थी।

## न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा- हर व्यक्ति को मिले कानून का लाभ

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्रा ने कहा कि कानून का लाभ समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। इसका यही अंतिम मकसद है। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) के द्वारका स्थित परिसर में आयोजित एक संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधन करते हुए न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि कानून का अध्ययन विद्यार्थियों को नैतिकता के साथ-साथ उन्हें सही और गलत के ज्ञान से अवगत कराता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने 'कानून की पवित्रता और इसमें अवसर' विषय पर आयोजित एक दिवसीय इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कानून की पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा पथ प्रदान करता है, जिससे वे समाजिक मूल्यों को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने वाले कानूनों के विकास में योगदान और विभिन्न उभरते हुए मुद्दों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने जीजीएसआईपीयू के 'यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कानून किसी भी सभ्य समाज की पहली आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में व्यवस्था, अधिकारों की रक्षा और न्याय को बढ़ावा देने जैसे कई मौलिक कारणों से कानून आवश्यक है। इस अवसर पर जीजीएसआईपीयू के कुलपति पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ) महेश वर्मा ने ऐसी अकादमिक व्याख्यानों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी अपने दैनिक जीवन में खुशियां तलाश रहे हैं। नए विचारों का अन्वेषण करने में आनंद लें।

## हर-घर तिरंगा अभियान में सभी उत्साह से भाग लें : राज्यपाल डेका

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल रमेन डेका ने सभी नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने देश व प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने घरों में तिरंगा फहराएं और स्वतंत्रता दिवस को सम्मान व गर्व के साथ मनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'हर घर तिरंगा अभियान' में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके आव्हान पर यह अभियान आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत शुरू किया गया था। राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान, देश भक्ति और एकता की भावना को मजबूत करेगा और राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाएगा। इस महाअभियान से न केवल तिरंगे के प्रति हमारा व्यक्तिगत जुड़ाव मजबूत होगा बल्कि राष्ट्र निर्माण की भावना भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करते हुए उनसे प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।




### 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ मिली जमानत

## सुप्रीम कोर्ट ने दी सिसोदिया को जमानत, कहा-जमानत नियम और जेल अपवाद

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय दिल्ली की कथित अबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ 17 महीने से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा, ...जमानत नियम है और जेल अपवाद...। शीर्ष अदालत ने सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करने, हर सोमवार को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने, गवाहों को प्रभावित नहीं करने तथा 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी। पीठ ने सिसोदिया की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि जमानत को सजा के तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। निचली अदालत और उच्च न्यायालयों को यह समझने का समय आ गया है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत के इस निष्कर्ष को खारिज कर दिया कि आरोपी भी ट्रायल में देरी के लिए जिम्मेदार थे। पीठ ने इस संबंध में सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को भी खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय की ओर से दोनों मामले में जमानत मंजूर किए जाने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया के जेल से बाहर आने का रास्ता अब साफ हो गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली अबकारी नीति 2021-22 के मामले में कथित घोटाले के आरोप में उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अबकारी नीति के मामले से जुड़े धन शोधन के मुकदमे में औपचारिक तौर पर उन्हें 9 मार्च 2023 को उन्हें गिरफ्तार किया। दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से गिरफ्तारी और अदालती आदेश पर न्यायिक हिरासत में दिल्ली के केंद्रीय कारागार में बंद सिसोदिया ने 28 मार्च को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। बड़ी राहत की उम्मीद में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आरोपी सिसोदिया ने अपनी दलील में कहा था कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और संबंधित मामले में सुनवाई धीमी रफ्तार में चल रही है। उन्होंने यह भी दलील दी थी कि मुकदमा उसी गति से चल रहा है, जिस गति से अक्टूबर 2023 में चल रहा था। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिकाकर्ता सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज दोनों मामलों में जमानत की गुहार लगाई थी। यह मामला विवाद बढ़ने के बाद रद्द हो चुकी दिल्ली अबकारी नीति 2021-22 से संबंधित है। दिल्ली के उपराज्यपाल की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। निचली अदालत, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने ईडी और सीबीआई दोनों मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# मोहन यादव विजयपुर से लाड़ली बहनों के खाते में करेंगे राशि अंतरित

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 अगस्त को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों के खातों में 1250 रूपये की राशि अंतरित करेंगे।
साथ ही रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाभार्थी महिलाओं के खातों में 250 रूपये की उपहार (नेग) राशि अंतरित की जाएगी। डॉ यादव श्योपुर जिले के विजयपुर और टीकमगढ़ में 10 अगस्त को आयोजित रक्षाबंधन पूर्व लाड़ली बहना हितग्राहियों के लिए आभार सह उपहार कार्यक्रम में यह राशि अंतरित करेंगे। साथ ही लाभार्थी महिलाओं को आभार-पत्र और उपहार देगें और राखी बंधवाएगें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 10 अगस्त को प्रदेश की सभी 23 हजार 11 ग्राम पंचायतों एवं 416 नगरीय निकायों (नगर निमग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत) में भी वृहद स्तर पर आभार सह उपहार कार्यक्रम होंगे। राज्य सरकार के मंत्रीगण एवं जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले आभार सह-उपहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ यादव के मुख्य आतिथ्य में होने वाले कार्यक्रम की थीम 'रक्षाबंधन और सावन उत्सव' पर केन्द्रित है। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में पौध-रोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होगें। इसमें सहभागियों को शासकीय हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी भी साझा करेंगे।

## यादव ने दीं नीरज चोपडा को शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाडी नीरज चोपडा को भाला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। डॉ. यादव ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा, मां भारती के लाडले और करोडों भारतीयों की आंखों के तारे नीरज चोपडा को ओलंपिक गेम्स 2024 में रजत पद जीतने पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं। आप निरंतर ऐसे ही नए नए इतिहास रचते हुए अपनी गौरवपूर्ण उपलब्धियों से मां भारती को गौरवान्वित करते रहें, हम सबकी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं।

## सुक्खू ने नशे से तुम दूर रहो गीत किया जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला की सामाजिक कार्यकर्ता तरूणा मिश्रा द्वारा निर्मित 'नशे से तुम दूर रहो' गीत जारी किया। सुक्खू ने तरुणा मिश्रा के प्रयासों की सराहना करते हुये कहा कि राज्य सरकार ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये अनेक नवीन पहल की हैं। उन्होंने युवाओं से रचनात्मक और स्वस्थ समाज बनाने के लिये नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता और गैर सरकारी संगठन समाज को जागरूक करने में राज्य सरकार के प्रयासों को सम्बल प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस खतरे से निपटने के लिए आगे आना चाहिये। मिश्रा ने कहा कि वह नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये अपने प्रयासों को निरन्तर जारी रखेंगी।



# जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का सपना पूरा करने का समय आ गया है: आयोग

एजेंसी ◄ जम्मू
www.dailypioneer.com

निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव शीघ्र कराने का संकेत देते हुए कहा कि एक बार यह प्रक्रिया घोषित कर दिए जाने के बाद कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का दो दिन का दौरा करने के बाद यहां एक संवाददाता सम्मलेन में कहा, जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का सपना साकार करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया घोषित होने के बाद कोई भी अंदरुनी और बाहरी ताकत चुनाव प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। उन्होंने कहा कि इस सीमावर्ती क्षेत्र में चुनाव कराना एक चुनौती भरा काम जरूर है, लेकिन कोई यह नहीं कह सकता कि विधानसभा चुनाव को रोका जा सकता है। कुमार ने कहा कि उनके जम्मू-कश्मीर दौरे में हर पक्ष ने यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव में




उनकी पूरी भागीदारी और इसे संपन्न कराने में उनका पूरा सहयोग होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव का समय आ गया है और आयोग दिल्ली पहुँच कर सुरक्षा बलों की उपलब्धता के बारे में समीक्षा करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ आयोग में उनके सहयोगी आयुक्त ज्ञानेश कुमार एसएस संधू तथा कुछ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। आयोग ने इस दौरे में जम्मू और श्रीनगर में केंद्रशासित क्षेत्र के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनितिक दलों और संगठनों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत की और राज्य में चुनाव की दृष्टि से कानून की स्थिति और अन्य तैयारियों का जायजा लिया। कुमार ने कहा, श्रीनगर में हम नव राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों से मिले, उन सभी ने जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव सहज और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एक स्वर से आयोग का धन्यवाद किया। उन्होंने साथ ही हमसे विधान सभा चुनाव जल्द से जल्द कराने की मांग की। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 90 निर्वाचन क्षेत्र हैं जिसमें नौ निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति रिपीट जनजाति और सात अनुसूचित जाति रिपीट जाति के लिये आरक्षित किए गए हैं। आयोग ने विधानसभा चुनाव के सम्बन्ध में प्रशासन के लिये कुछ दिशा निर्देश जारी किये हैं जिसमें मादक द्रव्यों के दुरूपयोग शराब के कारोबार पर सतर्कता, राजनितिक दलों के अनुरोध पर सभी केंद्रों पर शत-प्रतिशत सीसीटीवी लगाए जाने और सभी दलों के प्रतिनिधियों को समीक्षा के आधार पर आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने और केंद्रों को दो किलोमीटर के दायरे में रखने के निर्देश दिए हैं।

## हिमालयी राज्यों की अग्नि घटनाओं को प्राकृतिक आपदा माना जाय: भट्ट

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली/देहरादून
www.dailypioneer.com

राज्यसभा सांसद एवं उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हिमालयी राज्यों की अग्नि घटनाओं में मुआवजे को परिभाषित करने का मुद्दा सदन में जोर शोर से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए इन घटनाओं को प्राकृतिक आपदा की सूची में शामिल करने का आग्रह भी किया। साथ ही राज्य आपदा मानक निधि के मानकों में अग्नि की घटनाओं को सही तरीके से परिभाषित करने की मांग की। उच्च सदन में बोलते हुए भट्ट ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में उत्तराखंड में अग्नि की घटनाओं में बहुत वृद्धि हुई है और अक्सर इसके कारण में मानव जनित घटना बताया जाता है । जो किसी भी तरह से उचित नहीं है । उन्होंने स्पष्ट किया कि जो राज्य वृक्षारोपण में शीर्ष राज्य हो वहां ऐसा होना अधिकांशतः संभव नहीं है । जनवायु परिवर्तन के अतिरिक्त पर्वतीय क्षेत्रों में अनेकों कारण है उसके चलते आग की घटनाएं वहां लगातार बढ़ रही है। एक बड़ा कारण चीड़ के पेड़ से गिरने वाला पीरूल भी है, जिसपर सरकार 50 रुपए किलो पिरूल खरीद कर कारण को कमतर करने का प्रयास कर रही है, जिसपर केंद्र से भी सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने राज्य में हुई अग्नि घटना के आंकड़ों को प्रस्तुत करते हुए कहा, सर्वाधिक वन क्षेत्र होने के बावजूद उत्तराखंड में वनग्नि को दैवीय आपदा में शामिल नहीं किया गया है। भट्ट ने अपने प्रस्ताव में सरकार का ध्यान हिमालय राज्यों में बड़े पैमाने पर होने वाली अग्नि की घटनाओं की तरफआकृष्ट करते इन क्षेत्रों के लिए इसे प्राकृतिक आपदा में शामिल करने का आग्रह किया साथ ही बताया कि राज्य आपदा मोचन निधि के मानकों में अग्नि से घटने वाली घटनाओं को परिभाषित नहीं किया गया है। जिसके कारण प्रभावितों को राहत सहायता अनुमन्य किए जाने में बेहद कठिनाइयां होती है। विशेषकर ग्रीष्म काल में हिमालयी राज्यों में वन अग्नि की घटनाएं बहुत बढ़ जाती है। हजारों परिवार अग्नि की इन घटनाओं से बुरी तरह प्रभावित हो जाते हैं।

## विकास प्रोजेक्टों को निर्धारित समय में पूरा करें: सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने सभी जिलों के नगर आयुक्तों और अतिरिक्त उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे चल रहे विकास प्रोजेक्टों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को 15वें वित्त आयोग और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की अप्रयुक्त राशि सहित विभिन्न योजनाओं के फंड का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएनए खाते में शेष राशि की भी समीक्षा की और अधिकारियों को सभी विकास परियोजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। स्थानीय निकाय मंत्री ने 16 शहरी स्थानीय निकायों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि की उपलब्धता तथा 49 शहरी स्थानीय निकायों में जल उपचार संयंत्र के लिए भूमि की उपलब्धता के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। बलकार सिंह ने अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ मिलकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा जल उपचार प्लांट के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने के निर्देश दिए, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां साइट चयन में चुनौतियां हैं। उन्होंने संबंधित अधिकार क्षेत्रों में दैनिक सफाई सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया तथा भारी बारिश के दौरान रुकावटों को रोकने के लिए समय पर सीवरेज सफाई की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे बाढ़ आ सकती है तथा सड़कों तथा गलियों में गंदा पानी बह सकता है।

# सिसोदिया 10 लाख के मुचलके पर सशर्त जमानत पर छुटे हैं दोषमुक्त नहीं: तरुण चुघ

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सिसोदिया 10 लाख के मुचलके के साथ अपना पासपोर्ट सरेंडर करके सशर्त जमानत पर आये हैं और उन्हें सप्ताह में दो दिन कोर्ट में अपनी नियमित उपस्थिती दर्ज करानी होगी। चुघ ने कहा कि सिसोदिया दोषमुक्त नहीं हुए हैं और ना ही उन्हें बरी किया गया है। वह मात्र जमानत पर बाहर आये हैं। उन्होने कहा कि यह आप का घोर भ्रष्टाचारी राजनैतिक चरित्र है कि शराब घोटाले में, धोखाधड़ी और जालसाजी में जेल में 17 महीने से बंद अभियुक्त मनीष सिसोदिया को सशर्त बेल मिलने पर उन्हें जीत बता रहे हैं, जबकि यह विजय नहीं है। जो राजनैतिक दल भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के नाम पर सत्ता में आये थे, आज पूरी आप और दिल्ली की आधी कैबिनेट भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में है या बेल पर है। चुघ ने कहा कि शराब घोटाले में आदलत ने स्वयं माना है कि शराब घोटाले में व्यापक सबूत हैं, चैट मौजूद हैं , रिश्वत के धन का इस्तेमाल कहाँ किसने और कब किया, कहाँ से पैसा आया यह सब सामने आया है, इस भ्रष्टाचार के मामले के तार कई राज्यों दिल्ली, तेलंगाना, गोवा, पंजाब तक जुड़े हुए हैं। चुघ ने कहा कि आप ने दिल्ली और पंजाब में प्रदेशों में सरकार बनाने के समय किये गए वायदों से वायदा खिलाफी की है। भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर सत्ता में आने वाली आप ने भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड कायम किये हैं। पंजाब कर्ज के तले दबता चला जा रहा है और भगवंत मान सरकार बेसुध सोयी हुई है।

## गढ़वाल केन्द्रीय विवि को सुरक्षा मुहैया करायें: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने एचएनबी गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय में छात्र गुटों की ओर से व्याप्त अराजकता के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को अगली सुनवाई तक ठोस सुरक्षा मुहैया कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही पुलिस और राज्य सरकार को दो सप्ताह में कानून व्यवस्था को लेकर प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा है। विश्वविद्यालय की ओर से दायर याचिका पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि छात्रों के एक समूह ने अपनी मांगों को लेकर 29 और 30 जुलाई को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन का घेराव किया।

## बरेली में पिता ने की गर्भवती बेटी की हत्या

**बरेली।** उत्तर प्रदेश मे बरेली जिले के सीबीगंज क्षेत्र में एक पिता ने अपनी बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी और थाना पहुंच कर अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी ने बताया कि गोकुलपुर निवासी एक किशोरी के फतेहगंज पश्चिमी में रसूला गांव निवासी भुजेंद्र उर्फ भूरा श्रीवास्तव से प्रेम संबंध थे। किशोरी गर्भवती हो गई। इसके बाद किशोरी के पिता की ओर से सीबीगंज थाने में रेप और पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी भुजेंद्र उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लड़की के 161 के बयान दर्ज करने के बाद उसे परिवार वालों को सौंप दिया। बदनामी के डर से पिता ने रात में किसी वक्त बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद पहले वह परसा खेड़ा चौकी पर पहुंचा। उसने बताया कि उसने अपनी बेटी को मार दिया है। बाद में पुलिस उसे लेकर थाने गई। पुलिस ने किशोरी का शव बरामद कर लिया है।




## जालंधर में 100 ग्राम हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने नशे के कारोबार में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस शहर से नशे के अभिशाप को मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत सीआईए स्टाफ जालंधर की टीम वाई-पॉइंट हरनाम दास पुरा जालंधर के पास मौजूद थी, जब उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस को उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन मिली, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान नरेश उर्फ चीनू पुत्र धर्मपाल निवासी मंडी रोड बरदाना बाजार जालंधर के रूप में हुई है। शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि सौरव कुमार पुत्र डोगर मल निवासी मंडी रोड नजदीक रेलवे स्टेशन थाना न्यू बारादरी जालंधर भी चीनू के साथ इस जघन्य अपराध में शामिल था। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में सौरव को भी गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफपहले से ही एनडीपीएस एक्ट के तहत एक-एक एफआईआर लंबित है।



## उच्च शिक्षा नीति में बदलाव जरुरी था: शुक्ला

**देवरिया।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि उच्च शिक्षा नीति में जो बदलाव आया है, वह आवश्यक है। शुक्ला ने बीआरडीपीजी कालेज के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी पं.दीपनारायण मणि की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने से शिक्षा के क्षेत्र आमूल परिवर्तन देखने को मिलेंगे। इस शिक्षा नीति से परीक्षा के बोझ से बच्चें मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा इस नाते से नहीं होनी चाहिए कि वह नौकरी के लिए हो, बल्कि शिक्षा इस नाते की होनी चाहिए कि इसके बाद बच्चा नौकरी देने वाला बने। एनजीओ तक को जोड़ने का काम इस नई शिक्षा में हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का मतलब संस्कारित होना है तथा राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत होना होता है औ र इस शिक्षा के माध्यम से समाज, राष्ट्र के लिए काम करना होता है। नई शिक्षा नीति से देश के लाखों बच्चों का भविष्य तैयार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लागू नई शिक्षा नीति देश के लिए लाभदायक है और इसे धीरे धीरे पूरे देश में लागू होना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। जहां नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है।

## प्रयागराज में बाढ़ से सड़क पर हो रही शवों की अंत्येष्टि

वार्ता ◄ प्रयागराज
www.dailypioneer.com

तीर्थराज प्रयाग में गंगा और यमुना नदियों में उफान के कारण स्थानीय और दूर दराज से आने वाले लोगों को अपने प्रियजनों की अंत्येष्टि को गंगा घाट से हटकर पास में सड़क पर करना पड़ रहा है। शहर में दारागंज और रसूलाबाद गंगा तट पर अंत्येष्टि की जाती है। दोनो घाट जनामग्न हो गये हैं जिस कारण शवों के अंतिम संस्कार सड़क पर किये जा रहे हैं। दारागंज में अंत्येष्टि के लिए कोई विशेष घाट नहीं है। आस-पास और दूर दराज से आने वाले लोग शास्त्री पुल के नीचे गंगा तट पर ही अपने मृत परिजनों की अंत्येष्टि करते हैं। बाढ़ के कारण अंत्येष्टि का स्थल जलमग्न हो गया है जिस कारण लोगों को सड़कों पर ही अंत्येष्टि करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। दारागंज घाट पर अंत्येष्टि करने वाले अमन ने बताया कि भारी बारिश के चलते प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी उफान पर हैं। श्मशान घाट पानी में डूब गए हैं जिसकी वजह से अंतिम संस्कार के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। दारागंज में शास्त्री पुल के नीचे गंगा बहती है। बाढ़ से पहले गंगा तट से चंद कदमों की दूरी पर चिता सजाकर अंत्येष्टि की जाती थी। अंत्येष्टि स्थल के बगल से बह रही गंगा जल से धोने पर वह जल फिर गंगा के साथ मिल जाता था। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में शहर के अलावा आस-पास के जिलों से यहां पर लोग अपने प्रियजनों की अंत्येष्टि करने पहुंचते हैं। बाढ़ से पहले प्रतिदिन यहां 45-50 लोगों की अंत्येष्टि की जाती थी जबकि अब रसूलाबाद घाट के बंद होने के कारण वहां से भी लोग यहीं पर पहुंच रहे है जिस कारण अब करीब 100 लोगों की अंत्येष्टि की जा रही है। बाढ़ के कारण कुछ लोग तो अपने नजदीक ही प्रियजन की अंत्येष्टि कर देते हैं।

## मातृ-मृत्यु दर को जागरुकता से ही रोका जा सकता है: शुक्ल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा से प्रदेश में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच अभियान का शुभारंभ किया। शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हर माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जाँच के शिविर सभी अस्पतालों में लगाए जाएंगे। इनमें गर्भवती महिलाओं को जाँच, उपचार, दवा और आने-जाने की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल मण्डला और रतलाम जिले के हितग्राहियों से उप-मुख्यमंत्री ने संवाद किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त अस्पताल और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मातृ-मृत्यु दर और शिशु-मृत्यु दर को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हर गर्भवती महिला को निःशुल्क जाँच, उपचार और दवा की सुविधा दी जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत यदि शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा नहीं है तो गर्भवती महिला की निजी सोनोग्राफी केन्द्र में सोनोग्राफी कराई जाएगी। इसकी राशि का भुगतान सरकार करेगी। सरकारी अस्पताल से जारी वाउचर से महिला सात दिन में कभी भी अपनी जाँच सोनोग्राफी सेंटर में करा सकती है। सही समय में रिस्क चिन्हांकन से उचित निदान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जायेगा। मातृ-मृत्यु दर को नियंत्रित करने में जागरूकता और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि मातृ-मृत्यु दर और शिशु-मृत्यु दर नियंत्रित करने के प्रयासों में निजी अस्पतालों की भागीदारी देने वाला मध्यप्रदेश देश का दूसरा राज्य है।

# महोबा में नागपंचमी का पर्व हर्षोल्लास से संपन्न

एजेंसी ◄ महोबा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश मे बुंदेलखंड के महोबा जिले मे नाग पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यहां आकर्षक शोभायात्रा निकली गयी। मेला और दंगल के जगह-जगह आयोजन किये गए। नाग पंचमी के चलते सुबह से ही शिवालयों मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा आराधना की। साँप के बिलों के निकट दूध भरे हुये कटोरे रख कर लोगों ने नाग देव की पूजा अर्चना की। गोरखगिरी स्थित नाग देव मंदिर मे इस अवसर पर विशेष पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमे भारी संख्या मे लोगो ने शिरकत की। चौरसिया नव युवक कल्याण समिति द्वारा पान मंडी से नागदेव की परम्परागत शोभायात्रा निकाली गई जिसमे सुसज्जित झांकिया जन आकर्षण का केंद्र रही, नगर भ्रमण के उपरान्त शोभायात्रा का समापन नाग मंदिर मे हुआ। नाग पूजा के धार्मिक पर्व के मद्देनजर महोबा जिले मे पान किसानों ने अपने कारोबार को पूर्ण रूप से बंद रखा। किसानों ने पान बरैजो, खेतौं मे परिवार समेत पहुंच कर पूजन किया। उल्लेखनीय है कि पान को नागबेल कहा जाता है। मान्यता है कि पाताल लोक के राजा वासुकी ने पान की बेल पृथ्वी को उपहार मे दी थी।

# किसानों को बीमा की राशि वापिस करने पर मंत्री ने व्यक्त की नाराजगी

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में सेब बागवानी किसानों को उनकी उपज की प्रीमियम राशि वापस करने पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीमा कंपनी के अधिकारियों को किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए, तत्काल फसल बीमा की धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जोशी ने इस संदर्भ में जनपद उत्तरकाशी के सेब किसानों की शिकायतों पर कृषि महानिदेशक, उद्यान निदेशक तथा एसबीआई बीमा कंपनी के स्टेट हेड के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। जोशी ने महानिदेशक को तत्काल अपने स्तर से कार्यवाही करने और भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार, ब्लॉक, तहसील स्तर पर बीमा कंपनी द्वारा अधिकारी व कर्मचारी की तैनाती के लिए भी निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा वर्षा/सूखा एवं ओलावृष्टि से फसलों की सुरक्षा के लिए बीमा कराया गया हैं तो ऐसे में किसानों को उनकी फसल बीमा का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने इस बारे में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी पत्र लिखकर प्रकरण से अवगत कराया है और राजकीय पोर्टल को पुनः खोलने का अनुरोध किया है, ताकि सेब की फसल का बीमा पुनः हो सके। उल्लेखनीय है कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव, पुरोला और मोरी ब्लॉक के किसानों द्वारा कुछ दिन पूर्व, मंत्री को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में कृषकों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत माह दिसम्बर-जनवरी (2023-24) में सेब की फसल का बीमा किया गया था, परन्तु सीएससी / एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बीमा धनराशि प्राप्त करने के उपरान्त भी किसानों का बीमा निरस्त किया जा रहा ओर जिन किसानों का प्रीमियम एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा वापिस किया गया है, उनको बीमा करने की अनुमति पुनः प्रदान करने का आग्रह किया गया था।

## कन्नौज में ट्रकों में टक्कर, चार मरे

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र में दो ट्रकों की भिड़ंत में चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर क्षेत्र के जुनेदपुर कट के पास सुबह छह बजे एक खड़े ट्रक में दूसरा ट्रक घुस गया। तेज धमाके के साथ हुए इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ट्रक पर सवार एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और सभी के शव कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए।

# मान ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को दी बधाई

वार्ता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com




पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलंपिक खेलों में जैवलिन थ्रो में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि नीरज चोपड़ा ने अपनी असाधारण और ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था और अब पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतकर देश के लिए सम्मान अर्जित किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा जीते गए पदक नए खिलाड़ियों को आगामी मुकाबलों के लिए प्रेरित करेंगे। मान ने आशा व्यक्त की कि इस युवा खिलाड़ी का शानदार प्रदर्शन भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को उनके नक्शे-कदम पर चलने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा आने वाले समय में खेल मुकाबलों में नए खिलाड़ियों के लिए आदर्श की भूमिका निभाएंगे। मान ने कहा कि प्रत्येक खेल में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से उनकी खेल के प्रति मेहनत और समर्पण की भावना का पता चलता है।

# क्रांति दिवस पर कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन के योद्धाओं को किया याद

## शहीद गुण्डाधुर और पातर हल्बा के प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



भारत छोड़ो आंदोलन (क्रांति दिवस) के अवसर पर राजीव भवन में आयोजित सभा में जिला कांग्रेस कमेटी ने आजादी में योगदान देने वाले वीर योद्धाओं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किये। साथ ही शहर के मुख्य चौराहे पर स्वतंत्रता सेनानी वीर गुण्डाधुर तथा सुखदेव पातर के प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर देश के आजादी के उनके योगदान को याद किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, रोमनाथ जैन, नितिन पोटाई, नरेश बिछिया, रोशन आरा, खोमेंद्र उइके, शिवांकित श्रीवास्तव, सुरेश नाग, सरजू शोरी, अमन गायकवाड़, आदर्श गुप्ता, सत्यार्थ करायत, प्रशांत सिंह, चन्द्रलोक सिंह ठाकुर, शेष गजबिये, फैजल मेमन, निरंजन लाटिया, सद्दाम हुसैन, हर्ष कावड़े, लता मण्डावी,अमिला नेताम सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

युवक कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनाया, पौधा रोपण कर ली शपथ

युवक कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस के अवसर पर युवक कांग्रेस संगठन का ध्वजारोहण किया और मिठाई बांटी। राजीव भवन प्रांगणके सामने पौधा रोपण भी किया। तथा देश की एकता, अखंडता और सहिष्णुता को बनाए रखने के लिए युकां ने शपथ ली। इस दौरान प्रमुख रूप से सुनील गोस्वामी, मनोज जैन, रोमनाथ जैन, नितिन पोटाई, नरेश बिछिया, रोशन आरा, खोमेंद्र उइके, शिवांकित श्रीवास्तव, सुरेश नाग, सरजू शोरी, अमन गायकवाड़, आदर्श गुप्ता, सत्यार्थ करायत, प्रशांत सिंह, चन्द्रलोक सिंह ठाकुर, शेष गजबिये, फैजल मेमन, निरंजन लाटिया, सद्दाम हुसैन, हर्ष कावड़े, लता मण्डावी, अमिला नेताम सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल हुए।

# शहीदों की स्मृति में वृक्षारोपण महोत्सव 'पोदला उरस्कना' कार्यक्रम का किया गया आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी दिवस के अवसर पर जिले में वृक्षारोपण महोत्सव ''पोदला उरस्कना'' कार्यक्रम के तहत् जिला मुख्यालय नया पुलिस लाईन बीजापुर एवं समस्त अनुविभाग एवं थाना क्षेत्रों में शहीदों की स्मृति में 'एक पेड़ शहीद के मां के नाम' के तहत् आयोजित वृहद् वृक्षारोपण महोत्सव 'पोदला उरस्कना' में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। नया पुलिस लाईन बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम के इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार तथा प्रशासन एवं पुलिस से कलेक्टर बीजापुर अनुराग पाण्डे, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, वन मण्डलाधिकारी रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, अति. पुलिस अधीक्षक ऑप्स वैभव बैंकर, अति. पुलिस अधीक्षक चन्द्रकांत गवर्ना, उप पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक आप्स सुदीप सरकार, उप पुलि अधीक्षक डीआरजी विनीत साहू, रक्षित निरीक्षक बीजापुर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण के साथ जिले के मीडिया समूह के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कोड़ेनार में मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कोड़ेनार पंचायत भवन प्रांगण में आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम सरपंच मीना मंडावी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद उपस्थित लोगों को आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।तत्पश्चात पंचायत के वरिष्ठ जनों का सम्मान शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिली। इस दौरान सरपंच मीना मंडावी, तपन दास, मनोज छलिवाल, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, जितेंद्र गुप्ता, के साजी, राजेन्द्र सक्सेना, डी पी मिश्रा, संजीव दास, आज़ाद सक्सेना, दीनानाथ ठाकुर, रामकृष्ण बैरागी, शैलेंद्र सिंह,भावना सक्सेना, जनपद सदस्य रितु कडती, सोमारू मंडावी, जोग मंडावी, मंगल मंडावी, देवा राम मंडावी, राजू मंडावी एवं पंचगण उपस्थित थे।

# आहूजा प्लेस में किया गया समग्र ग्रामीण विकास परियोजना का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के आहूजा प्लेस में समग्र ग्रामीण विकास परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य गांवों का सर्वांगीण विकास, कृषि आधारित आजीविका, जल एवं मृदा संरक्षण, महिला समूहों की आर्थिक प्रगति और शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना हैं और यह परियोजना विशेष रूप से क्षेत्रीय शिल्पकारों के हित में कार्य करेगी। इस अवसर पर कोंडागांव अमबूजा फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के अधिकारियों ने जिले के और भी विभिन्न अधिकारियों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस परियोजना की शुरुआत कोंडागांव जिले के 16 गांवों में की जाएगी। जहां इस परियोजना के माध्यम से गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए विशेष प्रयास करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी व कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत, शिक्षा विभाग अधिकारी अखिलेश, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, कृषि विज्ञान केंद्र की अधिकारी विंध्या, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन की ओर से जोनल हेड इंडिया सीएसआर शाहरुख, रीजनल हेड सीएसआर मनीषा, क्लस्टर हेड आरबीबी चंद्रशेखर राय व अम्बुजा सीमेंट फाउंडेशन वाइस प्रेसिडेंट अनघा महाजनी भी शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में जिले के 16 ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच, शिल्पकार, किसान और अम्बुजा सीमेंट के स्टाफ भी इस दौरान उपस्थित रहें।

**गांवों के चहुंमुखी विकास हेतु करेगी कार्य** - एचडीएफसी बैंक परिवर्तन परियोजना के अधिकारियों ने इस बारे में बताया कि, यह परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देना है। कृषि आधारित आजीविका को सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया जाएगा, साथ ही जल एवं मृदा संरक्षण के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें रोजगार और आर्थिक विकास के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रयास किए जाएंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। क्षेत्रीय शिल्पकारों के विकास के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई गई हैं, जिससे वे अपनी कला और कौशल को बढ़ा सकें और आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें। इस परियोजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की जीवनशैली में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

# विधायक टेकाम ने कन्हारगांव में की मेगा ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राइव अभियान की शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला अंतर्गत फरसगांव विकासखंड के ग्राम कन्हारगांव में 8 अगस्त को मेगा ऑयल पॉम प्लांटेशन ड्राइव अभियान के अंतर्गत विधायक नीलकंठ टेकाम विधानसभा क्षेत्र केशकाल द्वारा कृषक मनेश नेताम के 2.150 हेक्टेयर रकबे में ऑयल पॉम रोपण हेतु तैयार प्रक्षेत्र में ऑयल पाम पौधा लगाकर मेगा प्लांटेशन ड्राइव को गति प्रदान किया। विधायक टेकाम द्वारा ग्राम कन्हारगांव में इसी वित्तीय वर्ष में रोपित 24.000 हेक्टेयर ऑयल पॉम कृषक प्रक्षेत्र पर अवलोकन भी किया। प्लांटेशन ड्राईव अभियान के अंतर्गत मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक द्वारा ऑयल पॉम रोपण को बढ़ावा देने का आह्वाहन किया अपने उद्बोधन में बाड़ियों पर भी 1-2 ऑयल पॉम का पौध लगाने प्रेरित किया गया। उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि, ऑयल पॉम का पौधा विभाग द्वारा तैयार करने योजना बनाएं, ताकि स्थानीय जलवायु में ऑयल पॉम पौधों की वृद्धि हो। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सरपंच एवं प्रगतिशील किसान निर्मल नाग ने ऑयल पॉम रोपण हेतु सरकार से जुड़े एवं योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मेगा प्लांटेशन ड्रईव में उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक व्ही.के. गौतम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभाग के अमले ग्रामीण कृषक सहित 250 से अधिक कृषक सहभागी बने कार्यक्रम का संचालन लोकेश्वर धुव ग्रामीण उद्यानिकी विकास अधिकारी द्वारा किया गया।

## गौरगांव में महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**कोंडागांव।** जल शक्ति अभियान कैच द रेन अभियान के तहत केशकाल विकासखंड के ग्राम गौरगांव में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति से जल शक्ति थीम वाले इस अभियान में जल संरक्षण एवं प्रबंधन में महिलाओं की विभिन्न भूमिका पर बल दिया गया है। यह अभियान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय जल मिशन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि, जल शक्ति अभियान जल संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है और इन प्रयासों में नारी शक्ति अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिलाओं ने अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल संसाधनों का संरक्षण प्रभावी रूप से किया है।

# स्वयंसेवक अजीत व सलीना स्वतंत्रता दिवस समारोह दिल्ली में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव से स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर में अध्ययन रत वरिष्ठ स्वयंसेवक अजीत कुमार (एम.एस. सी.बॉटनी चतुर्थ सेम.) और सलीना नेताम (एम.एस. सी.बॉटनी तृतीय सेम.) दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी. एल.पटेल व महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी सी.पी.यादव ने बताया कि, स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को नई दिल्ली में आज़ादी के जश्न समारोह का हिस्सा अजीत और सलीना बनेगें जो कि, महाविद्यालय के साथ-साथ पुरे बस्तर विश्वविद्यालय के लिए खुशी का पल है। कोंडागांव जिले के ग्राम इरागांव निवासी अजीत कुमार और तोस्कापाल निवासी सलीना स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होकर बस्तर के साथ ही छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों स्वयंसेवक शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की व राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर लगातार सक्रिय रूप से समाज सेवा का कार्य करते आ रहे है तथा कई वर्षों से नेहरू युवा केन्द्र, समाज सेवी संस्था तथा जिला प्रशासन के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्यो को किया है जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरुस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, नीतियों से जन-जन को जोड़ने के लिए स्वैच्छिक रूप से योगदान दिया है, जिसके आधार पर उनका चयन किया गया। दोनों होनहारों ने स्वयं से पहले आप की भावना के लगातार रक्तदान कर रहें हैं तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के साथ देश के राज्य और राष्ट्रीय संस्करण में भी प्रतिनिधित्व कर महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन किये हैं।

# किरंदुल में पार्किंग के दौरान ट्रक हेल्पर की हुई मौत



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में शुक्रवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई।जिसमें एक ट्रक हेल्पर की मौके पर मौत हो गई।दरअसल सुबह करीब 09 बजकर 20 मिनट में किरंदुल गाडर पुलिया मेन रोड में मृत हेल्पर द्वारा ट्रक पार्किंग हेतु साइड दिखाया जा रहा था इस बीच वह ट्रक के चपेट में आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा हैं मृत युवक ओम कोंडागांव का रहने वाला था।मौके पर किरंदुल पुलिस बल पहुंचकर जांच कर रहीं हैं।

# थाना अनंतपुर परिसर में एक पेड़ शहीदों के मां के नाम के तहत किया गया पौधारोपण

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत थाना अनंतपुर में पोदला उरसकना वृक्षारोपण अभियान 2024 एक पेड़ शहीदों के मां के नाम के तहत कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अनंतपुर उप निरीक्षक अखिलेश धीवर द्वारा थाना परिसर में समस्त थाना स्टाफ द्वारा थाना परिसर में पौधारोपण कर पुलिस प्रशासन के द्वारा शुरू किए गए 'पोदला उरसकना अभियान के तहत एक पेड़ शहीद के मां के नाम पर थाना स्टाफ द्वारा पेड़ गया है।

# बाखरा राजागांव में संयुक्त रूप से पालक शिक्षक मेगा बैठक हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशन में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति-2020 के समस्त लक्ष्यों को पूर्ण करने और उसके बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में संकुल बाखरा/राजागांव, विकासखंड- कोंडागांव, जिला-कोंडागांव में संयुक्त रूप से बहुत ही जोर शोर से उत्साहपूर्वक पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस मेगा बैठक में पालकों के साथ तेरह बिंदुओं पर बहुत ही रुचिपूर्वक चर्चा परिचर्चा किया गया।ये तेरह बिंदु इस प्रकार से हैं-1. मेरा कोना 2. छात्र दिनचर्या 3.बच्चे ने आज क्या सीखा 4.बच्चा बोलेगा बेझिझक 5.बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा 6.पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना 7. बस्ता रहित शनिवार 8.बच्चों की आयु कक्षानुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी 9. जाति आय निवास प्रमाण पत्र 10. न्यौता भोज 11.विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा 12.विभिन्न डिजिटल प्लेटफर्म से पालकों को अवगत करवाना 13. NEP- 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करना, इन सभी तेरह बिंदुओं पर शिक्षकों और पालकों के बीच बहुत ही सकारात्मक चर्चा परिचर्चा हुआ।संकुल के शिक्षकों ने बारी बारी से सभी तेरह बिंदुओं पर उपस्थित पालकों से परिचर्चा संवाद किया। संकुल के शालाओं में गतवर्ष उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले एवं बेहतर उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।उपस्थित समस्त पालकों बच्चो के लिए न्योता भोज की भी व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में घुड़न राम पोयाम जनपद सदस्य,भुनेश्वरी बघेल सरपंच बाखरा, शाम बती सरपंच राजा गांव, सोनसू राम नेताम सरपंच कुकाड़ गारकापाल, लुदर राम पोयाम उप सरपंच बाखरा, दुकारू राम मंडावी उप सरपंच राजागांव, शोभा राम नेताम उप सरपंच कुकाड़ गारकापाल, कष्टू राम बंछोर एसएमसी अध्यक्ष, श्वेता कर्ष प्रभारी संकुल प्राचार्य,राजू राम दीवान संकुल समन्वयक बाखरा, नरेंद्र जैन संकुल समन्वयक राजा गांव, बलराम पोयाम एस एम सी अध्यक्ष बाखरा, पीतम दास मानिकपुरी एस एम सी अध्यक्ष,बुधनाथ भंडारी एसएमसी अध्यक्ष, संकुल के समस्त शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण रसोइया स्वीपर, पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India
सेबी भवन, पाँचवीं मंजिल, 'बी' विंग, प्लॉट सं. सी4-ए, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई-400051
दूरभाष : 022 2644 9686
ईमेल : YPP@SEBI.GOV.IN

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के यंग प्रोफेशनल प्रोग्राम के तहत आवेदन मंगाना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) उन पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो सेबी के यंग प्रोफेशनल प्रोग्राम के तहत सेबी से जुड़ना चाहते हैं।

उपरोक्त कार्यक्रम के ब्यौरे सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) पर ''करियर'' ["Careers"] शीर्षक के अंतर्गत दिए हुए हैं। इस संबंध में आवेदन समाचारपत्रों में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तारीख से 21 दिनों के भीतर अवश्य प्रस्तुत कर दिए जाएँ।

CBC 15204/11/0081/2425
मानव संसाधन विभाग, सेबी

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, मण्डल क्र.1 रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885 ईमेलः- se1.raipur@gov.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं को तकनीकी कारणों से निरस्त किया जाता है।

| क्र. | एन.आई.टी.क्र./निविदा क्र. | निविदा दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | 84/155612 | 05.07.2024 |
| 2 | 264/155583 | 03.07.2024 |
| 3 | 131/156935 | 31.07.2024 |

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.1,रायपुर

G-242501726/5

# नगर साहू समाज भाटापारा के महिला प्रकोष्ठ ने बॉर्डर में तैनात सैनिकों के लिए भेजा रक्षासूत्र



पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर साहू समाज भाटापारा के तत्वावधान में, अध्यक्ष राजेश साहू व छात्रावास समिति प्रभारी नभ नारायण साहू के मार्ग दर्शन में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष कमला साहू के नेतृत्व में उरी, बरहमुल्ला, राजौरी, अखनूर, पठानकोट, श्रीनगर, लेह लद्दाख, सांबा और पुंच बॉर्डर में तैनात सैनिक भाईयो के लिए 1000 राखियां (रक्षासूत्र) के साथ गुलाल व पीला चावल भेजा गया। सभी महिलाओं की ओर से एक-एक पत्र, जिसमे भाई बहन के प्रेम व वीर जवानों के साहस व वीरता की कविताएं भी प्रेषित की गई। यह पावन व पुनीत कार्य नगर साहू समाज ने पहली बार किया जिसमे भाटापारा नगर के साथ लगे परिक्षेत्र साहू समाज की महिलाओ ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया व अपने-अपने तरफ से सबने राखियां देना शुरू कर दिया। जब इन राखियों संयुक्त रूप से एक साथ पोस्ट करने गए तो इनके चेहरे की हंसी व खुशी ये बता रही थी, मानो बरसो बाद कोई बहन, इस आधुनिकता भरे युग में डाक द्वारा आज अपने भैय्या को राखी बांधने व भेजने का मौका मिला हो। अब इस तरह का रक्षासूत्र बंधन हमारे देश के वीर जवानों व सैनिक भाइयों को भेजने का कार्य प्रत्येक वर्ष करने की प्रतिज्ञा नगर साहू समाज भाटापारा की महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारियों ने लिया। इस कार्यक्रम में लिलेश्वरी साहू, कल्याणी साहू, डॉ. इंद्राणी साहू, संध्या साहू, नीरा देवी साहू, डॉ.वीणा साहू, निर्जला साहू, डॉली साहू, कामना साहू, सती साहू, राजलक्ष्मी साहू, उर्वशी साहू, लीना साहू, सरस्वती साहू, सोनकुंवर साहू, कांता साहू, सावित्री साहू, प्रेमिन साहू, सरोजनी साहू के साथ अन्य महिला प्रकोष्ठ की महिलाओ का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर नम्रता गांधी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा का किया निरीक्षण

## अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल को देख प्रसन्नता व्यक्त की



पायनियर संवाददाता ⟨ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने धमतरी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल के अटल टिंकरिंग लैब में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान, रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल्स को देख प्रसन्नता व्यक्त की। अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों द्वारा आटोमेटिक रिएक्सीस एंटीना, एंटी थीप सिस्टम, रैन अलर्ट विंडो,ओवर टेकिंग अलर्ट सिस्टम, मिनी रोबोट, स्मार्ट रेल्वे स्टेशन इत्यादि तैयार किया गया था। इस अवसर पर कलेक्टर ने गोपिका साहू,भूमिका साहू, सुभाषिणी साहू, गोपेन्द्र आदि विद्यार्थियों से चर्चा की और थ्री डी प्रिंटर सहित लैब में रखे आवश्यक उपकरणों की जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने इन बच्चों को जल संरक्षण और ई-वेस्ट का बेहतर प्रबंधन कर रोचक मॉडल तैयार करने कहा। गौरतलब है कि अटल टिंगरिंग लैब का उद्देश्य है कि बच्चों को नए इन्वेंटर्स के रूप में विकसित करना। इन लैब्स के जरिए युवाओं में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढावा दिया जाता है साथ ही, इन लैब्स में डिजाइन मानसिकता, कम्प्यूटेशनल सोच, अनुकूली शिक्षा, भौतिक कंप्यूटिंग जैसे कौशल भी विकसित किए जाते हैं। इन लैब्स में गतिविधि आधारित शिक्षा दी जाती है, जिससे युवा दिमाग सामाजिक समस्याओं के लिए अपने विचारों को आकार दे सकते हैं। इन लैब्स में बच्चे अलग.अलग वैज्ञानिक विचारों के साथ प्रयोग कर सकते हैं, सीख सकते हैं, विकसित कर सकते हैं और अवधारणाएं बना सकते हैं। इन लैब्स में रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्सए विज्ञान, 3 डी प्रिंटर, सेंसर जैसे उपकरणों से जुडी स्वयं.करें किट भी दी जाती हैं।

# छल पूर्वक कूटरचित, पासबुक तैयार कर गबन करने वाला ग्रामीण डाक सेवक गिरफ्तार

## आरोपी डाक सेवक द्वारा कूट रचित कर कुल 729800 रूपये का किया गया था गबन



पायनियर संवाददाता ⟨ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रार्थी परमेश्वर कुमार साहू पिता बोहरिक राम साहू उम्र 35 साल निवासी कार्यालय उप संभागीय निरीक्षक डाकघर धमतरी संभाग धमतरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि केवल राम ध्रुव भूतपूर्व ग्रामीण डाक सेवक शाखा डाकपाल बिरझुली मगरलोड के द्वारा अपनी पदस्थापना के दौरान हितग्राही कुंती बाई, ऐशवर्य कुमार, यशोदा, चंदा बाइ, कला बाई, शांति बाई के नाम पर फर्जी पासबुक जारी कर एंव हितग्राही येजस्वी कुमार ध्रुव, रेखा बाई, संतोषी बाई, एवं राम बाई के पास बुक मे लेन देन मे गडबडी कर छल के प्रयोजन से कूटरचित पासबुक तैयार कर कुल रकम 729800. रूपये का गबन कर भारतीय डाक विभाग को आर्थिक क्षति पहुंचाने कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं हितग्राहियो का कथन एवं आरोपी के नियुक्ति संबंधी आदेश, जांच प्रतिवेदन, जांच हेतु अधिकृत करने के संबंध मे पत्र, हितग्राहियो के फर्जी एवं लेनदेन मे गडबड पासबुक, डाकघर बिरझुली के लेखा रजिस्टर, एसबी जनरल,टीडी जनरल एवं अन्य रजिस्टरो को जप्त किया गया। पूछताछ पर आरोपी केवल राम ध्रुव द्वारा डाकघर बिरझुली मे बंद पडे पुराने पासबुक के सामने के पृष्ठो को फाडकर नष्ट कर पीडित हितग्राहियो को फर्जी पासबुक जारी कर हितग्राहियो के द्वारा जमा किये गये रकम को गबन करना जुर्म स्वीकार करने से आरोपी केवल राम ध्रुव के विरुद्ध थाना मगरलोड में धारा 409,420,467,468 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी मगरलोड निरीक्षक राजेश जगत,सउनि धनीराम नेताम, आरक्षक गजानंद साहू, विमल पटेल, गोविंदा घृतलहरे, सुकलाल मरकाम, कुणाल साहू, किशन सोनकर, ललित रघुवंशीए नवीन टंडन, भेष सिन्हा द्वारा किया गया।

# पशुओं में पशु चिकित्सक लगा रहे हैं खुरहा चपका टीका



**भाटापारा।** शासकीय पशु चिकित्सालय मोपका के अंतर्गत आने वाले ग्राम आदर्श निर्मल ग्राम पंचायत गुडेलिया में 875 पशुओं में खुरहा चपका रोग का टीकाकरण अभियान शुभारंभ किया गया। मोपका पशु चिकित्सालय के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में शिविर के माध्यम से औषधि वितरण किया जा रहा है। मोपका संस्था प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह पैंकरा ने सभी पशुपालकों को आग्रह किया है कि सभी ग्रामवासी अपने पशुओं को बांधकर खुरहा चपका बीमारी का टीकाकरण अवश्य ही कराएं यह रोग पशुओं में वायरस के माध्यम से होता है इस बीमारी से बचाव के लिए पशुओं को स्वच्छ स्थान पर रखें। भाटापारा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजुला ने सभी पशुपालकों को अनिवार्य रूप से सभी पशुओं का टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया व पशुओं में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निकटतम संस्था में जाकर दवाई प्राप्त करें टीकाकरण कार्य में विभागीय कर्मचारी जिसमें सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डीसी पर पैंकरा, आलोक कुमार पैंकरा पट्टी बंधक सोनचंद यादव ऋतुराज साहू दीपक मिरी वेद प्रकाश राय धजाराम साहू श्याम कुमार चतुर्वेदी इन सभी का विशेष सहयोग रहा है।

# भाजपा कार्यालय में जिला पंचायत सभापति कविता कुमलेश देवांगन का मनाया जन्मदिन



पायनियर संवाददाता ⟨ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला कार्यालय बलौदा बाजार मे जिला पंचायत सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति कविता कुमलेश देवांगन का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, भाजपा के नेता प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा एवं जिला अध्यक्ष डॉक्टर सनम जांगड़े से कविता कुमलेश देवांगन ने अपने जन्मदिन पर आशीर्वाद लिया साथ ही देवांगन ने जिला के सभी भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं अपना परिवार बताते हुए जन्मदिन पर मिले सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू समाज की महिलाओं ने बड़े उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया हरियाली तीज

## विभिन्न समाजों की महिलाओं ने लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ⟨ सरायपाली
www.dailypioneer.com



### क्या होता है तीज

तीज के अवसर पर मायके से बेटी के लिए भेजा जाने वाला सिंधारा एक महत्वपूर्ण परंपरा है, इसमें विशेष तौर पर माता-पिता अपनी सुहागिन पुत्री के लिए सुहाग और 16 श्रृंगार का सामान, नए वस्त्र, फल, मिठाइयाँ और घेवर भेजते हैं, सिंधारे में बेटी के ससुराल वाले और उसके पति व बच्चों के लिए भी कपड़े भेजे जाते हैं। सिंधारे में भेजे गए वस्त्र और आभूषण बेटी की खुशहाली और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं, यह शुभता और संपन्नता की कामना का प्रतीक होते हैं, सिंधारे को मायके की ओर से बेटी के लिए खुशहाल जीवन का आशीर्वाद माना जाता है, इस प्रकार सिंधारे के रूप में मायके वाले अपनी बेटी को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद भेजते हैं।

नगर सहित अंचल में सावन माह में पड़ने वाले श्रावणी तीज, हरियाली तीजा, सिंघारा व सोलह श्रृंगार जैसे त्योहारों का परम्परागत रूप से सभी हिन्दू समाज की महिलाओं द्वारा बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों में समाज द्वारा सावन झूलों का भी आयोजन किया गया जहां महिलाओं ने सावन झूलों का मजा उठाया। अग्रवाल महिला मंडल, गौण ब्राम्हण महिला मंडल, गुप्ता समाज महिला मंडल, उत्कल महिला मंडल के साथ ही अन्य सभी सामाजिक महिलाओं ने इसमे भाग लिया। इस संबंध में उक्त त्योहार मना रही महिलाओं ने इस त्योहारों की विस्तृत जानकारी देते हुवे बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है,यह त्योहार भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित होता है, इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य, पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए पूजा करती हैं, महिलाएं 16 श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। हरियाली तीज का दिन सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं के लिए विशेष महत्व रखता है,इस दिन भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 107 जन्मों तक तप किया था, भगवान शिव माता पार्वती के कठिन तप से प्रसन्न हुए और उन्होंने 108वें जन्म में उनसे विवाह किया, यही कारण है कि हरियाली तीज का व्रत सुहागिनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

# बड़ी संख्या में आध्यात्मिक प्रवचन सुनने पहुंचे श्रद्धालु



पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन पंचम मूल जगत गुरु कृपालु महाराज जी की कृपा प्राप्त प्राचारिका श्रीश्वरी देवी के द्वारा प्रतिदिन 4 अगस्त से 18 अगस्त तक सुबह 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन का आयोजन राधा कुंज रिसदा रोड में किया जा रहा है यह आयोजन राधा गोविंद मंदिर समिति ग्राम कोकडी द्वारा किया जा रहा है बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन सुनने आ रहे हैं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा प्रवचन स्थल पहुंच कर आशीर्वाद लिए प्राप्त किया।

# इंटर साई फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु कसडोल के 11 खिलाड़ियों का हुआ चयन, कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



पायनियर संवाददाता ⟨ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारतीय खेल प्राधिकरण भोपाल के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में इंटर साई फुटबॉल प्रतियोगिता त्रिवेंद्रम (केरल) के लिए 8 अगस्त 2024 को स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम,रायपुर में राज्य के सभी खेलो इंडिया लघु केन्द्र/ खेलो इंडिया एक्सलेंस फुटबॉल के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल लिया गया। उपरोक्त चयन ट्रायल में खेलो इंडिया लघु फुटबॉल कसडोल से 15 खिलाडियों ने भाग लिया था। उक्त चयन ट्रायल में चयन समिति द्वारा खेलो इंडिया लघु केन्द्र,कसडोल से 11 खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार कर त्रिवेंद्रम (केरल) में होने वाले इंटर साई फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन किये है। उपरोक्त प्रतियोगिता तिथि की जानकारी संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, रायपुर द्वारा पृथक से दी जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। चयन ट्रायल में लघु केन्द्र, कसडोल, जिला बलौदाबाजार भाटापारा से चयनित खिलाडियों में सब जूनियर बालक वर्ग में साहिल पैकरा, निखिल साहू, शिवम पाल, उमंग साहू, इंद्रजीत साहू एवं जूनियर बालक वर्ग में लोकेश साहू, पीयूष पाल, यश यादव, आदित्य राव, इसी प्रकार जूनियर बालिका वर्ग में झरोखा साहू एवं पूजा साहू है। जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, प्रभारी नोडल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण कसडोल के आलोक मिश्रा, शा.उ.मा. वि. बोरसी के व्यायाम शिक्षक संतोष साहू, फुटबॉल कोच राघवेन्द्र राव पवार ने भी चयनित खिलाडियों को शुभकामनाएं दी है साथ ही अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# रांवा में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

## शिविर में प्राप्त 158 में से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही किया गया निराकरण

पायनियर संवाददाता ⟨ धमतरी
www.dailypioneer.com



आमजनों की समस्या.शिकायतों और मांग के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों की कडी में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम रांवा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर 158 आवेदन प्राप्त हुएए जिसमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर लिया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए समय.सीमा दी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धमतरी ओंकार साहू ने कहा कि जिला प्रशासन आपके द्वारा पर आया है। आप अपनी समस्याओं, शिकायत और मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखें। वैसे तो ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याएं होतीं हैंए जिनका निराकरण स्थल पर ही किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को त्वरित निराकरण करने का प्रयास करें। साहू ने ग्रामीणों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी जानकारी लेकर इसका लाभ लें। शिविर में उपस्थित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि रामू रोहरा ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीणों की समस्याओं का गांव में ही निराकरण करने के उद्देश्य से जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैंए जिसके परिपालन में जिला प्रशासन आज आपके गांव पहुंचा है। ग्रामीण इसका भरपूर लाभ लें और अपनी समस्या, शिकायत एवं मांगों को प्रशासन के समक्ष रखकर निराकृत कराएं। इस अवसर पर जनपद पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष राजू चन्द्राकर, सभापति जनपद पंचायत धमतरी मानिक साहू, अनिल तिवारी, सरपंच तरसींवा दीपेश्वरी साहू, गोपाल पटेल सहित जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर रांवा में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, उद्यानिकी, खाद्य,जल संसाधन, राजस्व, विद्युत, श्रम, वन, मत्स्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियो ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से सरस्वती सायकल योजना के तहत 10 बालिकाओं को सायकल वितरित किया गया। वहीं स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था, जिसमें बीपी, शुगर, सिकलीन, बुखार, सर्दी.खासी के 175 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां दी गयी। इसके साथ ही साफ सफाई और गरम एवं ताजा भोजन सेवन करने की सलाह दी गयी। वहीं आयुर्वेद विभाग द्वारा भी सुप्रजा कार्यक्रम के तहत् गर्भवती माताओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी।

# स्वास्थ्य कर्मचारी व मितानिन ने किया घर-घर जाकर किया कुष्ठ रोग की जांच



पायनियर संवाददाता ⟨ महासमुंद
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस बढ़ई के मार्गदर्शन मे 8 अगस्त गुरुवार को परसुली मे कुष्ठ सर्वे किया गया। जिसमे स्वास्थ्य कर्मचारी व मितानिन द्वारा घर-घर जाकर घर का प्रत्येक सदस्यों का पुरे शरीर की जाँच करके ये देखा गया की कही कुष्ठ के पेचेस तो नहीं है सेक्टर सुपरवाइजर नरेश कुमार साहू ने बताया की कुष्ठ रोग माइकोबैक्टेरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है इसलिए अपने घर के सभी सदस्यों को जांच कराना चाहिए जिससे कुष्ठ के मरीज को पता चल सके तथा दवाई खिला कर मरीज को जल्दी ठीक किया जा सके,दवाई की जानकारी देते हुए सोनिका दास ने बताया की मरीज को दो प्रकार से दवाई की खुराक दिया जाता है एक पीबी, और एमबीपीबी मरीज को दवाई 6 माह तथा एमबी मरीज को एक वर्ष तक दवाई का सेवन करना पड़ता है RHO पदमन साव ने कुष्ठ रोग के लक्षण के बारे मे बताया की कुष्ठ रोग मे मुख्य तीन लक्षण है (1) शरीर की किसी भी भाग के चमड़ी में रंग बदलाव हल्का पीला तेलिया तामिया चमकदार दाग जो पूर्ण रूप से सुन्नपन होता, सत्ही तंत्रिका तंत्र में मोटापन, त्वचा परिक्षण में लाइकोबैक्टेरियम लेप्री का पाया जाना, इस सर्वे मे आरएचओ डिगेन्द्र परमार,लखन ध्रुव, कमलनारायण, मोतिन साहू, कुमारी साहू डालेश्वरी परमार, टेश कुमारी दीवान रामेश्वरी चक्रधारी, मितानिन एषण पटेल देवकी पटेल, कलावती चक्रधारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता सेवती तांडी आदि का सहयोग रहा है ।

# ग्राम छिपली के गोठान निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच हेतु सौंपा ज्ञापन

## सभी कार्यों में सरपंच की पति करता है मनमानी : चेतन साहू



पायनियर संवाददाता ⟨ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्व कांग्रेस सरकार में नरवा, घुरूवा बॉडी और गोठान के नाम पर जिस तरह से सरकारी पैसे को लूटने का कार्य पूर्व सरकार के सरंक्षण प्राप्त सरपंचों ने किया है वही कांग्रेस सरकार भी गोबर गोठान के नाम पर बडा घोटाला किया है। ग्राम पंचायत छिपली तहसील मगरलोड में भी गोठान निर्माण में भारी अनियमितता और भ्रस्टाचार सरपंच के द्वारा किया गया है। पंचायत सारे कामो में सरपंच पति का हस्तक्षेप रहता है और उन्ही के सरंक्षण में ऐसे सरकार के राशि के दुरूपयोग किया जाता हैं जिसकी जांच हेतू जिला महामंत्री भाजपा युवामोर्चा चेतन साहू ने लिखित रूप में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है और जांचकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया गया हैं। भाजपा की सुशासन वाली सरकार है, पूर्व कांग्रेस सरकार में हुए एक एक घोटाले की जांच करवाएंगे।

# भंवरपुर पुलिस ने गांजा सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ⟨ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



मुखबीर की सूचना पर ग्राम खोकसा से पतेरापाली जाने वाले रोड ग्राम खोकसा में दो आरोपियों से गांजा बरामद कर भंवरपुर पुलिस द्वारा आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है। पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार आरोपी चमन उर्फ चीमन पिता लाभो सिदार उम्र 24 साल ग्राम आंवलाचक्का थाना सरायपाली एवं डेगलाल उर्फ राजेश पिता भारत लाल नायक उम्र 20 साल ग्राम बेहरा पाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छ0ग0 के कब्जे से 06 पैकेट एक भूरा रंग बैग जिसके अंदर हरा पीला रंग के पॉलिथीन में कुल 06 पैकेट जिसके अंदर अवैध मादक पदार्थ जैसे गांजा नमीयुक्त भरा है। जिसका कुल वजनी 5.750 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जैसे गांजा एवं एक कला रंग के सुपर स्प्लेंडर नंबर सीजी 06 जीपी 8965 मोटर साइकिल कीमती 30 हजार रुपए के साथ कुल 5.750 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 86 हजार रुपए को बिक्री हेतु परिवहन कर रहा था एवं एवं 2 सौ रुपए नगदी रकम कुल जुमला 1 लाख 16 हजार 2 सौ रुपए जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध अपराध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गौरतलब है कि सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को नशीली पदार्थ, अवैध शराब तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले लोगो के खिलाफकार्यवाही तथा सघन चेकिंग अभियान करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही परिवहन के उन सभी रास्तों पर जगह व समय बदल-बदल कर नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। ओडिसा राज्य में मुखबिरों को सक्रिय करने एवं परिवहन की सूचना प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण कार्यवाही महासमुंद पुलिस के द्वारा किया गया है।

# विकास कार्यों एवं जनहित पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित, एमआईसी की बैठक महापौर की अध्यक्षता में सम्पन्न टैक्स वसूली बढ़ाने पर जोर

**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम में डाटा सेंटर सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर एमआईसी सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। बैठक में 17 एजेंडों पर बारी-बारी चर्चा की गई। सभी विषयों पर विचार विमर्श कर एजेंडावार निर्णय लिया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले,दीपक साहू, भोला महोविया, हमीद खोखर,सत्यवती वर्मा, जमुना साहू, शंकर ठाकुर, मनदीप सिंह भाटिया, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, लेखा अधिकारी रमाकांत शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, आरके बोरकर, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, जनसंपर्क अधिकारी थानसिंह यादव, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, उपअभियंता सुरेश केवलानी, पंकज साहू, पंकज चंद्रवंशी, मुन्ना यादव, आदि मौजूद रहे।महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में निगम द्वारा विकास कार्यों एवं जनहित पर चर्चा उपरांत अनेक प्रस्ताव पारित किए गए, विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्ताव पर महापौर की अनुमति से प्रस्ताव पर चर्चा हुई. बाजार विभाग द्वारा प्रस्ताव अनुसार नलघर एवं गंजमंडी शॉपिंग काम्प्लेक्स का बार-बार निविदा जारी उपरांत आरक्षण के कारण दुकानों में बोली नहीं मिलने के कारण आरक्षण समाप्त कर सामान्य किये जाने से नगर निगम को 16 करोड रुपए की राजस्व प्राप्त होगी. नयापारा स्थित व्यवसायिक परिसर दुकान क्रमांक 5 एवं 6 सदर नाका व्यवसायिक परिसर दुकान क्रमांक 1 गुर्जर क्षत्रिय धर्मशाला का लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव के सम्बन्ध में चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त बस स्टैंड नल घर शॉपिंग काम्पलेक्स प्रथम एवं द्वितीय तल को किराये पर दिए जाने हेतु चर्चा की गई, राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा बस स्टैंड के सामने पानी टंकी के नीचे की जगह को आसपास के ग्रामों से आए ग्रामीणों के लिए सस्ते दर पर दाल, चावल, एवं रोटी सब्जी के लिए आवेदन पर तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव के अनुसार गोधन न्याय योजना बंद होने के कारण गौठान संचालन समिति द्वारा गोबर खरीदी से तीस हजार रूपये एवं अन्य सामाजिक संस्थान से मवेशियों के लिए चारे पानी की व्यवस्था हो जाती थी वर्तमान में चार सौ मवेशियों के लिए तीन माह के लिए नब्बे हजार रुपये का भुगतान हेतु प्रस्ताव लाया गया है. ठोक अपशिष्ट के निष्पादन के लिए प्लांट की स्थापना एवं संचालन हेतु निगम की 5 एकड़ भूमि अनुबंधित कंपनी को सौपते हुए कार्य प्रारंभ कर कराये जाने के अलावा अमृत मिशन के तहत अतिरिक्त श्रमिकों को 12 माह के लिए 16 श्रमिक हेतु निविदा में न्यूनतम दर पर 5% सर्विस चार्ज पर रखे जाने निर्धारण हेतु निविदा प्राप्त हुआ है। कपड़ा मार्केट के सामने पेवर ब्लॉक का कार्य स्थान परिवर्तित कर वार्ड 53 माता तालाब के पास शासकीय स्कूल समीप किए जाने सहित सभी एजेंडा पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।



# हर घर तिरंगा के लिए जिला प्रशासन की अभियान से गांव गांव के बच्चो महिलाओं सहित आम नागरिकों मे उत्साह

**पायनियर संवाददाता < गरियाबंद**
www.dailypioneer.com

सरकार की मंशा को धरातल में अमलीजामा पहनाने के लिए जिला प्रशासन ने ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया बकायदा शत प्रतिशत हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए आज से अभियान भी शुरू कर दिया है बता दे के आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जिले में आज से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो गया है इसके तहत 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन कर विविध गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इसी तारतम्य में आज जिले के विभिन्न स्थानों में तिरंगा यात्राएं एवं तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया इसमें सभी वर्ग के लोगों ने सहर्ष भाग लिए गरियाबंद शहर में जनपद पंचायत कार्यालय से ग्राम पंचायत मजरकट्टा तक तिरंगा रैली निकाली गई इस दौरान आम नागरिक युवा एवं अधिकारी कर्मचारियों ने मोटर साइकिलों में तिरंगा झंडा लेकर जय हिंद के नारे के साथ आजादी के पलों को याद किया। साथ ही लोगों को देशभक्ति की भावना के साथ अपने घरों में तिरंगा लगाने को प्रेरित किया इस दौरान एसडीएम विशाल महाराणा जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष प्रवीण यादव एवं जनपद सीईओ अमजद जाफरी ने लोगों को तिरंगा शपथ भी दिलाया इसी प्रकार नगर पंचायत राजिम में आम नागरिकों ने तिरंगे का मान हमेशा ऊंचा रखने की शपथ ली कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय देवभोग में स्कूली छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर लोगों को प्रेरित किया दूरस्थ क्षेत्र मैनपुर के ग्राम पंचायत बिरीघाट के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भवन में एकजुट होकर तिरंगा झंडा लहराकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया इसी प्रकार विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम भेंड्री, पसौद श्यामनगर एवं पतोरा के ग्रामीणों एवं महिलाओं ने भी तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को अपने घरों में तिरंगा लगाने को प्रेरित किया इसके अलावा छुरा के विभिन्न गांवों में भी तिरंगा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान से नई पीढ़ी के साथ-साथ सभी लोगों में राष्ट्रीय भावना जगेगी और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान भी बढ़ेगा स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान जिले में तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तिरंगा अभियान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के दौरान तिरंगा प्रतिज्ञा ली जाएगी।



# कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा (अ) के भ्रमण अंतर्गत डीएवी स्कूल हुडको भिलाई के बच्चों ने खेती की वैज्ञानिक विधियों को जाना



**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग में डी.ए.वी. स्कूल भिलाई के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बच्चों ने भ्रमण किया। जिसमें बच्चों ने वैज्ञानिक विधि से खेती करने की विभिन्न तरीकों को जाना। कृषि विज्ञान केन्द्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके ने मृदा विज्ञान के बारे में समझाते हुए कहा कि मिट्टी की एक परत को बनने में हजारों साल का समय लग जाता है। इसलिए मिट्टी को प्रदूषण से बचाएं एवं संतुलित मात्रा में ही उर्वरक डाले। साथ ही साथ उन्होंने मृदा में पाये जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में बताया और मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भ्रमण कराया। डॉ. कमल नारायण (उद्यानिकी) ने प्रो ट्रे नर्सरी, गुटी विधि, आम में ग्राफ्टिंग की विधि के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक समझाया। इस दौरान बच्चों ने यह जाना कि बिना बीज के नये पौधों को कैसे तैयार करते है। भ्रमण के दौरान बच्चों ने टिकाऊ खेती, जैविक खेती, वर्टीकल फार्मिंग, प्रीसीजन फार्मिंग, समन्वित कृषि पद्धति के साथ-साथ खेती में उच्च गुणवत्ता युक्त फसल कैसे तैयार कर सकते है के बारे में जानकारी ली। कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रक्षेत्र प्रबंधक सृष्टि तिवारी ने मौसम के अनुरूप फसलों के प्रबंधन के बारे में जानकारी साझा की। भ्रमण कार्यक्रम में डी.ए.वी. स्कूल के शिक्षक अजय शर्मा, चंदन भट्टाचार्जी एवं श्रीजा प्रवीण उपस्थित थे।


# जिला चिकित्सालय के एनआरसी में मनाया गया विश्व स्तनपान सप्ताह


**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय दुर्ग में पोषण पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी) में बच्चों व माताओ के स्वास्थ्य के बेहतर बनाने तथा स्तनपान की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के लिए 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह 2024 का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार हर साल विश्व स्तनपान दिवस (वर्ल्ड एलाएंस फॉर ब्रेस्ट फीडिंग) के द्वारा चुनी गई नयी थीम के साथ मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में हमारे जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन, डॉ. हेमंत साहू ने स्तनपान की आवश्यकता की जानकारी दी, नोडल अधिकारी डॉ. सीमा जैन के द्वारा स्तनपान के बारे मे बच्चों को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में बताया गया तथा एनआरसी के फीडिंग डेमोन्स्ट्रेटर सपना शर्मा द्वारा पोषण पुर्नवास में भर्ती सभी माताओं में स्तनपान की अवश्यकता, जरूरत व पोषण संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डां हेमंत साहू, नोडल अधिकारी डाँ सीमा जैन, डा. ओ.पी.वर्मा अस्पताल सलाहकार, फिडिंग डेमोन्ट्रेटर (एनआरसी) सपना शर्मा समस्त स्टाफ नर्स अंजू वर्मा, सविता मानिकपुरी, राजलक्ष्मी, प्रिति विश्वकर्मा उपस्थित थे। इसके अलावा एनआरसी कूक अश्वनी बांधे, अटेंडेंट देवकी यादव व समस्त एनआरसी में भर्ती माताएं एवं बच्चे शामिल थे।



# वंचित बच्चों की पढ़ाई में नहीं आएगी बाधा, जीई फाउंडेशन ने दी पाठ्य सामग्री






**पायनियर संवाददाता < भिलाई**
www.dailypioneer.com

सामाजिक सेवा में अग्रणी संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन ने अनवरत जारी अपने शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीआरपी महुवारी मरौदा में अध्ययनरत 125 छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी सामग्री वितरित किया गया। फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने इस दौरान कक्षा पहली से पांचवी तक के इन बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से जीवन में आगे बढ़ने अपना लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को कुछ प्रेरक प्रसंग भी सुनाए। इस दौरान बच्चों ने अपनी कलात्मक अभिरूचि का प्रदर्शन करते हुए शुभकामना संदेश वाले कार्ड तैयार किए। कुछ कार्ड जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई को भी भेंट किए गए। प्रधान पाठक अश्विनी कुमार झा ने जीई फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी पहल से इन बच्चों को अपना भविष्य संवारने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ज्यादातर वंचित परिवारों के इन बच्चों को उचित समय पर शैक्षणिक सामग्री मिलने से इनकी पढ़ाई और बेहतर ढंग से होगी। इस अवसर पर शिक्षकगणों में अर्शिया इकबाल, राजेंद्र प्रजापति, योगेश साहू और ओंकार वर्मा भी उपस्थित थे।

# पन्द्रह वर्षों से जर्जर पानी टंकी को तोड़ने की हो रही थी मांग, वार्डवासियों में खुशी की लहर

**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विगत 15 वर्षों से जर्जर शिक्षक नगर पानी टंकी को हटाने की मांग वार्ड वासियों द्वारा लगतार की जा रही थी।उक्त पानी टंकी का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 10 वर्ष पूर्व 30.00 लाख की लागत से संधारण किया गया था,परंतु पानी टंकी के टॉप डोम टंकी के अंदर गिरने से दीवाल क्षतिग्रस्त हो गया था तथा टंकी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जर्जर घोषित कर दिया गया। पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर क्षमता से कम भरकर जलापूर्ति की जा रही थी।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं जलकार्य प्रभारी संजय कोहले द्वारा शिक्षक नगर में जर्जर पानी टंकी के स्थान पर नवीन पानी टंकी निर्माण के लिये प्राक्कलन शासन को प्रेषित कर लगातार राशि मांग हेतु प्रयास किया जा रहा था। प्रयासों के फलस्वरूप 15 वे वित्त आयोग में पेयजल प्रबंधन के अंतर्गत शिक्षक नगर में पानी टंकी निर्माण हेतु 178.60 लाख तथा पाईप लाईन कार्य हेतु 93.77 लाख शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। नगर निगम के लोकेश चंद्राकर ने बताया की उक्त दोनो कार्य की निविदा प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। नवीन पानी टंकी के निर्माण की स्वीकृति होने से वार्डवासियों में खुशी की लहर है तथा महापौर धीरज बाकलीवाल, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले का पार्षद एमआईसी प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया ने आभार जताया है।बता दे कि नया पानी टंकी 1500 क्षमता का निर्मित होगा।



# यूवा कांग्रेस स्थापना दिवस पर ब्लॉक अध्यक्ष सहित ने किया वृक्ष रोपण

**पायनियर संवाददाता < गरियाबंद**
www.dailypioneer.com

यूवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर यूवा पधाधिकारियो ने झंडा फहराते मुख्यालय में पौधा रोपण किया इसके अलावा शपथ भी लिया गया इसके अलावा यूवा कांग्रेस के दायित्व को बताते हुए धरातल पर निभाने के लिए प्रेरित किया गया क्योंकि कांग्रेस ही एक पार्टी है जहा यूवाओ को सम्मान देने के साथ साथ राजनीति के शिखर तक पहुंचाती हैं इस बीच ब्लॉक अध्यक्ष भविष्य प्रधान ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और जिला अध्यक्ष के दिशानिर्देश अनुसार आज मुख्यालय में युवा कांग्रेस स्थापना दिवस के उपलक्ष में पौधा रोपण किया गया साथ ही पहले की तुलना इस बार युवा कांग्रेस को मजबूत करने के लिए शपथ लिया गया पौधा रोपण के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष भविष्य प्रधान प्रदेश सचिव उमेश डोंगरे सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर धुर्वा युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष चतुर्भुज सोना महासचिव गुलाब आडिल अखिलेश बघेल खेमराज हरपाल अनुभव यादव गिरधारी दुर्गा नरेश टांडिया कार्यकारणी सदस्य ने पौधा रोपण कर मनाया।



## कांवड़ यात्रा निकलेगी 12 को, तैयारी शुरु

**भिलाई।** प्रगतेश्वर शिव मंदिर समिति, प्रगति नगर की बैठक नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा का आयोजन 12 अगस्त को किया जाएगा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष सर्वसम्मति से कार्यक्रमों को लेकर विभिन्न योजना बनाई गई हैद्य गत वर्ष कांवड़ यात्रा में पहुंचे श्रद्धालुओं की संख्या व उत्साह को देखते हुए इस बार भी व्यापक तैयारी की जा रही हैद्ध संयोजक सुशील सिंह सेंगर व प्रदीप सिंह (बबलू) ने बताया कि कांवड़ यात्रा हर हर महादेव के जयघोष के साथ प्रगतेश्वर शिव मंदिर से सुबह 5:15 बजे पूजा स्नान के बाद शिवनाथ नदी दुर्ग के लिए रवाना होगी आयोजन के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्य रूप से समिति संरक्षक भोला प्रसाद, हिन्दू जागरण मंच से व छाया पार्षद आसपूरन चौधरी, आनंद सिंह अनुपम साहू, रंजन, नगीना सिंह, आशा सिंह, प्रीति, शैल पांडेय, मालती और विनीता श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वृहद् ऑयल पॉम पौधरोपण अभियान के तहत विधायक कोर्सेवाड़ा ने किया ऑयल पॉम पौधरोपण

**पायनियर संवाददाता < दुर्ग**
www.dailypioneer.com

जिले के धमधा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम चेटूवा में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में ऑयल पॉम पौधरोपण किया गया। वृहद् ऑयल पॉम पौधरोपण कार्यक्रम अंतर्गत 3 एफ ऑयल पॉम कंपनी और उद्यानिकी विभाग के तत्वाधान में कृषक जगदीश सोलंकी रकबा 5.00 हेक्टेयर के प्रक्षेत्र में पॉम ऑयल पौधे का रोपण किया गया। विधायक कोर्सेवाड़ा ने स्वयं भी ऑयल पॉम पौधरोपण किया। ग्राम पंचायत चेटुवा में किसानों की उपस्थिति में उद्यान विभाग एवं 3-एफ ऑयल पॉम कंपनी के समन्वय से ऑयल पॉम की खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों में जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम रखा गया। उपसंचालक उद्यान मती पूजा कश्यप साहू और 3 एफऑयल पॉम छ.ग. प्रमुख मनोज कुमार शर्मा द्वारा केन्द्र पोषित ऑयल पॉम योजना (एनएमईओ-ओपी) की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान ऑयल पॉम की खेती कर रहे कृषक योगेश साहू ग्राम टेमरी द्वारा ऑयल पॉम खेती से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।




## दुर्घटना में घायलों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में घायलों को 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा पोस्ट कोड़िया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप की विगत 07 फरवरी 2023 को ''टक्कर मारो और भाग जाओ'' वाहन दुर्घटना के चलते गंभीर उपहति हो गई थी। उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल शौर्य सिंह कश्यप एवं खुमान सिंह कश्यप को प्रतिकर राशि स्कीम 2022 के तहत सोलेशियम प्रतिकर के रूप में कलेक्टर द्वारा 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## मोरिद में भिलाई-चरौदा निगम ने लगाया जनसमस्या निवारण पखवाड़ा

# गनियारी और मारिद सहित सोमनी वार्ड के भी नागरिकों ने उठाया शिविर का लाभ

**पायनियर संवाददाता < भिलाई-3**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विभाग से प्राप्त निर्देश एवं जिला प्रशासन दुर्ग के मार्गदर्शन में भिलाई-चरौदा निगम द्वारा 10 जनसमस्या निवारण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत 27 जुलाई 2024 से की गयी। इस क्रम में दसवें शिविर का आयाेजन गुरूवार को वार्ड क्र.- 39 मोरिद के कर्मा भवन में किया गया, जिसमें वार्ड क्र.-38 सोमनी, वार्ड क्र.-39 मोरिद तथा वार्ड क्र.- 40 गनियारी के रहने वाले नागरिकों द्वारा अपनी मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये गये। निगम प्रशासन द्वारा प्रत्येक शिविर में प्राप्त हुये आवेदनों में से सफई कार्य, राशन कार्ड में नाम जोड़ने व विलोपित किये जाने, विद्युत संधारण, अतिक्रमण, बेजा कब्जा, पाईप लाईन संधारण से जुड़े शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदनकर्ताओं की समस्या का निवारण किया गया। साथ ही साथ विकास एवं निर्माण कार्य से संबंधित प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किये जाने की कार्यवाही जारी है। मोरिद के शिविर में पहुंचे निगम महापौर निर्मल कोसरे ने काऊंटरों में जाकर वहाँ उपस्थित विभागीय कर्मचारियों से शिविर में प्राप्त हो रहे आवेदनों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुये हर प्रकरण पर शीघ्र निराकरण करने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये गये। स्वास्थ्य परीक्षण काऊंटर पर कोसरे एवं निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत का रक्तचाप एवं शुगर परीक्षण रूलर हेल्थ केयर ऑफिससर मनोरमा बंछोर एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता पूजा गायकवाड़ द्वारा किया गया। शिविर में कुल 138 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे से 42 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है, जबकि शेष 96 आवेदनों पर शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता डी.के.पाण्डेय, उपअभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता मुकेश चन्द्राकर, उपअभियंता किसलय साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, ये सभी अधिकारी शिविर में उपस्थित रहे। शिकायत पंजीयन काऊंटर पर सहायक ग्रेड-03 सुखनंदन यादव एवं समयपाल तोरण चन्द्राकर द्वारा आवेदनों के संकलन की कार्यवाही की गयी। जबकि राशन कार्ड संबंधी कार्यों के आवेदन कविता यादव द्वारा प्राप्त किये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े आवेदन सहायक ग्रेड-03 मुकेश यादव एवं सीएलटीसी से टिकेन्द्र शर्मा द्वारा स्वीकार किये गये। महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाईज़र उषा मिश्रा समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आजीविका मिशन सामुदायिक संगठक कुंती वर्मा भी शिविर में उपस्थित रही। समयपाल राजेश अचैय्या जलकार्य, राजू वर्मा सहायक ग्रेड-01 द्वारा संपदा विभाग तथा अभिलाषा श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-03 द्वारा जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन काऊंटर पर अपने दायित्व का निर्वहन किया। इनके अलावा आधार पंजीयन आपरेटर पवन सोनी, स्थानीय विद्युत विभाग के प्रतिनिधि वेंकट रमन ने भी जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में कार्य संपादित किया।







## कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला नारायणपुर (छ.ग.)

पत्र क्र./214/जि.नि.समिति/2024-25 नारायणपुर, दिनांक 05/08/2024

### // मैन्युअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''सी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

01. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 28/08/2024 सांय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 05/09/2024 सांय 5.00 बजे तक
03. निविदा खोले जाने की तिथि :- 09/09/2024 अपरांह्न 3.00 बजे तक

| स.क्र. | कार्य का नाम | ठेके की लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जो वापसी योग्य नहीं है।) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहकामेटा में जिर्णोद्धार एवं निर्माण कार्य। | 101.04 | 75780/- | 3000/- |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण/जानकारी कार्यालयीन अवधि में जिला निर्माण समिति नारायणपुर (कार्यालय जिला पंचायत नारायणपुर, द्वितीय तल) से प्राप्त की जा सकती है, एवं आवेदन के साथ लोक निर्माण विभाग का ई-पंजीयन प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है।

नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

G-242501707/6

## संपादकीय

### संपत्ति हस्तांतरण कुछ रियायतें

**संपत्ति हस्तांतरण टैक्स** पर आलोचना के बाद वित्त मंत्री ने भवन स्वामियों को कुछ रियायतें दी हैं। राजग गठबंधन के भीतर से ही सांसदों के व्यापक दबाव व आलोचना के कारण केन्द्र सरकार ने संपत्ति हस्तांतरण पर लगने वाले कर में कुछ राहत देने का निर्णय किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में घोषणा की थी कि दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ पर टैक्स की दरें 20 प्रतिशत से घटा कर 12.5 प्रतिशत की गई हैं, पर इन पर कोई 'इंडेक्सेशन लाभ' नहीं मिलेगा। लेकिन सांसदों तथा रियल इस्टेट क्षेत्र में कार्यरत लोगों के काफी विरोध के बाद अब वित्त विधेयक, 2024 में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार अब करदाता टैक्स की गणना पुरानी योजना में इंडेक्सेशन लाभ के साथ 20 प्रतिशत या नई योजना में बिना इंडेक्सेशन लाभ के 12.5 प्रतिशत के आधार पर कर सकता है। इनमें से जो कम हो वही लागू होगा। इंडेक्सेशन का अर्थ मुद्रास्फीति के आधार पर खरीद मूल्य तय करना है जिसमें कर्ज फंड की तरह निवेशों से लाभ पर कर दायित्व घट जाता है। सरकार ने दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ से इंडेक्सेशन लाभ हटा कर कर योग्य लाभ बढ़ा दिया था। इससे दीर्घकालीन निवेशों पर मुद्रास्फीति के कारण कमी का प्रभाव नहीं पड़ता है। इस समायोजन से बजट के बाद सरकार के कठोर दृष्टिकोण में काफी रियायत का संकेत मिलता है। मंत्रालय के अधिकारियों का तर्क था कि नई कर व्यवस्था में बिना इंडेक्सेशन लाभ के कम टैक्स दर से सभी मामलों में लोगों को लाभ होगा। लेकिन उद्योग विशेषज्ञों की राय इस बारे में अलग थी। उद्योग संस्थाओं ने इस प्रस्ताव पर पुन: विचार का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि इंडेक्सेशन लाभ हटाने का अर्थ पहले संपत्तियां खरीद चुके लोगों के लिए 'पूर्वगामी टैक्स परिवर्तन' होगा। उनका कहना था कि इससे खासकर उन लोगों को नुकसान होगा जिन्होंने ऐसी परिसंपत्तियों में निवेश किया है जिनकी पिछले वर्षों में कीमतें ज्यादा नहीं बढ़ी हैं। बहुत से लोगों को यह आशंका भी थी कि दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ से इंडेक्सेशन लाभ को हटाने से मुंबई रियल इस्टेट बाजार में सपंत्तियों का हस्तांतरण धीमा हो जाएगा। इसके कारण पूरे देश के रियल इस्टेट बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही अनेक सांसदों ने सरकार से इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार का अनुरोध किया था। वित्त विधेयक पर लोकसभा में बहस के दौरान टीडीपी सांसद लव श्रीकृष्ण देवरायलु ने अन्य सांसदों की चिन्ता का साझा करते हुए जोर दिया था कि इस मुद्दे का संबंध करदाताओं की मेहनत से कमाई संपत्ति से है और इसका सर्वाधिक प्रभाव मध्य वर्ग के लोगों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मध्य वर्ग रियल इस्टेट को सुरक्षित निवेश मानता है और इसलिए उसे सुरक्षा दी जानी चाहिए। वास्तव में उनका कहना सही है। मध्य वर्ग मूल्यवृद्धि और बढ़ती बेरोजगारी से कष्ट झेल रहा है। ऐसे में यदि उसके छोटे निवेशों और बचत पर नकारात्मक प्रभाव पड़े तो उसके पास कुछ नहीं बचेगा। करदाताओं को दो कर व्यवस्थाओं में पसंद का विकल्प देने से उनकी चिन्ता कम होगी और कुछ राहत मिलेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया जाना चाहिए कि उन्होंने करदाताओं तथा खासकर मध्य वर्ग के करदाताओं को राहत देने का प्रयास किया है। इससे छोटे और मध्यवर्गीय भवन स्वामियों को काफी राहत मिलेगी। वित्त विधेयक में संशोधन के बाद अब उनको रियल इस्टेट क्षेत्र में दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ कर के मामले में ज्यादा संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का अवसर मिलेगा।



# राहुल गांधी की प्रभावशीलता?

विरोधी दल के नए नेता के रूप में राहुल गांधी की प्रभावशीलता का आंकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन उनका शुरुआती प्रदर्शन ठीक लग रहा है।

कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





विरोधी दल के नए नेता के रूप में राहुल गांधी की प्रभावशीलता का आंकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। लेकिन उनका शुरुआती प्रदर्शन ठीक लग रहा है। विपक्ष के नए नेता-एलओपी के रूप में राहुल गांधी का मूल्यांकन करना अभी बहुत जल्दबाजी होगी, हालांकि अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि वे अपनी नई भूमिका को देखते हुए परिपक्व हो रहे हैं। संसद का वर्तमान बजट सत्र कुछ दिन में समाप्त हो जाएगा, ऐसे में उनके नेतृत्व को समझने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता होगी। लेकिन विपक्षी दल के नेता के रूप में उनकी शुरुआत अच्छी रही है। लोकसभा चुनाव में विजय पाने के बाद राहुल गांधी सदन के भीतर और बाहर मजबूती प्रदर्शित कर रहे हैं।

यह विपक्ष के नेता के रूप में उनके लिए उपयुक्त भी है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों ने इस दौरान राहुल की परिपक्वता के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की हैं। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमर्त्य सेन ने हाल ही में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के दिनों से लेकर आज तक राहुल गांधी की विकास यात्रा की चर्चा की है। अमर्त्य सेन ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि राहुल गांधी पिछले वर्षों में परिपक्व हुए हैं। राहुल गांधी मानते हैं कि उनकी असली परीक्षा संसद में नेता विरोधी दल की भूमिका निभाने पर निर्भर करेगी। 2004 में अपने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने के लगभग चौथाई शताब्दी बाद राहुल गांधी पहली बार नेता विरोधी दल बने हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग एक दशक तक लोकसभा में कोई नेता विरोधी दल नहीं रहा है क्योंकि विपक्ष के पास पिछले दो लोकसभा चुनावों के बाद इतनी संख्या नहीं थी कि वह नेता विरोधी दल बनाने का दावा पेश कर सके। राहुल गांधी के नेता विरोधी दल-एलओपी बनने के बाद हालिया बजट सत्र उनके पहले प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस सत्र में उन्होंने अपनी पार्टी और विपक्ष के नेता की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अपने ऊपर ज्यादा जिम्मेदारियां ली हैं।

राहुल गांधी अब नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष का दृष्टिकोण सामने रखने का प्रयास करते हैं। यह उनके लिए नई भूमिका है। इस दौरान उन्होंने विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया है, मोदी सरकार के खिलाफ प्रभावशाली भाषण दिए हैं तथा सदन में अपने प्रयासों को बल देने के लिए सहयोगियों के साथ निकट सहयोग बनाने हेतु प्रयास किए हैं। सदन में 'इंडिया' में शामिल व अन्य सहयोगी दलों के साथ समन्वय के प्रयास उन्होंने किए हैं। उन्होंने हालिया बजट सत्र के दौरान जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ध्यान दिया है और वे जनता के विभिन्न समूहों के साथ मेलजोल बढ़ाने व उन तक पहुंचने के प्रयास कर रहे हैं।

हालिया बजट सत्र में नेता विरोधी दल के रूप में राहुल गांधी ने अपनी पार्टी और विपक्ष का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन प्रयासों के अंतर्गत राहुल गांधी ने सहयोगियों के साथ सहयोग करते हुए विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया है तथा मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रभावशाली भाषण दिए हैं। आम जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए राहुल गांधी ने उन तक अपनी पहुंच बढ़ाई है। राहुल गांधी का कार्यालय अब लगभग एक दर्जन प्रमुख लोगों की टीम बन गया है। उनकी इस टीम का नेतृत्व महासचिव के.सी. वेणुगोपाल करते हैं और इसमें सैम पित्रोदा, सुनील कानुगोलू, के. बुजू, बी. श्रीवत्स, मनिकम टैगोर, अलंकार सवाई तथा कौशल विद्यार्थी शामिल हैं। राहुल गांधी की यह टीम उनकी राजनीतिक गतिविधियों और चुनाव रणनीतियों का प्रबंधन करती है। इसके साथ ही यह टीम लाजिस्टिक व सोशल मीडिया का प्रबंधन भी करती है।

पिछले वर्षों में राजनीतिक क्षेत्र में राहुल के विकास और उनमें आए परिवर्तनों के कारण अब वे ज्यादा विश्वास से भरे नेता के रूप में दिखने लगे हैं। यह अतीत की उस स्थिति से एकदम उलट है जब उनकी छवि एक अनिच्छुक व हिचकने वाले राजनेता की बन गई थी। यह परिवर्तन राहुल गांधी की राजनीतिक यात्रा में दिखने लगा है। अब राहुल गांधी अपनी भूमिकाओं में ज्यादा विश्वास और आक्रामकता प्रदर्शित करते हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों के बाद अब 18वीं लोकसभा में कांग्रेस सांसदों की संख्या बढ़ने के साथ ही विपक्षी सदस्यों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 2024 के आम चुनाव में उनके सहयोगियों की सफलता ने भी राहुल गांधी में विश्वास पैदा किया है और अब वे एकता की शक्ति समझने लगे हैं।

पहली बार विपक्ष के नेता-एलओपी के रूप में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा था, 'जहां सरकार के पास राजनीतिक शक्ति है, वहीं विपक्ष के पास भी भारतीय जनता की आवाज का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता है। इस बार पिछली बार की तुलना में विपक्ष ज्यादा बड़ी संख्या में भारतीय जनता की आवाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है।' राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करने पर सत्तारूढ़ दल की ओर से तीखी प्रतिक्रियायें सामने आईं। नेता विरोधी दल-एलओपी के रूप में राहुल गांधी के पहले भाषण पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से तीखी प्रतिक्रिया सामने आई। संभवत: यह पिछले दस साल में मोदी की सबसे तीखी प्रतिक्रियाओं में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे पूरे हिंदू समाज को 'हिंसक' बता रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'लोकतंत्र और संविधान ने मुझे सिखाया है कि नेता विरोधी दल को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।'

राहुल गांधी की आलोचनाओं पर मोदी की प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि संसद में माहौल संभवत: बदल गया है और इस कारण तनाव भी बढ़ा है। राहुल गांधी मोदी सरकार द्वारा आम आदमी पार्टी-'आप' नेता अरविंद केजरीवाल और झारखंड मुक्ति मोर्चा-जेएमएम नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के निर्णय के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने ऐसे कदमों को भाजपा द्वारा विपक्षी दृष्टिकोणों को कुचलने का प्रयास बताते हुए इनका विरोध किया। कांग्रेस और विरोधी दल के नेता राहुल गांधी के इस दृष्टिकोण के कारण संसद में सत्तारूढ़ दल के लिए तनाव बढ़ गया है। हालिया लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में राहुल गांधी ने रणनीतिक रूप से सार्वजनिक सभाओं में संविधान का एक छोटा लाल रंग का पाकेट बुक संस्करण बार-बार दिखाया। अपने इस कदम से उन्होंने प्रभावी रूप से अपना यह दृष्टिकोण पेश करने का प्रयास किया कि 'संविधान को भाजपा से खतरा है।' उनके द्वारा संविधान की प्रति बार-बार दिखाने से उनको आरक्षण लाभार्थियों का समर्थन पाने में आसानी हुई।

पिछले दो दशक से सांसद होने के बावजूद राहुल गांधी को अच्छा सांसद नहीं समझा जाता था। उन्होंने केवल 99 सवाल पूछे थे, 26 बहसों में भाग लिया था और वे महत्वपूर्ण अवसरों पर हमेशा उपस्थित भी नहीं रहते थे। 2014 से वे उल्लेखनीय रूप से बजट सत्रों में अनुपस्थित रहे थे या केवल कभी-कभी दिखते थे। वे अक्सर पार्टी को संकट की स्थिति में छोड़ कर विदेश जाते रहे हैं। लेकिन इस बार ऐसा लगता है कि नेता विरोधी दल-एलओपी बनने के बाद राहुल गांधी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल गांधी की भावी सफलता उनके राजनीतिक नियोजन पर निर्भर करेगी।

अतीत में उन्होंने अनेक अवसर खोए हैं। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दस साल के शासनकाल में वे प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री बन सकते थे और उनको बार-बार ऐसे प्रस्ताव दिए भी गए थे, लेकिन उन्होंने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए। इसके साथ ही वे पार्टी अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस को मजबूत कर सकते थे, पर उन्होंने 2019 में पराजय के बाद पार्टी अध्यक्षता से त्यागपत्र दे दिया था। लेकिन अपनी वर्तमान भूमिका में राहुल गांधी अपनी क्षमता प्रदर्शित कर रहे हैं। उनको इस अवसर का लाभ उठाते हुए भावी राजनीतिक चुनौतियों का पूरे विश्वास के साथ सामना करना चाहिए। नेता विरोधी दल-एलओपी के रूप में राहुल संसद में अपनी आवाज मजबूती से सामने रख सकते हैं। इससे जनता में उनके तथा उनकी पार्टी के प्रति विश्वास पैदा हो सकता है।

# जीवन को बदल सकती हैं आध्यात्मिक क्रियाएं

> कई अध्ययनों में यह देखा गया है कि जप मस्तिष्क में सकारात्मक परिवर्तन को उत्तेजित करता है।

अजीत कुमार बिश्नोई
(लेखक आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं)



हम हमेशा भौतिक कार्य करते रहते हैं जैसे खाना, सोना, विहार (मनोरंजन) और हां, काम। हममें से कुछ लोग कुछ आध्यात्मिक अभ्यास भी कर रहे होंगे। ऐसा बेमेल क्यों है? क्योंकि ज़्यादातर लोगों को यह एहसास नहीं है कि आध्यात्मिक अभ्यास मनुष्य के लिए कितने फ़ायदेमंद हैं। आगे पढ़ें और आप सहमत होंगे।

मैंने इस लेख के लिए दस सामान्य आध्यात्मिक अभ्यास चुने हैं। उन्हें करना आसान है और लगभग हर कोई उन्हें करके लाभ उठा सकता है। प्रार्थना से शुरू करते हैं, इसे करना इतना मुश्किल क्या है? परिवार में कोई बीमार है और परिवार का कोई सदस्य उसके जल्दी ठीक होने के लिए प्रार्थना करता है। छोटे बच्चे भी अपनी मां के बीमार होने पर उसके लिए प्रार्थना करते हैं। तब क्या होता है? भगवान उनकी सुनते हैं, क्योंकि उनकी आंखें और कान हर जगह हैं। (भगवद-गीता 13.13)

भगवान की प्रतिक्रिया क्या है? उन्हें कई कारकों पर विचार करना होगा जैसे कि जिस व्यक्ति के लिए प्रार्थना की जा रही है वह क्या पाने का हकदार है, इसका परिवार के अन्य सदस्यों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, कौन प्रार्थना कर रहा है, आदि। एक प्रतिक्रिया होगी, जो सब कुछ ध्यान में रखते हुए उचित होगी। हमें याद रखना चाहिए कि भगवान 'बड़ी तस्वीर' जानते हैं, जिसमें भूत, वर्तमान और भविष्य भी शामिल है।

भगवान चाहे जो भी तय करें, ईमानदारी से प्रार्थना करने से अहंकार पर लगाम लगती है, जिससे व्यक्ति विनम्र बनता है - दूसरों के साथ ठीक से व्यवहार करने के लिए यह एक आवश्यक गुण है। प्रार्थना करना भगवान की शरण लेने के लिए भी एक अच्छी शुरुआत है - यह सर्वोच्च आध्यात्मिक गतिविधि है। भगवान



के नाम और मंत्रों का जाप सभी धर्मों में काफी आम है। मस्तिष्क पर जप के प्रभावों को देखने के लिए कई अध्ययन किए गए हैं। उन्होंने पाया है कि जप मस्तिष्क में सकारात्मक परिवर्तन को उत्तेजित करता है। 'ओम' ध्वनि वाले मंत्र विशेष रूप से उपयोगी हैं। भगवान के नाम भी इसी तरह के लाभ लाते हैं। जब हम भगवान का नाम लेते हैं, तो उन्हें जवाब देना चाहिए। क्या भगवान कृष्ण ने द्रौपदी की पुकार - कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण का जवाब नहीं दिया? भगवान हमें कैसे जवाब देते हैं यह फिर से इस बात पर निर्भर करता है कि हम क्या पाने के लायक हैं और हमारे लिए क्या अच्छा होगा। 'दर्शन' - देवता के रूप में भगवान की 'मूर्ति' या कृष्ण, राम आदि जैसे भगवान के किसी अवतार की तस्वीर देखना बहुत उपयोगी है। यह मेरा प्रिय आध्यात्मिक कार्य है। मैंने अपने बिस्तर के दाहिनी ओर भगवान कृष्ण की एक बड़ी तस्वीर टांग रखी है। मैं बस आराम से बैठकर या लेटकर भगवान के आकर्षक चेहरे को देखता रहता हूँ। भगवान कृष्ण ने आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने को आनंददायी माना है। (9.2) भगवान से बेहतर संगति और क्या हो सकती है? मेरे भगवान मेरे अपने हो गए हैं। और वे मुझे कई तरह से पुरस्कृत करते हैं। मेरे अंदर %आत्मबल% (आंतरिक शक्ति) प्रवाहित होती है। इस शक्ति ने - सभी शक्तियों की जननी - मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। मैं इस दुनिया के अपरिहार्य दुखों को भी बेहतर तरीके से सहन करने में सक्षम हूं। ध्यान दुनिया भर में काफी लोकप्रिय हो रहा है।

लोग इस आध्यात्मिक अभ्यास के अपार लाभों को देखने लगे हैं। भगवान कृष्ण ने इसकी जोरदार सिफारिश की है। श्लोक स 6.35 में, भगवान कहते हैं, अभ्यास से मन को वश में किया जा सकता है। श्लोक स 12.8 में, वे हमें बताते हैं कि हमारा मन कहाँ स्थिर होना चाहिए, यानी केवल उनमें। (12.8) श्लोक स 18.65 में, भगवान हमें अपनी चेतना विकसित करने के लिए कहते हैं। फिर, क्या होगा? हम भगवान में होंगे, अर्थात् उनके अंश बनेंगे। (9.29) क्या इससे बढ़कर कुछ हो सकता है? भगवान के बारे में सुनना भी एक महान कार्य है। भगवान कृष्ण यहाँ तक संकेत करते हैं कि दूसरों से सुनने में समर्पित लोगों को भी बहुत लाभ होगा। (13.25) बहुत से लोग हैं, जो आध्यात्मिक सत्यों से परिचित हैं। सत्संग उन लोगों का मिलन है, जो आध्यात्मिक सत्यों से परिचित हैं। और मेरे भक्तों में से परम ज्ञान (आध्यात्मिक लाभ) के उपदेशक मुझे सबसे अधिक प्रसन्न करते हैं। (18.69) यह भगवान के प्रति सर्वोच्च भक्ति है।

जब भी हमारे साथ कुछ अच्छा होता है, तो भगवान को याद करना और उनका धन्यवाद करना बहुत लाभकारी है; वे हमें ऐसे और अधिक पुरस्कारों के योग्य बनाते हैं। हम ऐसे कार्य क्यों नहीं करते? क्योंकि हम लगभग पूरी तरह से भौतिक कार्यों पर केंद्रित हैं। हम सभी आध्यात्मिक कार्य कर सकते हैं - आध्यात्मिक और भौतिक दोनों तरह के महान लाभों को देने वाले।

## आप की बात

### फोगाट का दुर्भाग्य

**विनेश फोगाट** ने पेरिस ओलिंपिक के फइनल में पहुंचकर सफ्लता हासिल की, लेकिन अतिरिक्त वजन के कारण अयोग्य घोषित कर दी गई। यह पूरी तरह सपोर्ट स्टाफ की बड़ी लापरवाही का नतीजा है। इसकी गहराई से जांच के लिए सभी जिम्मेदार लोगों को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। 2016 ओलंपिक में भी विनेश फोगाट को वजन की वजह से डिस्क्वालीफाई कर दिया गया था। एक ग़लती दो बार दोहराना नासमझी की बात है। उन्हें अपने वजन को लेकर पहले से सतर्क रहना चाहिए था। विजय के एकदम नजदीक जाकर टेक्निकल मिस्टेक के चलते गोल्ड मेडल से वंचित रह जाना 140 करोड़ भारतीयों का दिल तोड़ गया है। विनेश ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अगले ओलंपिक तक उनकी उम्र भी बढ़ जाएगी। विनेश फोगाट के दुर्भाग्य से सभी खिलाड़ियों के साथ देश के खेल प्रशासकों व मंत्रालय को भी सबक लेना चाहिए। खिलाड़ियों को उनके सर्वोत्तम प्रदर्शन का मौका देने के सर्वोत्तम अवसर व साधन उपलब्ध कराने के साथ ही उन पर अत्यधिक शारीरिक व मानसिक दबाव डालने से बचना चाहिए। आखिर सभी खिलाड़ी मनुष्य होते हैं और उनसे मशीनों जैसी उम्मीद करना या उनकी जिंदगी को मशीन बना देना किसी प्रकार भी उचित नहीं कहा जा सकता है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### खुर्शीद का बेतुका बयान

**सलमान खुर्शीद** ने कहा कि जो बांग्लादेश में हुआ वह भारत में भी हो सकता है। एक पूर्व विदेश मंत्री से ऐसे बेतुके बयान की उम्मीद नहीं थी। अच्छा है कि कांग्रेस ने ही उनके बयान से किनारा कर लिया है। पूर्व विदेश मंत्री को देशहित का ध्यान रखते हुए ऐसे अनर्गल, अव्यावहारिक व विरोधाभाषी बयानों से बचना चाहिए। कांग्रेस के मध्य प्रदेश अध्यक्ष ने भी ऐसा ही बयान दिया है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इनके सुर में सुर मिलाया है। इन बयानों से लगता है कि कांग्रेस तथा विपक्ष के कुछ नेता अंध मोदी-विरोध में देश-विरोध तक पहुंच जाते हैं। उनके ऐसे बयान देश-विरोधी शक्तियों को भड़काने का काम कर सकते हैं। भारत की धर्मनिरपेक्षता, मजबूत लोकतंत्र, मजबूत विपक्ष, स्वतंत्र मीडिया तथा शक्तिशाली व तटस्थ न्यायपालिका देश में बांग्लादेश जैसी स्थितियां नहीं आने देगी। भारतीय सेना के लगातार अ-राजनीतिक रहने का रिकार्ड सबके सामने है। इसके उलट पाकिस्तान व बांग्लादेश में सैनिक विद्रोहों का इतिहास है। भारत सरकार किसी प्रकार के कट्टरपंथियों को बढ़ावा भी नहीं दे रही है। भारत आर्थिक रूप से मजबूत होता जा रहा है। ऐसे में नेताओं को ऐसे बेतुके बयानों से बचना चाहिए।

**- महेश नेनावा**, इंदौर

### हिंदू-विरोधी हिंसा

**बांग्लादेश** में हो रही हिंसा को लेकर भारत को कड़ा और कठोर रुख अपनाना चाहिए। बांग्लादेश के आंदोलन से वहां के निर्दोष हिन्दुओं और मंदिरों का कोई लेना-देना नहीं था। किसी हिन्दू ने वहां के मामलों में न तो कोई कोई बयान दिया था और न ही आरोप लगाया था। फिर हिंसा का निशाना आखिर हिन्दुओं को क्यों बनाया जा रहा है? भारत के लोगों को भी इस परिघटना पर विचार करना चाहिए। विशेष रूप से हिंदुओं को समझना होगा कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है। आखिर किसी भी मुस्लिम-बहुल देश में हिन्दुओं को ही निशाना क्यों बनाया जाता है? बांग्लादेश में प्रताड़ित हो रहे हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाए जाने चाहिए। भारत में शरण मांगने और भारतीय नागरिकता मांगने वाले बांग्लादेशी हिंदुओं की सहायता की जानी चाहिए। बांग्लादेश के अलावा अन्य देशों में भी हिंदुओं को बार-बार हिंसा का शिकार होना पड़ता है। ऐसे में हिंदू समाज को लंबे समय तक उत्पीड़न का शिकार रहे यहूदी समाज से सबक लेकर स्वयं को सारी दुनिया में समृद्ध बनाने के साथ शक्तिशाली बनाने और अपने दुश्मनों का सफाया करने की रणनीति पर विचार करना चाहिए। हिंदू संगठनों को इस दिशा में सक्रिय होना चाहिए।

**- अंकित सोनी**, मनावर

### कोचिंग व्यवसाय

**इन दिनों** देश भर में छोटी कक्षा से लेकर बड़ी कक्षा तक के छात्रों के लिए कोचिंग व्यवसाय काफी फल फूल रहा है। इस कोचिंग व्यवसाय में अधिकांश शिक्षकों के पूर्णत: प्रशिक्षित होने पर संदेह बना रहता है। कोचिंग संस्थानों में छोटे-छोटे कमरों में अधिकाधिक छात्र भरने की प्रवृत्ति रहती है जिससे इनका स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कोचिंग संस्थानों में आग, पानी या अन्य आपदाओं से सुरक्षा की भी चिन्ता नहीं की जाती है। दिल्ली व अन्य स्थानों पर हम इसके दुष्प्रभाव देख चुके हैं। कोचिंग चलाने वालों का तो सीधे-सीधे व्यवसाय पैसा कमाना है और उनको बच्चों की सुख सुविधाओं का कतई ध्यान नहीं है। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जब पाठ्य पुस्तकों, पाठ्यक्रम, शिक्षक प्रशिक्षण, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं, आदि की मुख्यधारा शिक्षा व्यवस्था में पूरी व्यवस्था की जाती है तो छात्रों को कोचिंग की जरूरत ही क्यों पड़ती है? वास्तव में कोचिंग प्रणाली हमारी पूरी शिक्षा व्यवस्था पर कलंक है। इसे समाप्त करने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों के साथ शिक्षकों, शिक्षाविदों और प्रशासकों के बीच समुचित संवाद जरूरी है।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जान जोखिम में डालकर भविष्य संवारने में जुटे हैं डालामौहा आंगनबाड़ी के बच्चे





पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार छोटे-छोटे बच्चों को प्री नर्सरी की शिक्षा देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना किया है साथ ही अच्छे विकास, पोषण और आरंभिक शिक्षा के पीछे बड़े पैमाने पर पैसे बहा रही है। इस काम के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रहीं है। ऐसे में बहुत सारे आंगनबाड़ी तो सुचारू रूप से संचालित होते हैं, लेकिन कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र भी हैं, जिनकी स्थिति देखकर प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लग जाते हैं। विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत डालामौहा के आंगनबाड़ी केंद्र पुराना होने के कारण अत्यंत जर्जर और बदहाल हो चुके हैं। बारिश के कारण छत से पानी टपक रहा है बच्चो को बैठाने की जगह नहीं है इसके बाद भी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है, जिसे नौनिहाल बच्चों के लिए सिर पर खतरा मंडरा रहा है। पुराना होने के कारण भवन के दीवाल और छत क्षतिग्रस्त हो चुके है। वहीं देखरेख के अभाव में आंगनबाड़ी भवन का नींव कमजोर पड़ गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की दर्ज संख्या लगभग सौ से अधिक है। नौनिहाल बच्चों की सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने जर्जर भवन की जानकारी अपने उच्चाधिकारी और सरपंच सचिव को दे चुके है। बाबजूद व्यवस्था ने कोई सुधार नहीं हो रहा है।

### अनेक केंद्र है जर्जर

कुकदूर परियोजना अंतर्गत बहुत से आंगनवाडी भवन है जर्जर हो गया है। कुकदुर एकीकृत बाल विकास परियोजना में बैगा आदिवासी लोगो की संख्या बहुतायत है। बाबजूद ज़िम्मेदार ध्यान नही देते। यहां पर कोई सक्षम अधिकारी भी नही है जो नियमित निरीक्षण कर सकें। परियोजना पर्यवेक्षकों के भरोसे है।

### जानकर अनजान बने हैं जिम्मेदार

केंद्र की बदहाली को ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत सहित सभी जिम्मेदार लोगो को दे दिया है सभी लोग नजरअंदाज कर रहे हैं। कार्यकर्ता ने बताया कि वो कई बार पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा चुकी हैं लेकिन अबतक किसी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र में हादसे का डर बना रहता है। भवन इस कदर जर्जर है, कि कभी भी कोई भी घटना दुर्घटना हो सकती है। आंगनबाड़ी केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। नौनिहाल जर्जर भवन में कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। आने वाले भविष्य में यदि कोई अनहोनी हो जाए, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

### जानकारी के बाद भी सुधार नहीं

कार्यकर्ता ने बताया कि ग्राम डालामौहा में आंगनबाड़ी केवल एक ही केंद्र संचालित है, जिसमें शिशुवती 08, गर्भवती 04, 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चे 41, 6 माह से 3 वर्ष 39 और 0 से 06 माह की बच्चो की 08 है साथ ही माध्यम कुपोषित 02 और गंभीर कुपोषित 01 बच्चे है दर्ज है। बच्चे प्री नर्सरी और प्राथमिक शाला जाने के पूर्व की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जर्जर भवन के मरम्मत व नव निर्माण को लेकर कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में भवन जर्जर होने के कारण कभी भी अनहोनी को लेकर सहमे रहते हैं।

## दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 में जनसमस्या निवारण शिविर आज

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगो एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय सहित नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित होने वाली जन समस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 हेतु वार्ड क्रमांक 24 राधाकृष्ण मंदिर के पास जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं से अवगत होने एवं शासन के विभिन्न कार्यक्रमों का आंकलन किया जाएगा। शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामातंरण, स्वरोजगार के प्रकरण, तथा नल लिकेज, नलों में पानी का ना आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई, टूटी-फूटी नालियों का मरम्मत, स्ट्रीट लाईट जैसे समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। शिविर में करदाताओं से करों की भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

## शिव संस्थान दल्ली राजहरा में कावड़ यात्रा का आयोजन 12 अगस्त को




पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शिव संस्थान दल्ली राजहरा में सावन के चौथे सोमवार सावन शुक्ल अष्टमी 12 अगस्त 2024 को कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। इस कावड़ यात्रा में प्रथम सोमवार को बाबा बैजनाथ धाम यात्रा में गए कांवड़ियों के द्वारा उत्तर वाहिनी गंगा से जल लेकर बाबा बैजनाथ को जल अभिषेक किया गया एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी से श्री राम लला का दर्शन कर लौटे श्रद्धालु भी सम्मिलित होंगे। यह कावड़ यात्रा 12 अगस्त दिन सोमवार को सुबह 11 बजे शिव संस्कार धाम से कावड़ लेकर बजे गाजे बाजे के साथ निकलेगी जो की दल्ली राजहरा के मां झरन मंदिर पुराना बाजार स्थित झरण कुंड से जल लेकर शिव शंकर धाम स्थित महादेव का जल अभिषेक करेंगे। इस जल अभिषेक के बाद शिव संस्कार धाम में रुद्राभिषेक भी होगा। शिव संस्कार धाम एवं बोल बम कांवरिया समिति के द्वारा ने इस महा आयोजन में पूरे दल्ली राजहरा के निवासियों को आमंत्रण किया है। बोल बम कांवडिया समिति शिव संस्कार धाम सेवा समिति उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल का आप भी जल अभिषेक कर अपने परिवार तथा शहर की के सुख शांति और खुशहाली की कामना करें।

## नगर में अनेक वार्डों में महिलाओं ने उल्लास पूर्वक मनाया हरेली तिहार




पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रथम पर्व हरेली तिहार नगर में महिलाओं के समूहों ने स्वस्फूर्त उमंग, उत्साह, उल्लास पूर्वक विभिन्न वार्डों में मनाया। वार्ड क्रमांक 8 शांति नगर सामुदायिक भवन में वर्षा वर्मा, पूजा वर्मा, श्रद्धा वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, ज्योति मिश्रा, संगीता द्विवेदी, लक्ष्मी साहू, नम्रता साहू, जागेश्वरी साहू, नीता साहू, सीमा सेन, रिंकी सेन, निधि राजपूत, प्रिया वर्मा, ज्योति सिन्हा तथा वार्ड क्रमांक10 शंकर नगर में अनुराधा थापा, बीना कुर्रे, ज्योति कुर्रे, सुनीता शुक्ला, उमेश्वरी बनछोर, शीतल साहू, प्रेमा साहू, सुनीता कोसरे, लक्ष्मी साहू इत्यादि महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत गाए और नृत्य किया। एक समान अपने परिधान में हथेलियों में चटक मेंहदी के साथ मनमोहक नृत्य किया तथा एक दूसरे को हरेली तिहार की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

## 13 अगस्त को होगा जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 से 15 अगस्त, 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ज़िले के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों को गतिविधियाँ संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने ज़िले वासियों से घर -घर पर पूरे सम्मान और नियम के साथ भारतीय झंडा फहराने की अपील की है साथ ही तिरंगा मेले स्थानीय कारीगरों का समर्थन करेंगे और उत्सव के माहौल में योगदान देंने को कहा हैं।उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा सुबह 7 बजे से शुरू होगी जो शहरी क्षेत्र के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों से होकर निकलेगी। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल -कॉलेज के विद्यार्थी, डाइट के बच्चे, ज़िले के अधिकारी-कर्मचारी बैंड की धुन के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में 09 से 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, सेल्फी विथ तिरंगा, कैनवास कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में 'हर घर तिरंगा' और ''जय हिन्द'' लिख सकेंगे। आयोजन स्थल पर तिरंगा झंडे, वस्त्र, खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। प्रतिभागियों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिन्हें हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। प्रमाणपत्रों को सोशल मीडिया पर HarGhar Tiranga HGT2024 के साथ साझा किया जायेगा।

## हत्या के प्रकरण को 24 घंटे के भीतर सुलझाने में बेरला पुलिस को मिली सफलता

### प्रेमी ही निकला प्रेमिका का हत्यारा, प्रेम प्रसंग में पैसों की अत्यधिक मांग बनी हत्या की मुख्य वजह

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



हत्या के मामले को 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाने में सफलता हासिल किया हत्या करने वाला अपने प्रेमी निकला। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बोरिया सरपंच रामसिंग गायकवाड थाना उपस्थित आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये कि शाम को उनको सूचना प्राप्त हुई कि बेरला अहिवारा मुख्य मार्ग पर भैसबोड बोरिया स्थित हनुमान मंदिर के पीछे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है जिसका गला चाकू से रेतने के कारण अत्यधिक खून निकला हुआ है, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बेरला मे अपराध क्रमांक 244/2024 धारा 103(1) बी.एन. एस कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटना के संबंध में तत्काल अधिकारियों पुलिस अधीक्षक महोदय बेमेतरा रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बेमेतरा ज्याति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल को अवगत कराने पर घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी गण तथा सीन आफ क्राईम यूनिट दुर्ग के प्रभारी मोहन पटेल द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी बेरला को अज्ञात मृतक महिला तथा अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार बेरला थाना पुलिस स्टाफ द्वारा स्थानीय आसूचना संकलन व मृतिका के शव के पास से बरामद काले रंग का आईटेल कंपनी का की-पेड मोबाईल जिसमे 7222929118 नंबर का सीम लगा हुआ था तथा शव के पास पड़े भूरे रंग के बैग में एक रसीद प्राप्त हुई जिसमे रामपाल साहू पिता स्व बिसरू साहू निवासी बैजलपुर बेमेतरा लिखा हुआ था। घटना स्थल से बरामद मोबाइल व रसीद के आधार पर तत्परता से पतासाजी करने पर देर रात मृतिका की पहचान पार्वती ध्रुव पति चंदन ध्रुव उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड नं 22 सत्या नगर कुगदा थाना कुम्हारी जिला दुर्ग के रूप मे हुई जिसके पति चंदन ध्रुव को घटना के संबंध मे सूचित करने पर चंदन ध्रुव हमराह परिजनो के उपस्थित आया जिसके द्वारा बताया गया कि पिछले साल अप्रैल माह मे मृतिका पार्वती ध्रुव ग्राम बैजलपुर के रहने वाले रामपाल साहू के साथ भाग गयी थी और इस साल अप्रैल माह में वापस आयी है मृतिका के पति चंदन ध्रुव के कथन व मृतिका के शव के पास से बरामद मोबाईल की सीडीआर के आधार पर रामपाल साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि पार्वती उसे मिलने के लिये मुरमुंदा बुलाई तब आरोपी रामपाल साहू अपनी मोटर सायकल से मुरमुंदा पहुंचा और मुरमुंदा स्थित बर्तन दुकान से चाकू खरीदकर पार्वती से मिलने गया तो वह कान की सोने की खूटी दिलाने के लिये उससे जिद करने लगी तो वह उसको बोला कि अभी पैसा नही है, मै सोने का सामान नही दिला सकता अभी साडी खरीद लो तो पार्वती नही मानी और सोने की कान की खूंटी खरीदने के लिए जिद करती रही और फिर जब दोनो मुरमुंदा से कारोकन्या मंदिर बेरला के तरफघूमने आये तब कारो कन्या मंदिर पहुंचने पर पार्वती आरोपी को बोली कि जब सोने का खूंटी नही दिला सकता तो मैं तुम्हारे साथ मंदिर नही जाउंगी और फिर जब कोई सामान खरीद कर देने का औकात नही है तो मिलने क्यो आते हो और अब मैं तुमसे कभी नही मिलूंगी तब रामपाल को बहुत ज्यादा गुस्सा आ गया और घटनास्थल में हनुमान मंदिर के पीछे बहाना से पार्वती को ले जाकर चाकू से गला रेत कर हत्या कर घटना स्थल से फरार हो गया और घटना में प्रयुक्त चाकू को अमोरा में शिवनाथ नदी के पास सुनसान जगह में झाड़ी में फेंक दिया। आरोपी रामपाल साहू पिता स्व. बिसरू साहू उम्र 42 साल साकिन संडी रोड आबादी पारा, बैजलपुर थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा द्वारा धारा 103 (1) बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 244/2024 धारा 103 (1) बीएनएस में आरोपी रामपाल साहू को विधिवत् कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दिनेशचंद शर्मा, प्र.आर. लोकेश गौसेवक, दिनेश मंडावी, कुशाल बोरकर, प्रमोद बंजारे, रामेश्वर पटेल, बिरेन्द्र साहू, महेश जांगडे, विजय दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सैगोना में स्वास्थ्य विभाग का घर-घर दस्तक

**बेमेतरा ।** जिले के साजा विकासखंड के ग्राम सैगोना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर डायरिया पीड़ित मरीजों की जांच स्वास्थ्य और स्थिति का आकलन कर सम्पूर्ण उपचार हेतु स्वास्थ्य जांच टीम का गठन किया गया है। स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर जाकर ग्राम सैगोना के 310 घरों में भ्रमण कर ग्रामीणों से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा घरों में क्लोरीन टेबलेट, ओ आर एस के पैकेट दिए गए, साथ में स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा ग्रामीणों को गर्म पानी पीने, एवं खान पान, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई, घर में इलाज चल रहे मरीजों को फॉलो अप किया गया, सभी स्वस्थ है दो मरीज जिनको कल दस्त हुआ था उनको शिविर में दवाई दिया गया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने जानकारी दी कि ग्राम सैगोना में डायरिया की स्थिति अब नियंत्रण में है। स्वास्थ्य टीम में साजा बीएमओ डॉ अश्वनी वर्मा, बीपीएम लोकेश साहू डॉ एस चंद्राकर, डॉ जायसवाल, आर एम ए बृजेश दुबे,रवि वर्मा, एस के रात्रे, सीएचओ लक्ष्मी वर्मा, चंचल साहू, आरएचओ पुष्पेंद्र,दयावती,कोटवार तथा सभी मितानिन दीदी शामिल है।

## हथकरघा कृषि के पश्चात दूसरा सबसे ज्यादा ग्रामीण रोजगार देने वाला क्षेत्र : विधायक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में आर एस वी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बेमेतरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संदीप भंडारकर ने की, विशेष अथिति के रूप में डॉ के पी वर्मा और डॉ यू के ध्रुव उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ टी डी साहू ने किया। साथ में महाविद्यालय के सभी अध्यापक, कर्मचारी, लिनेन फ्राम लिनसीड स्टॉक परियोजना के बुनकर कारीगर एवं छात्राएं उपस्थित थे। विधायक साहू ने कहा कि हमारे देश में हथकरघा कृषि के पश्चात दूसरा सबसे ज्यादा ग्रामीण रोजगार देने वाला क्षेत्र है। चूंकि हमारा जिला आरंभ से ही कृषि प्रधान जिला रहा है। और अब कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में कचरा से धन परियोजना के अंतर्गत अलसी के अनुपयोगी डंठल से उच्च गुणवत्ता उक्त प्राकृतिक कपड़ो का निर्माण टेक्सटाइल इंजीनियर पिलेश्वर देवांगन जी तकनीक मार्गदर्शन से ग्रामीण महिलाओं द्वारा की जा रही हैं। वर्तमान में इन रेशों से साड़ी, शॉल, जैकेट, शर्ट इत्यादि वस्त्र बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जिला में हथकरघा क्षेत्र का भी विकास में तेजी से हो रहा है और विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के लिए स्व रोजगार का भी सृजन हो रहा है। जबकि हथकरघा भारत देश की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर है, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से 2015 से हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप मानते है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ साक्षी बजाज ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राएं प्रोफेसरगण उपस्थित रहे।

## पार्षद टी.ज्योति के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया सावन उत्सव



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

टी.ज्योति पार्षद के नेतृत्व में वार्ड नं 26 दल्लीराजहरा में रेलवे इंस्टिट्यूट हॉल में सावन महीने में सावन उत्सव का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमे काफी संख्या में महिलाएं उपास्थित हुई। इस कार्यक्रम में मेघा गवर्ना द्वारा मंच संचालन किया गया व खुशबू साहू द्वारा महिलाओ के बीच फैशन का जलवा प्रतियोगिता करवाया गया। इस प्रतियोगिता में सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया व महिलाओ के बीच गीत संगीत में पूजा तेजवानी ने भगवान शिव का गीत गाया व उषा साहू द्वारा डांस व फैशन का जलवा में सहभागिता रही। फैशन का जलवा कार्यक्रम में किरण गोटे, दीपा दासानी, उषा साहू, मंजू साहू, पूजा तेजवानी, पुष्पा शांडिल्य, पुष्पा सिप्पी, रजनी, रीना श्वेता सीमा भुनेश्वरी सभी ने सहभागिता ली। जिसमे खुशबू साहू प्रथम, रीना व श्वेता ने द्वितीय पुरस्कार जीता। कार्यक्रम में मुख्य रुप से किरण गोटे, निकिता वर्मा, उषा कुमारी, स्नेहा कुमारी, यशोदा डडसेना, शारदा साहू, सोना राजवंशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम, उपाध्यक्ष गायत्री जैन उषा साहू, जिला साहू संघ सचिव द्रोपति साहू, कर्मा महिला समिति अध्यक्ष दामिनी साहू, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष पुरोबी वर्मा, सर्व समाज महिला अध्यक्ष नंदा पसीने, मंजू साहू, वीना साहू, पुष्पा टंडन, सुनीता कुशवाहा,मीनाक्षी देशमुख,पार्वती चंद्रवंशी, तारिणी गवर्ना, दीपा दसानी, पुष्पा सिप्पी,खिलेश्वरी नागवंशी, प्रतिभा दूबे,अंजू भट, सोना राजवंशी, पिंकी राव, सुजाता राव, विम्मी शर्मा, उपासना साहू, कंचन पॉल, विनीता मीना, कविता रावटे, लक्ष्मी राव, मंजू मानिकपुरी व समस्त भारी संख्या में महिलाए उपस्थित थे। टी.ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि सावन महीने में सावन उत्सव के कार्यक्रम में सभी महिलाएं मेरे लिए विशेष अतिथि स्वरूप है सभी महिलाओं का सम्मान किया जाना चाहिए, मेरे लिए सभी महिलाएं समान रूप से है यही भावना को रखते हुए यह कार्यक्रम रखवाया है ताकि सभी महिलाएं आपस में एकजुट होकर समान रूप से इस सावन का त्यौहार सावन उत्सव मनाया जाय। बारिश होने के बावजूद इस कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाएं उपस्थित होकर बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाएं इसके लिए मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझती हूं और इस कार्यक्रम को सफल बनाए,इसके लिए मैं समस्त महिलाओ को हृदय पूर्वक धन्यवाद देती हूँ और आभार व्यक्त करती हूं।

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में अनियमितता , जिम्मेदारों को दिया नोटिस

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे आंगनबाड़ी भवन खाद्य गोदाम निर्माण अमृत सरोवर नाली निर्माण सहित विभिन्न ग्राम पंचायत में चल रहे अनेक कार्यों का कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोबे ने जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत चिमरा जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बरपेलाटोला अमलीडीह सोनपूरी रानी एवं जिंदा के कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत चिमरा में बनाए जा रहे आंगनबाड़ी भवन और ग्राम पंचायत बरपेलाटोला, अमलीडीह में बनाया जा रहे खाद्य गोदाम निर्माण कार्य का सूचना बोर्ड नहीं बनाने पर संबंधित तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सहायक सरपंच एवं सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निर्माण एजेंसी को फटकार लगाते हुए नागरिक सूचना फलक को दो दिवस के भीतर बनाए जाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सोनपूरी रानी में बनाए गए नाली के कार्य की सहराना करते हुए उपयोगिता पर चर्चा की गई साथ ही इसके साफ सफाई समय-समय पर कराते रहने के निर्देश सरपंच एवं सचिव को दिए गए। महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत अभियान के अभिसरण से बनाए जा रहे सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। शौचालय बन जाने के बाद आम जनता को उसके उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि साफ सफाई एवं रखरखाव की जिम्मेदारी भी ग्राम पंचायत पूरी करे। ग्राम पंचायत जिंदा में निर्मित अमृत सरोवर के कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर महोबे ने कहा कि आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर ग्रामीणों को प्रेरित कर अमृत सरोवर स्थल में ध्वजारोहण करते हुए शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाए। अमृत सरोवर में आजीविका की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए गए। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत बनाए जाने वाले सभी परिसंपत्तियों के निर्माण के साथ ही नागरिक सूचना फ्लक अनिवार्यता बनाया जाए जिससे कि निर्माण कार्यों की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्राप्त होती रहे। कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निर्माण कार्यों में नियोजित श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान करने के निर्देश संबंधितो को दिए गए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग कवर्धा सहायक परियोजना अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा योजना जिला पंचायत कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा तकनीकी सहायक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# नेशनल हाईवे से लेकर गांव के हर गली चैराहों पर मवेशियों का जमावड़ा, मवेशियों को संरक्षित करने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com





पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश नेशनल हाईवे से लेकर गांव के हर गली चैराहों पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है नेशनल हाईवे एवं अन्य मार्गों पर मवेशियों के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही है जिससे दुर्घटनाग्रस्त राहगीर मृत भी हो रहे हैं और साथ ही साथ बड़े गाड़ियों की चपेट में आने से मवेशीयो की भी जान जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जरहागांव के अध्यक्ष रामचंद्र साहू के नेतृत्व में ब्लॉक के पदाधिकारियों ने मुंगेली जिला कलेक्टर को प्रदेश, जिला एवं नगर पंचायत जरहागांव बरेला के मुख्य मार्ग में घूम रहे मवेशियों को संरक्षित करने ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में लिखा है कि पूरे प्रदेश के साथ साथ जिला के सभी मार्गो एवं नगर पंचायत जरहागांव बरेला के मुख्य व अन्य मार्गो में मवेशियों के जमावड़ा के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही है मुख्य मार्ग में चलने वाले राहगीर इन मवेशियों में टकराकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं जिससे कई लोगों की मौतें भी हो रही है माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद भी छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार एवं जिला प्रशासन रोड में घूम रहे इन मवेशियों को सुरक्षित करने में नाकाम रही है जिससे आए दिन दुर्घटना बढ़ते जा रही है दुर्घटना में राहगीरों के साथ-साथ बेजुबान बछड़े एवं गाय की भी दर्दनाक मौतें हो रही हैं इन सबका जिम्मेदार आखिर कौन? उच्च न्यायालय के भी निर्देश का परिपालन छत्तीसगढ़ सरकार और राज्य एवं जिला प्रशासन नहीं कर पा रहा है जबकि इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार नगरी प्रशासन सचिव ने जिला प्रशासन वह निकायों को चिट्ठी के माध्यम से प्रदेश की सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाले हादसे रोकने के लिए पहली बार जिला प्रशासन नगर निगम नगर पालिका एवं नगर पंचायत को चिट्ठी जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि इन हादसों के लिए अब जिम्मेदारी तय की जाएगी साथ ही सड़कों पर मवेशियों को हटाने में लापरवाही बरतने वाले अफसरों कर्मचारी या जिम्मेदार के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी यह बातें सिर्फकागज पर ही सिमट कर रह गई है इसका परिपालन छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा कही दिखाई नहीं दे रहा है सीधे तौर पर उच्च न्यायालय के निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा है । प्रदेश में अब तक मवेशियों कारण हुई दुर्घटना में लगभग 75 हादसे हुए है लोग दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं जिसमें 55 लोगों की मौत हो चुकी है और कई गौ माताएं मवेशी बछड़ा बड़े गाड़ियों के चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होकर बहुत बुरी रीति से बेजुबान मवेशियों की जान जा रही है जिसका जवाबदारी ना ही छत्तीसगढ़ भाजपा की सरकार शासन में बैठे लोग ले रहे हैं और ना ही जिला प्रशासन के अधिकारी इस मामले में कुछ सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामचंद्र साहू के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से पूरे प्रदेश पूरे मुंगेली जिला में एवं जरहागांव एवं बरेला नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर जो मवेशियों का जमावड़ा रहता है उसको सही जगह पर हटाने या विस्थापित करने का ज्ञापन दिया गया है और माननीय न्यायालय के भी निर्देशों का परिपालन अगर छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन नहीं कर पा रहा है तो निश्चित ही इसमें जवाबदार अधिकारी कर्मचारियों के ऊपर कड़ी से कार्रवाई होनी चाहिए । ब्लॉक अध्यक्ष ने पूरे प्रदेश के पूरे मुंगेली जिला के एवं मुंगेली जिला में आने वाले नगर पंचायत जरहा गांव बरेला एवं आसपास से ग्राम पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधियों से किसान भाइयों से गौपालकों से एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील हैं कि सभी अपने मवेशियों को गौ माताओ को अपने घर में संरक्षित रखें जिससे होने वाले हादसे को एवं दुर्घटना में होने वाले आम लोगों की मौत को बचाया जा सकता है।एवं साथ ही साथ मवेशियों को भी इस दुर्घटना से जो घटित हो रहे हैं उसे बचाया जा सकता है।

# विश्व आदिवासी दिवस सद्भावना भवन जैजैपुर में संपन्न

## आदिवासी लोग अपने परिधान में सुशोभित दिखाई दिये





पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

पूरे देश में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है जिसमें आदिवासी समाज के लोग अपने कुल देवता बुढादेव को साक्षी मानकर अपने समाज के जो लोग वीरांगन हुए या शहीद हुए हैं जैसे बिरसा मुंडा ,सिद्ध कन्हू,जननायक तडया मामा, जयपाल सिंह मुंडा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ,गुंडा धुर ,वीर नारायण सिंह, वीरांगना झलकारी बाई ,रानी लक्ष्मी बाई के तैलचित्र पर पुष्प हार एवं दीप प्रज्वलीत कर अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ते गए और आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि एक तीर एक कमान सर्व आदिवासी एक समान का मुख्य नारा दिये, हम सभी आदिवासी एक हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ओबीसी वं माइनॉरिटी हम सभी को एक होकर रहना है हमें तोड़ने के लिए चंद लोग लगे हुए हैं। जल जमीन एवं जंगल सभी हमारे प्रकृति हैं हमें अपने संस्कृति को लेकर आगे बढ़ना है और संस्कृति के अनुसार से काम करना है इस प्रकार से हमारे आदिवासी भाइयों का जो तीर, बरछी, भाला है वह हमारे प्रमुख शस्त्र हैं हमने अंग्रेजों से लड़ा है और आजादी प्राप्त की है । इसलिए हम सभी को एकजुट होकर रहना चाहिए और अनेक वक्ताओं ने कहा कि मदिरा को त्यागना चाहिए हम सभी लोगों को शिक्षित होना है शिक्षा ही एक मूल मंत्र है यदि शिक्षित रहेंगे तो हम आगे बढ़ सकते हैं। अनेक नैताओं ने अपने विचार को रखते हुए कहा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हर कुमार उइके सचिव छत्तीसगढ़ जनजाति आयोग छत्तीसगढ़ वहीं पर विशिष्ट अतिथि विजय कुमार सिदार,रथराम उराव, टेकचंद चंद्रा, श्याम लाल सितारे ,वीरेंद्र धीरहै ,किरण नेताम, संतोष नेताम, भुवनेश्वर कवर,संतोष सिदार, नीलम कंवर, नवल कंवर, सुरेंद्र मरावी, कन्हैया खैरवार ,गोपी सिदार, छोटेलाल सिदार, महेंद्र नेताम तथा अनेक वक्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम में 5 घंटे विलम्ब से हमारे क्षेत्रिय विधायक बालेश्वर साहू भी उपस्थिति दर्ज किया इस प्रकार से उन्होंने अपना उपस्थित आदिवासी समाज के लिए दिये। आदिवासियों का करमा नृत्य ने सबका मन को मोह लिया। आदिवासी महिलाएं अपने पोशाक एवं आदिवासी लोग अपना अस्त्र-शस्त्र से सुस्जित दिखाई पड़ रहे थे इस तरह से विकासखंड स्तरीय जैजैपुर में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम किया गया जो की संयुक्त राष्ट्र का दैन है।

# राधे-पवन ग्रुप के 40 कावड़ियों का जत्था हुआ बैजनाथ धाम रवाना





पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शक्ति शहर के राधे- पवन ग्रुप के 40 शिव भक्त कावड़िये 9 अगस्त को शक्ति रेलवे स्टेशन से बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा करने के लिए रवाना हो गए, रेलवे स्टेशन शक्ति में इन शिवभक्त कावड़ियों को रवाना करने के लिए अनेकों धर्म प्रेमी, युवा पहुंचे हुए थे। तथा पूरा रेलवे स्टेशन परिसर बोल बम-बोल बम के घोष से गूंज उठा एवं राधे पवन ग्रुप विगत कई वर्षों से निरंतर बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जाता है, तथा सुल्तानगंज से कावड़ उठाकर पैदल ही बाबा भोलेनाथ की आराधना करते हुए यह पूरा ग्रुप देवघर में जल अर्पित करता है, एवं इस संबंध में राधे पवन ग्रुप के पवन गोयल ने बताया कि इस वर्ष शिव भक्त कावड़ियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है,एवं बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के लिए जहां अनुकूल मौसम होने के कारण कावड़िये भी जलाभिषेक करने के लिए उत्साहित हैं, तो वहीं शक्ति के रेलवे स्टेशन से निरंतर पूरे श्रावणी मास पर्व पर कावड़ियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर रवाना हो रहा है, 9 अगस्त को बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जाने वाले राधे- पवन ग्रुप में प्रमुख रूप से राधेश्याम अग्रवाल राधे ट्रक वाले, पवन गोयल ट्रक वाले, सुभाष देवांगन, सत्येंद्र पांडेय, संकेत गोयल, मेघा देवांगन, विक्की तिवारी, रुपेश अग्रवाल, अमित गोयल मोंटी, संतोष जायसवाल, देवांगन, सुनील गुप्ता, मुन्ना ठाकुर, अजय अग्रवाल, कमलेश्वर सोनी सहित काफी संख्या में शिव भक्त कावड़िये थे।

# दोस्त को शराब पिलाकर कर ली ढाई लाख की ऑनलाईन ठगी

## मोबाईल भी चुराया, अब फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी राहुल महतो (29 साल) निवासी ठाकुरदिया को आज मुखबीर सूचना पर चैकी खरसिया पुलिस द्वारा स्टेशन के पास धर दबोचा जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मोबाइल चोरी को लेकर 13 फरवरी को डभरारोड खरसिया निवासी गोविंद गुप्ता (उम्र 28 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 नवंबर 2023 की रात, लगभग 9 बजे, वह राठौर चौक के पास अपने दोस्त बिट्टु सिंह, राहुल महतो, सौरभ अग्रवाल के साथ शराब पीया था। दोस्त इसके मोबाइल फोन पर यूपीआई नंबर देख लिये थे। इसे नशे में घर छोड़ कर आये। अगले दिन सुबह जब वह उठा, तो उसका मोबाइल गायब था। दुसरा मोबाईल व सिम लिया और अपने मोबाईल में फोन पे एप डाउन लोड किया तो पता चला कि खाते से फोन पे के माध्यम से बिट्टु सिंह, राहुल महतो व अन्य के खाते में 11.11.23, 12.11.23 एवं 13.11.23 को रकम 2,40,000 रूपये ट्रजेक्शन हो चुका था। मोबाइल चोरी की रिपोर्ट पर चैकी खरसिया में आरोपियों पर धारा 457, 380 आईपीसी कायम कर आरोपी बिट्टु सिंह और सौरभ अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार किया और बताये गोविंद के मोबाइल से ट्रांसफर में मिले रूपए से सौरभ अग्रवाल ने 70 हजार रूपये और बिट्टु सिंह ने 50 हजार रूपए लिये थे। दोंनो गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी राहुल महतो फरार था जिसे आज गिरफ्तार किया गया। आरोपी राहुल महतो ने बताया कि उसने चोरी मोबइल से अपने मोबाइल पर 140000 रूपये फोन पे किया था, गोविंद का मोबाइल खरसिया चैंक पर कहीं गिर गया। मोबाइल चोरी कर उसके माध्यम से पैसे निकाले और इसे खर्च किया। आरोपी को नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# रेल यात्री अयोध्या स्टेशन पर ट्रेन के अंदर हुआ उठाई गिरी का शिकार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



वर्तमान में भारतीय रेलवे द्वारा अपनी सुपरफास्ट ट्रेनों एवं एक्सप्रेस ट्रेनों में रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए लाख जतन किए जा रहे हैं,तथा ट्रेनों के अंदर जहां RPF की फोर्स निरंतर पेट्रोलिंग करती है, किंतु इसके बावजूद चोरों एवं बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे एयर कूल्ड बोगी में भी यात्रा कर रहे रेल यात्रियों के सामानों की उठाई गिरी करने से बाज नहीं आते, ऐसा ही कुछ मामला 8 अगस्त 2024 को अयोध्या दर्शन के लिए सह परिवार जा रहे छत्तीसगढ़ के शक्ति जिले के शक्ति शहर के नागरिक के साथ घटित हुआ,तथा शक्ति शहर के होटल गिरिराज रेन बसेरा के संचालक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार अपने परिवार के साथ अयोध्या के दर्शन के लिए जा रहे थे,तथा ट्रेन की बोगी B-4 में वे सह परिवार बैठे हुए थे तथा अज्ञात लोगों ने उनकी धर्मपत्नी की सीट पर रखी बैग जिसमें लगभग 15-20 हजार रुपये नगद एवं मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्रियां थी उसे पार कर दिया तथा उपरोक्त घटना को किसी अन्य यात्री ने देखा भी तथा उसे दौडाने का प्रयास भी किया गया किंतु चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह बेखोफ,ष्ट कोच में भी घटना को अंजाम दे गए। उपरोक्त उठाई गिरी की घटना के शिकार पीड़ित अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार शक्ति जिला- शक्ति (छत्तीसगढ़) ने जीआरपी थाना अयोध्या कैंट में उपरोक्त पूरे मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

# बैठक में शिक्षकों के हितों से जुड़े 21 समस्याओं पर विस्तृत चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शालेय शिक्षक संघ छतीसगढ़ की प्रांतीय प्रति निधिमण्डल वीरेंद्र दुबे और प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय में हुई अहम बैठक में शिक्षकों के हितों से जुड़ा 21 समस्याओं को रखा गया। जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें उच्चतर वेतनमान-' क्रमोन्नति/ समयमान की पात्रता के लिए प्रथम नियुक्ति से सेवावधि की गणना कर उच्चतर वेतनमान का लाभ दिया जाना, 2- पूर्ण पेंशन-' पंचायत/नगरीय निकाय संवर्ग की कुल सेवावधि की गणना कर पुरानी पेंशन की पात्रता व पूर्ण पेंशन का लाभ सुनिश्चित किया जाए, वेतन विसंगति का निराकरण-' शिक्षकीय पदों के सभी संवर्गो को केंद्रीय वेतनमान प्रदान कर वर्तमान वेतन विसंगतियों को दूर किया जावे। पदोन्नति-' भर्ती पदोन्नति नियम में अविलंब आवश्यक सुधार कर विभिन्न पदों में सँवर्गवार संख्या के अनुपात में पदोन्नति प्रतिवर्ष और समयसारणी बना कर दिया जाना चाहिए। पृथक स्थानांतरण नीति-' स्कूल शिक्षा विभाग की पृथक व स्वतंत्र स्थानांतरण नीति बनाकर ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो इसके लिए पारदर्शी ऑनलाइन सिस्टम बनाकर स्थानांतरण का अवसर दिया जावे, सेवानिवृत्त आयु में वृद्धि-' सेवानिवृति की आयु 65 वर्ष किया जावे, कैडर व्यवस्था सुधार-' सभी कैडर व सभी पदों की संख्या के अनुपात में पदोन्नति संख्या की का पुनः निर्धारण किया जाये, जिससे एल बी संवर्ग को उचित लाभ मिले। संवर्ग में एल बी प्रत्यय के अनुचित प्रयोग को बंद करें।राजपत्र में केवल म् या ज् संवर्ग का उल्लेख' सेटअप में सुधार' वर्तमान सेटअप अव्यवहारिक हो चुका है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप सेटअप निर्धारण करें। ऑनलाइन अवकाश-' व्यवहारिक समस्याओं व अपरिहार्यता को दृष्टिगत रखते हुए छूट्टी हेतु ऑफलाइन का विकल्प भी होना चाहिए।

# पूर्व सैनिक सिपाही संगठन के द्वारा छत्तीसगढ़ में एक विशेष यात्रा का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



पूर्व सैनिक सिपाही संगठन के द्वारा छत्तीसगढ़ में एक विशेष यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य देश के सीमा पर तैनात सिपाहियों के लिए रक्षासूत्र एकत्र करना था। यह यात्रा रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, कबीरधाम, पंडरिया, और लोरमी होते हुए 5 अगस्त को मूँगेली पहुंची। इस यात्रा के दौरान, मूँगेली जिले के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा बनाए गए राखियों को स्कूल प्राचार्यों द्वारा एकत्र किया गया और जिला कार्यालय मूँगेली में जमा किया गया। पूर्व सैनिक संगठन के राज्य अध्यक्ष महेंद्र प्रताप राणा, उपाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव वारिज सिंह, और दीपक सिंह को यह रक्षासूत्र प्रदान किए गए। भाजपा महिला मोर्चा की विनया सिंह, रंजना जायसवाल, और दुर्गावाहिनी की बहन वंदना नमामि सिंह और चारु सिंह द्वारा भी एकत्र किए गए रक्षा सूत्र इस अवसर पर प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा आत्मानन्द स्कूल दाउपारा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा, आकाश परिहार ने कहा, यह बहुत ही भावुक करने वाला पल है कि सीमा पर हमारे लिए तकलीफ सह कर सुरक्षा में जागते सैनिकों के लिए हमारे देश की रक्षा के लिए स्नेह रक्षा सूत्र बांधने का अवसर आप पूर्व सैनिक सिपाही संगठन ने हमें दिया है। इसके लिए हम आपको आम नागरिक की ओर से धन्यवाद देते हैं। आप बधाई के पात्र हैं। पूर्व सैनिक संगठन के राज्य अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, ष्हमें सैनिक के रूप में जिस रक्षा सूत्र को बंधवाने का अवसर नहीं मिला, उसे अन्य लोगों के लिए पहुंचाने का कार्य करें। यही पुनीत कार्य है। जो हमें नहीं मिला, वह अवसर दूसरों को प्रदान करने का माध्यम बन सके, इससे बड़ा कोई काम नहीं हो सकता। उपाध्यक्ष संतोष साहू ने अपने भाषण में कहा, ष्सीमा पर सिपाहियों को जब समाज से प्रेम मिलता है, तो उनका हौसला बढ़ता है और वे बड़े पराक्रम के लिए तैयार हो जाते हैं। इस अवसर पर जिला सहायक परियोजना अधिकारी अजय नाथ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# तिरंगा यात्रा व विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस की तैयारी हेतु बैठक आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



तिरंगा यात्रा व विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस की तैयारी हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला मुंगेली की जिला बैठक आज अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में विधायक एवं पूर्वमंत्री पुन्नूलाल मोहले व विधायक धरसीवां अनुज शर्मा की विशेष उपस्थिति में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुंगेली विधायक एवं पूर्वमंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि नई पीढ़ी को भारत की स्वतंत्रता व आजादी के लिए किये गये संघर्ष से परिचित कराने, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में कितने हुतात्माओं ने बलिदान दिये इस बात की जानकारी देने हेतु तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होने कहा कि इस देश को अंग्रेजो से यूं ही आजादी नही मिल गयी है इसके लिए न जाने कितने वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है और इसी आजादी को अक्षुण रखने हेतु देश के लोगों में देशप्रेम की भावना होना जरूरी है। भाजपा द्वारा किये जा रहे तिरंगा यात्रा का उददेश्य लोगों में देशप्रेम की भावना को और ज्यादा जगाना है। तिरंगा यात्रा के संभागीय प्रभारी एवं धरसीवां विधायक प्रख्यात कलाकार अनुज शर्मा ने तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि प्रदेश नेतृत्व की मंशा है कि प्रदेश की जनता तिरंगे के माध्यम से आजादी की लड़ाई को जाने। इसके लिए भाजपा युवा मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई है । युवा मोर्चा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा लगाने प्रेरित किया जाएगा तथा तिरंगा यात्रा सम्पन्न होगी।। भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा व विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस की तैयारी हेतु विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होने बताया कि देश के लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान हेतु जनजागरण के उददेश्य से भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व मे 11 जुलाई से 13 जुलाई तक तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। भारत के स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त से पूर्व हर घर में तिरंगा फ्हराने हेतु भाजपा विशेष अभियान चलायेगी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के प्रभारी गिरीश शुक्ला ने बताया कि केन्द्र सरकार ने विभाजन की त्रासदी, पीड़ा को सहने वाले परिवारों के दर्द को देश के लोगों के सामने लाने के लिए 2021 से प्रतिवर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका दिवस मनाने को निर्णय लिया।

## 3 लाख का चेक दिखाकर जमीन रजिस्ट्रेशन करा लिया

# बिना पैसे दिए जमीन रजिस्ट्री कराकर धोखाधड़ी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com




चांपा नगर के एक युवक योगेश देवांगन ने 3 लाख का चेक दिखाकर जमीन रजिस्ट्रेशन करा लिया और 3 लाख रुपये नही दे रहा है।उक्त मामले में प्राथी की शिकायत पर आरोपी योगेश देवांगन पिता दयाराम देवांगन निवासी भोजपुर चांपा को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चाम्पा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदल्ला निवासी जवाहर सोंनत ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे नाम से जगदल्ला चांपा मे खसरा नंबर 397/3 रकबा 0.079 भूमि स्थित है जिसमें से 30.04.2024 को योगेश कुमार देवांगन साकिन भोजपुर मिशन रोड चांपा के द्वारा 03 लाख रूपये मे सौदा कर चेक नंबर 000162 मे तीन लाख रूपये जारी कर मेरे उक्त खसरा नंबर की जमीन में से 0.013 हेक्टेयर को अपने नाम पर रजिस्ट्री कराकर मेरे को उक्त चेक को नही दिया है।

इस तरह मेरे साथ छल कपट धोखाधडी कर मेरे को बिना पैसा दिये मेरे जमीन को रजिस्ट्री करा लिया है। विवेचना के दौरान आरोपी योगेश कुमार देवांगन पिता दयाराम देवांगन निवासी भोजपुर चांपा द्वारा शिकायतकर्ता के उक्त भूमि में से रकबा 0.013 हे. भूमि का छल-कपट धोखाघडी करते हुए विक्रयनामा रजिस्ट्री दिनांक 30/04/2024 को अपने नाम करा लिया गया है। आरोपी योगेश कुमार देवांगन द्वारा जमीन मालिक को बिक्रय रजिस्ट्री भूमि की राशि नहीं दी गई है बिना बिक्रय राशि के भुगतान किये धोखाधड़ी करके क्रेता योगेश कुमार देवांगन द्वारा उक्त बिक्रीनामा पंजीयन कराया है। आरोपी योगेश कुमार देवांगन द्वारा अन्य व्यक्ति का नाम लेकर न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के प्रकरण को वापस लेने की बात कहते हुए धोखाधड़ी से विक्रयनामा पंजीयन कराया है। आरोपी द्वारा रकम नही देने पर धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी योगेश देवांगन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डॉ. नरेश पटेल, एएसआई मुकेश पांडे, एएसआई दिलीप सिंह,आरक्षक माखन साहू,शंकर राजपूत सहित चांपा थाना का विशेष योगदान रहा।

# सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार द्वारा 23 अगस्त से सक्ती में होगा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार थाना चौक शक्ति द्वारा आगामी 23 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शक्ति शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में दर्शन सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट वृंदावन धाम के सहयोग से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार शक्ति के सदस्यों ने बताया कि 23 अगस्त से प्रारंभ होने वाली इस श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन धाम के प्रतिष्ठित कथा वाचक पंडित हरि दर्शन महाराज जी व्यास पीठ पर विराजमान होकर श्रद्धालु भक्त जनों को कथा का श्रवण करवाएंगे एवं श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में यजमान बनने के लिए समिति द्वारा 5100/-रुपये की सहयोग राशि रखी गई है, तथा यजमान बनने के लिए मोबाइल नंबर- 8979 140994 पर संपर्क कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है, तथा 23 अगस्त से प्रारंभ होने वाली श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम को लेकर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार थाना चौक शक्ति वृहद रूप से तैयारीयो में जुटा

## लकथा स्थल पर लगेगा श्री धाम चित्रकूट के चैतन्य जी महाराज का दिव्य दरबार

शक्ति शहर के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान चित्रकूट श्री धाम के प्रसिद्ध पंडित श्री कृष्ण चैतन्य जी महाराज का दिव्य दरबार भी प्रतिदिन सुबह 10 से 11:00 बजे तक लगाया जाएगा एवं इस दिव्य दरबार में पंडित जी से नि संतान माताएं भी संपर्क कर संतान प्राप्ति का मार्ग प्राप्त कर सकेंगी।

# बालको ने टीबी रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए चलाया जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बालकोनगर
www.dailypioneer.com







वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने टीबी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला आरोग्य समिति (मास) और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के सदस्यों के बीच जागरूकता को बढ़ाने के लिए किया गया। डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी टीबी/एचआईवी कार्यक्रम, कोरबा के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दो बैचों में 100 से अधिक सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मास और वीएचएसएनसी सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम को लेकर उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना। कार्यक्रम की मदद से मास और वीएचएसएनसी सदस्यों की क्षमता बढ़ाने के साथ सदस्यों द्वारा एक कार्य योजना विकसित करना जिससे टीबी रोग की चुनौतियों का सामना किया जा सके। कंपनी ने टीबी जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय स्वास्थ्य निकाय (मास और वीएचएसएनसी) के 45 फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के रूप में तैयार किया। टीबी मुक्त भविष्य के लिए टीबी जागरूकता, पहचान, कारण, संपर्क ट्रेसिंग और परीक्षण में सुधार आदि के बारे में 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को जागरूक किया गया।

टीबी से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार और स्वास्थ्य सुधार में उचित पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक संतुलित आहार प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने, समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने और टीबी दवाओं की प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद करता है। पोषणयुक्त आहार सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निक्षय मित्र पहल को लागू किया। इसके अंतर्गत कंपनी ने 56 गांवों के 22 टीबी रोगियों के आहार के लिए 6 महीने तक कर्मचारियों की स्वयंसेवा के माध्यम से वित्तीय सहायता दी गई। सहायता प्राप्त 90 प्रतिशत लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ तथा उपचाराधीन बाकी रोगियों के ठीक होने की संभावना सकारात्मक है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम से समुदाय में टीबी रोग की पहचान कर उनका करने में आसानी होगी। समुदाय के स्वास्थ्य देखभाल को सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाना है और इसके साथ दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और समुदाय के कमजोर वर्गों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

डॉ. जी.एस. जात्रा नोडल अधिकारी ने बालको मितान भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मास और वीएचएसएनसी के सदस्य समुदाय में टीबी रोग नियंत्रण और रोकथाम पर चर्चा करके जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें। प्रशिक्षण में मिली जानकारी से सदस्य समुदाय में टीबी रोग पर फैली भ्रांतियों को दूर करने का काम करें। इस तरह के कार्यक्रम कंपनी द्वारा समुदाय के स्वास्थ्य एवं भलाई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीते वित्तवर्ष 600 से अधिक सामुदायिक सदस्यों को टीबी रोग की समस्या के बारे में जागरूक किया। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और समुदाय की सेवा करने पर केंद्रित है। आरोग्य परियोजना के उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 49000 व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। कंपनी समुदायों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कंपनी हर 15 दिनों में दो मोबाइल स्वास्थ्य वैन भी संचालित करती है। ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट, एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अभियानों के माध्यम से समुदायों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करती है।

## सैमसंग इस महीने खासतौर से भारत के लिए बनाई गई एआई-पावर्ड वॉशिंग मशीन लॉन्च करेगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज भारतीय बाजार के लिए खासतौर पर डिजाइन की गई अपनी नई एआई-पावर्ड वाशिंग मशीन को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस नए लॉन्च के साथ, सैमसंग भारतीय उपभोक्ताओं के कपड़े धोने का अनुभव पूरी तरह से बदल देगा और इसे और भी आसान बना देगा। नई, एआई-पावर्ड वॉशिंग मशीन में रोजाना की जरूरतों को पूरा करने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी दी गई है, जो कपड़े धोने की प्रक्रिया को बेहद आसान और सुविधाजनक बनाएगी। यह मशीन ग्राहकों को कपड़े धोने का शानदार अनुभव देगी और यह उन्हें कम मेहनत करने और अधिक जीने (डू लेस एंड लिव मोर) के सैमसंग के नजरिये से मेल खाती है। सैमसंग के पास 1974 से वॉशिंग मशीनों में नए-नए आविष्कार करने की एक शानदार विरासत है, जब कंपनी ने अपनी पहली वॉशिंग मशीन लॉन्च की थी। 1979 में, सैमसंग ने अपनी पहली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन पेश की, जिसने एक ही टच से कपड़े धोने और निचोड़ने का काम किया, जिससे कपड़े धोना बहुत आसान हो गया। 1997 में, सैमसंग ने फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन लॉन्च की, जिसने कपड़े धोते समय उनके नुकसान को कम किया और उच्च तापमान पर कपड़े धोने की क्षमता दी।

# जर्जर हो चुके 59 शाला भवन एवं शौचालयों को डिस्मेंटल करने की मिली अनुमति

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के मरम्मत योग्य नहीं जर्जर हो चुके शाला भवनों को डिस्मेंटल कराने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश दिए गए है, ताकि जर्जर हो चुके शाला भवनों से किसी तरह की अप्रिय घटना एवं जानमाल की क्षति होने से बचा जा सके। शाला विकास समितियों के प्रस्ताव पर मरवाही विकासखंड के अंतर्गत अत्यंत जर्जर हो चुके 59 शाला भवनों एवं शौचालयों को डिस्मेंटल करने न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मरवाही द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर तत्संबंध में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मरवाही की संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार 28 शाला भवन, 18 शौचालय एवं 06 शालाओं के अतिरिक्त कक्ष भवन डिस्मेंटल योग्य पाया गया है। उपरोक्त भवनों को डिस्मेंटल करने की अनुमति पदान की गई है। डिस्मेंटल उपरांत मलबा एवं अन्य सामग्री का निस्तारण संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज**

जाएगा। संबंधित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के बैंक खातों में नियमानुसार राशि जमा की जाएगी। डिस्मेंटल योग्य शाला भवनों में माध्यमिक शाला धुम्माटोला, माध्यमिक शाला बरौर, माध्यमिक शाला बगरार, माध्यमिक शाला कटरा, प्राथमिक शाला देवराजपारा, प्राथमिक शाला मौहारटोला, प्राथमिक शाला सिलपहरी, प्राथमिक शाला कांसबहरा, प्राथमिक शाला डोगराटोला, प्राथमिक शाला चिलहनटोला, प्राथमिक शाला माड़ाकोट, प्राथमिक शाला बरैहाटोला, प्राथमिक शाला मडवाही, प्राथमिक शाला दुवारीटोला, प्राथमिक शाला सिलवारी, प्राथमिक शाला मढैयाटोला, प्राथमिक शाला सचराटोला, प्राथमिक शाला ठाड़पथरा, प्राथमिक शाला बलबहराटोला, प्राथमिक शाला कटरा, प्राथमिक शाला करहनिया, प्राथमिक शाला धौराठी, प्राथमिक शाला फाटपानी, प्राथमिक शाला बरटोला, प्राथमिक शाला टिकठी, प्राथमिक शाला भर्रीडांड, प्राथमिक शाला ढपनीपानी एवं प्राथमिक शाला धनुहारीटोला शामिल है। डिस्मेंटल शौचालयों में माध्यमिक शाला धुम्माटोला, माध्यमिक शाला सिलपहरी, प्राथमिक शाला मौहारटोला, प्राथमिक शाला कांसबहरा, प्राथमिक शाला डोगराटोला-बेलझिरिया, प्राथमिक शाला पतेराटोला, प्राथमिक शाला डोगराटोला, प्राथमिक शाला ललमटियाटोला, प्राथमिक शाला भर्रीडांड, प्राथमिक शाला खलोटिहाटोला, प्राथमिक शाला चितवाहीटोला, प्राथमिक शाला कोरकोरटोला, प्राथमिक शाला मसूरीखार, प्राथमिक शाला अरमानटोला, प्राथमिक शाला पीपरडांड, प्राथमिक शाला मासुलडांड, प्राथमिक शाला भर्रीडांड एवं प्राथमिक शाला टिकठी शामिल है। इसी तरह अतिरिक्त कक्षों में प्राथमिक शाला देवराजपारा, प्राथमिक शाला भिरहीनार, प्राथमिक शाला खरकाटोला, प्राथमिक शाला देवरीडांड, माध्यमिक शाला अण्डी एवं बालक माध्यमिक शाला उषाढ शामिल है।

## IEEE कलिंगा यूनिवर्सिटी स्टूडेंट ब्रांच ने ग्रामीण छात्रों को STEM में अवसरों से परिचित कराने के लिए IOT प्रशिक्षण आयोजित किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

IEEE मध्य प्रदेश अनुभाग के अंतर्गत सबसे जीवंत शाखा के रूप में विख्यात IEEE कलिंगा यूनिवर्सिटी स्टूडेंट ब्रांच ने ÷ग्रामीण छात्रों को STEM में अवसरों से परिचित कराने शीर्षक से एक गहन व्यावहारिक IoT प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।IEEE STEM अनुदान द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम 5 से 9 अगस्त 2024 तक कलिंगा यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया गया। IOT में विशेषज्ञ और इस कार्यक्रम के लिए संसाधन व्यक्ति डॉ. विजयलक्ष्मी बिरादर ने आकर्षक सत्रों का नेतृत्व किया, जिसमें छात्रों को इंटरनेट ऑफथिंग्स की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया गया और उन्हें IoT से संबंधित परियोजनाओं के विकास के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया। डॉ. अनीता वर्मा, प्रथम, अश्वन साहू, हेमंत साहू और IEEE छात्र स्वयंसेवकों ने व्यावहारिक सत्रों को संभालने में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम को ग्रामीण छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, ताकि उन्हें ऐसे कौशल से लैस किया जा सके जो STEM क्षेत्रों में भविष्य के अवसरों के द्वार खोल सकें। पाँच दिनों के दौरान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी, नवा रायपुर के 50 उत्साही छात्रों ने इस परिवर्तनकारी शिक्षण अनुभव में भाग लिया। उन्हें पाँच टीमों में विभाजित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक को दिए गए IoT किट का उपयोग करके एक अनूठी परियोजना बनाने का काम सौंपा गया था। टीमों द्वारा विकसित परियोजनाओं में मेक्स मोबाइल, फोर्कलिफट, F0 स्वीपर, क्रेन और डॉबी जैसी नवीन रचनाएँ शामिल थीं।

## समाधान के तहत अंशदान की राशि का हुआ भुगतान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में अब एक फोन पर समस्या का समाधान मिल रहा है। रायपुर के वार्ड क्रमांक 64 टिकरापारा निवासी साहिन बानो ने राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अंशदान की राशि दो महीने मई और जून की नहीं मिलने को लेकर शिकायत की थी। उनका कहना था कि उनको दो महीने की राशि नहीं मिली है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिसको लेकर उन्होंने जिला प्रशासन के जन समस्या निवारण कॉल सेंटर में फ़ोन किया। जिसके बाद संबंधित विभाग ने प्रकरण की जानकारी ली और अंशदान की राशि को दिलवाया। समस्या का निराकरण होने के बाद शिकायतकर्ता साहिन बानो ने संतुष्टी जताई और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# एचडीएफसी इर्गो ने छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सरकार ने खरीफ, 2024 सीजन के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री ऋसल बीमा योजना लागू करने के लिए अधित किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथियाँ भी दी गई हैं। पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद छत्तीसगढ़ सरकार के षि विभाग से अनुमोदित हैं। बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कमन सर्विस सेंटर या फिर अधित एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान इस योजना का लाभ पाने के लिए किसान ऐप पर लगअन करके या वेबसाइट पर जाकर सेल्फ-एनरोलमेंट करा सकते हैं।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, लहरों से डर कर कभी नौका पार नहीं होती : बलराज पाल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। लहरों से डर कर कभी नौका पार नहीं होती उक्तआशय के विचार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के प्राचार्य बलराज पाल विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए व्यक्त कर रहे थे। राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त कर एमसीबी जिले के साथ ही अंबिकापुर जोन को भी गौरवान्वित किया गया। राज्य स्तर पर शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विज्ञान पर आधारित नाटिका का सुंदर मंचन किया गया। विद्यालय की व्याख्याता सुनीता मिश्रा एवं निर्मला अग्रवाल छात्र-छात्राओं को कुशल मार्गदर्शन प्रदान किया एवं जगदलपुर में भी वे उनके साथ उपस्थित रहे। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं, विद्यालय के प्राचार्य एवं व्याख्याता जिनके मार्गदर्शन में यह उपलब्धि प्राप्त हुई अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सभी का उत्साहवर्धन किया एवं विद्यालय परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक संदीप साहू



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया इस अवसर पर कसडोल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम - खैरा (ब) बरबसपुर में आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमे मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ा देव की पूजा अर्चना करने पश्चात किया गया। वही कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक परिधान एवं वेशभूषा के साथ शामिल हुए इस दौरान विधायक संदीप साहू ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अवसर एक दूसरे के साथ जोड़ने व जानने समझने के लिए होता है एक दूसरे से जुड़ेंगे तो समाज के बारे में जानकारी मिलेगी विश्व आदिवासी दिवस सभी मूल निवासियों के लिए गौरव का दिन है आदिवासियों को प्रकृति के सानिध्य में जीवन यापन करने का सौभाग्य मिला है वही कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक मंडल व ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दिए इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के अध्यक्ष दयाराम वर्मा, नगर पंचायत कसडोल के पूर्व अध्यक्ष योगेश बंजारे, नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन साहू, रमेश वैष्णव सहित सामाजिकजन उपस्थित रहें।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़**

**// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा क्रमांक 05/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड 2020 — गरियाबंद, दिनांक 06/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में वैद्य पंजीकृत फर्मो/ सामग्री के निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गरियाबंद जिले के विकासखण्ड देवभोग के ग्राम सुपेबेड़ा (मालीपारा) में स्थापित इलेक्ट्रोलिटिक आर्सेनिक रिमूव्हल प्लांट के 1 वर्ष के वार्षिक संचालन संधारण का कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 2.01 लाख | 2010/- |
| 2 | गरियाबंद जिले के विकासखण्ड देवभोग के ग्राम सुपेबेड़ा (रावतपारा) में स्थापित इलेक्ट्रोलिटिक आर्सेनिक रिमूव्हल प्लांट के 1 वर्ष के वार्षिक संचालन संधारण का कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 2.01 लाख | 2010/- |
| 3 | गरियाबंद जिले के विकासखण्ड देवभोग के ग्राम सुपेबेड़ा (बंदपारा स्कूल) में स्थापित इलेक्ट्रोलिटिक आर्सेनिक रिमूव्हल प्लांट के 1 वर्ष के वार्षिक संचालन संधारण का कार्य। (शेड्यूल अनुसार) | 2.01 लाख | 2010/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 21-08-2024 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
गरियाबंद (छ.ग.)

G-242501731/2



**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **जीवन लाल बारले,** मीना बाई बारले<br>**खाता सं.** LNDUR02118-190076233 | 8 अगस्त 2024<br>₹ 431132/-<br>7 अगस्त 2024 | मकान नं. 231, वार्ड नं. 28/31, शिव मंदिर वार्ड, केएच नं 105/1 का भाग, गांव-देवबालोदा, पीएच नं. 02, आरएनएम पाटन, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग ( सी.जी. ) पिन-490025 **क्षेत्रफल 1225 वर्ग फीट** |
| **मुरारी साहू,** भगवती साहू, सोनिया एस, पूनाराम साहू<br>**खाता सं.** LNBIL02922-230241023 | 8 अगस्त 2024<br>₹ 1068300/-<br>7 अगस्त 2024 | सम्पत्ति केएच नं. 140/8, गोडखाम्ही, पीसी नं. 07/18, गोंद खाम्ही गेट के पास, महामाया पारा, ब्लॉक-लोरमी, जिला-मुंगेली ( सी.जी. ) पिन-495115 **क्षेत्रफल 0.129 हेक्टेयर ( बी-1 क्षेत्र के अनुसार-0.105 हेक्टेयर )** |

स्थान : जयपुर — दिनांक 10.08.2024 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड



**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी — Subsidiary of Central Bank of India

**परिशिष्ट- IV- A [नियम 8 (6)]**
**टेण्डर सह-नीलामी**
**बिक्री सूचना - 28.08.2024**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु सूचना**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों /जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है की नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **""जहाँ है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर निम्न वर्णित ऋणी व जमानदारों से **सेन्टबैंक होम फायनेंस लिमिटेड,** प्रतिभूति लेनदार की वसूली हेतु **28.08.2024** को बेचा जाएगा। प्रतिभूति- दाता, आरक्षित मूल्य व अग्रिम धनराशिका विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

| उधारकर्ता / सह-उधारकर्ता का नाम और खाता संख्या | संपत्तियों का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि (₹) | तिथि: मांग सूचना की / कब्ज़ा की | आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि (₹ 10%) |
|---|---|---|---|---|
| **श्री आदित्य तिवारी, और श्रीमती सपना तिवारी खाता संख्या: 00302070002816** | संपत्ति का वह समस्त अंश जिसमें फ्लैट संख्या एलआईजी - 655, ब्लॉक संख्या 41, तीसरी मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, रायपुर (छत्तीसगढ़) क्षेत्रफल 487 वर्ग फीट, सीमायें: पूर्व: एलआईजी - 653, पश्चिम: एलआईजी-669, उत्तर: एलआईजी 656, दक्षिण: रोड शामिल है | **5,73,559/- + ब्याज और अन्य शुल्क** | **28.06.2018**<br>**23.07.2021 (भौतिक)** | **4,69,000/-**<br>**46,900/-** |

**नियम व शर्तें: (1).** नीलामी **"जहाँ है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है"** के आधार पर की जा रही है। **(2).** प्रतिभूति सम्पत्तियों को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जायेगा। (3). इच्छुक क्रेता /बोलीदाता को डिमाण्ड ड्राफ्ट (राष्ट्रीकृत बैंक) /आरटीजीएस/ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से धरोहर राशि (ईएमडी) (आरक्षित मूल्य के 10% से कम नही) के साथ एक बंद लिफाफे में निर्धारित निविदा फार्म में अपनी निविदा प्रस्तुत करनी होगी। **सेन्ट बैंक होम फायनेंस लिमिटेड, रायपुर शाखा** के उपरोक्त पते पर **दिनांक 28.08.2024 शाम 4.00 बजे** से पहले सेन्ट **बैंक होम फायनेंस लिमिटेड, रायपुर शाखा** के पक्ष में जमा करानी होगी। (4). सीलबंद लिफाफे को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **रायपुर शाखा** में पात्र/उपलब्ध इच्छुक बोलीदाताओं की उपस्थिति में **28.08.2024 को सांय 5.00 बजे** खोला जायेगा जिन्होने नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट (राष्ट्रीकृत बैंक)/आरटीजीएस/ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से **28.08.2024 को शाम 4.00 बजे** तक ईएमडी राशि जमा करवाई है। **(5).** प्राधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई प्रभार नहीं है। फिर भी इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले प्रभारों, सीमांकन, सीमाओं, सम्पत्ति के शीर्षक से सम्बधिंत स्वंय कि स्वतन्त्र जानकारी तथा निरीक्षण करके स्वयं को सन्तुष्ट करना चाहिए। कम्पनी किसी भी प्रभार तथा सम्पत्ति पर बकाया जो कि नीलामी दिनांक के बाद में कम्पनी की जानकारी में आता है तो कम्पनी उत्तरदायी नही होगी। प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूति लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों /अधिकारों /बकायों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नही होगा। **(6).** बोली जमा कराने से पहले सम्पत्ति और सीमांकन के बारे में निरीक्षण करना और संतुष्टि करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति के निरीक्षण में रुचि रखने वाले बोलीदाताओं को **दिनांक 22.08.2024 से 23.08.2024 तक प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे के बीच** अनुमति होगी। **(7).** सफल बोलीदाता/उच्चतम बोली लगाने वाले की धरोहर राशि आंशिक बिक्री विचार के लिए रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि जमा करने पर कोई ब्याज देय नही होगा। विक्रय की पुष्टि उस क्रेता के पक्ष में की जाएगी जिसके द्वारा उच्चतम बोली लगाई जायेगी जो प्राधिकृत अधिकारी को दी गई है एवं प्रतिभूति लेनदार द्वारा जिसकी पुष्टि की जाएगी। उच्चतम बोली प्रतिभूति लेनदार/प्राधिकृत अधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगी। **(8).** सफल बोली लगाने वाले को बिक्री मूल्य का 25% (ईएमडी भुगतान सहित)उसी दिन अथवा आगमी 24 घण्टे के पूर्व जमा करवाना होगा, बिक्री मूल्य का शेष 75% बिक्री की पुष्टि के 15 दिवस के भीतर जमा कररना होगा। यदि बोलीदाता शेष राशि जमा करवाने में चूक करता है तो कम्पनी पूर्व में जमा राशि को जब्त कर लेगी तथा कम्पनी द्वारा सम्पत्ति को पुनः बेच दिया जायेगा। **(9).** क्रेता स्टाम्प ड्युटी/पंजीकरण शुल्क/ अन्य खर्चे आदि वैधानिक बकाया कर/समायोजन खर्चे आदि स्वंय के द्वारा या अन्य के द्वारा किये गये हो को स्वंय को वहन करना होगा। **(10).** प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का/बिना किसी कारण बताये नीलामी को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। **(11).** सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत नियम 8(6) के तहत ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति मालिक को भी उपरोक्त ऋण के संदर्भ में उपरोक्त वर्णित संपत्ति की ब्रिकी के लिए सूचित किया जाता है।

**स्थान: रायपुर, दिनांक: 09.08.2024** — **प्राधिकृत अधिकारी - सेन्ट बैंक होम फायनेंस लिमिटेड**

मकान नंबर ए -54, गुप्ता डेंटल हॉस्पिटल के पीछे, स्ट्रीट नंबर 1, नेताजी होटल चौक के पास, कटोरा तालाब, रायपुर- 492001, फोन नं. 0771-2225088

# हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी सड़क... जान जोखिम में, सड़क के दोनों ओर साइकिल चल पाना भी मुश्किल, भारी वाहनों का खतरा बना हुआ है

## कीचड़ से सनी सड़क में पैदल चल पाना भी दूभर, राजनीतिक बयानबाजी पर भी ग्रामीणों में आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तकरीबन 16 करोड़ की लागत से बन रही हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी कीसड़क का मुद्दा अब भी सुलगमुद्दा रहा है। क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायतों ने सड़क में आवागमन को लेकर मुश्किलों और दुर्घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए चक्काजामका अल्टीमेटम दे दिया है। कांग्रेस इस आंदोलन को और मजबूत बनाने में जुटी हुई है।

बारिश के चलते सड़क का निर्माण कार्य बंद है। हालांकि, सड़क की दुर्दशा को लेकर बयानबाजी शुरु होते ही ठेकेदार ने गड्डों में बजरी-गिट्टी डालकर दुरुस्त करवाने का काम शुक्रवार से शुरु किया है। मरम्मत का यह काम भी गांव से दूर हो रहा है। ग्रामीण कहते हैं, बीते कई सालों में हमें सड़क नहीं मिल पाई। वे कहते हैं, जो कह रहे हैं सड़क तेजी से बन रही है वे यहां आकर खुद देखें।

हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी सड़कदुर्दशा को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर है। इसे लेकर भाजपा- कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में उन्हेंकहीं फायदा मिलता नहीं दिख रहा है।





बारिश थमने के बावजूद इस सड़क पर लोगों का पैदल चल पाना भी दूभर है। कीचड़, बड़े गढ्ढों के चलते आवाजाही को लेकर कई मुश्किलें हैं।

इस मार्ग में भारी मालवाहकोंके गुजरने के चलते भी सड़क टिक नहीं पा रही है। दूसरी ओर जर्जर सड़क में बारिश के दौरान गिरने-फिसलने का खतरा बढ़ गया है। एक ओर मालवाहक और दूसरी ओर जर्जर सड़क का खतरा बना हुआ है। स्कूलीबच्चे, कॉलेज जाने वाले छात्रों के साथ ही क्षेत्र की हजारों की आबादी के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचने वाली इस सड़क में सफर करना जान पर खेलने के माफिक साबित हो रहा है।

### भूमिपूजन को 7 महीने बीते

फरवरी, 2024 में इस बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। छग राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए लगभग 16 करोड़ की स्वीकृति दी है। भूमिपूजन के दौरान भाजपा नेताओं का दावा था कि, कुछ ही महीनों में सड़क बनकर तैयार होगी और ग्रामीणों को इससे राहत मिलेगी। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया है। भूमिपूजन के बाद काम शुरु होने में वक्त लगा। बेसलेवल के काम में ही महीनों गुजर गए। इस दौरान टुकड़े-टुकड़े में कुछ ही दूरी की सड़क बन सकी।

### युवक की मौत के बाद गरमाया था मामला

16 सितंबर 2023 को सुरगी में अनुज साहू नामक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस मौत के बाद पूरा गांव चक्काजाम पर बैठ गया था। तकरीबन 8 घंटों तक चले इस प्रदर्शन को समेटने में प्रशासन के भी हाथ-पाव फूल गए थे। गड्ढों से पटी सड़क में जान के जोखिम को लेकर ग्रामीणों में एक बार फिर यही आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि, आपातकालीन सुविधाओं के लिए भी लोगों को इंतजार करना पड़ता है। सड़क मार्ग खराब होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### भारी वाहनों के सामने नहीं टिक रही सड़क

हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी कीसड़कके जर्जर होने की बड़ी वजह भारी वाहनों की बड़ी तादाद में आवाजाही है। यहां पूरा दिन सैकड़ों हाईवाऔर ट्रकें गुजरती हैं। इसके चलते नए निर्माण के दौरान किया गया काम भी कुछ ही दिनों में मिट्टी में मिल जाता है। बजरी और गिट्टी से गड्ढे भरने के अलावा जहां सड़क का बेस तैयार कर लिया गया है वह हिस्सा भी भारी वाहनों के कारण उखड़ रहा है। इधर, बारिश के बीच डामकरीकरण का काम किया जाना लगभग नामुमकिन है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को किस तरह राहत मुहैया कराई जाएगी ये सुनिश्चित करना प्रशासन के लिए भी मशक्कत का काम है।

### गांव में चल पाना भी मुश्किल

इस मार्ग में मौजूद बड़े सेंटर सुरगी में शुरुआत से लेकर अंत तक सड़क का हिस्सापूरी तरह कीचड़ से सना हुआ है। सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी गाड़ियों के पहियों के धंसने के निशान है। सड़क से गाड़ी या साइकल के थोड़ा और नीचे उतरने पर हादसा तय है। इस सड़क मार्ग पर पैदल चल पाना भी बड़ी चुनौती है। कीचड़ की फिसलने से गिरने का डर बना रहता है। उस पर भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दूसरी ओर से आने वाले राहगीरों को सड़क में जगह भी नहीं मिल पाती।

### सोमनी–नवागांव सड़क में पहिएधस रहे



इसी तरह, सोमनी से नवागांव पहुंच मार्ग की जर्जर स्थिति भी अब तक नहीं बदल पाई है। क्षेत्र की हजारों की आबादी इससे प्रभावित हो रही है। पुल-पुलिया सहित 6.05 किमी के इस मार्ग के निर्माण के लिए 7 करोड़ 68 लाख रुपए मिले हैं। 22 सितंबर 2023 को वर्कऑर्डर किए जाने के बाद भी सड़क का काम अब तक आधा भी नहीं हो सका है। दूसरी ओर सड़क के किनारे आड़ी-तिरछी नालियां बना दिए जाने की शिकायत भी सामने आ रही है। यहां भी सड़क पर बड़े गड्ढों में गाड़ियों के पहिए धंस रहे हैं।

### भाजपा : 80 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपना वादा निभाते सुरगी-हरदीसडक़ पुनर्निर्माण हेतु फंड दिलवाया और अधिकारियों को तुरंत निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया है। वर्तमान में इस सडक़ के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की समय-सीमा मार्च 2025 निर्धारित है और थोड़ा ही निर्माण कार्य शेष बचा है। जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाली जनता का लगभग 80 प्रतिशत सफर सुगम हो चुका है। शेष निर्माण कार्य को भी समयावधि के पहले ही की पूर्ण कराने का प्रयास शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

### ग्रामीणों में नाराजगी, चक्काजाम की तैयारी

कांग्रेस नेता जितेंद्रमुदलियार ने कहा कि, प्रमाण है कि ग्रामीण इस सड़क के निर्माण को लेकर जो अपेक्षा पाले हुए थे उससे छल हुआ है। ग्राम पंचायत कोटराभांठा, ग्राम पंचायत धामनसरा, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द, ग्राम पंचायत कुम्हालोरी (बेलटिकरी), ग्राम पंचायत ढोड़िया ग्रामीण इस सड़क का कार्य अपूर्ण छोड़े जाने, निर्माण में गुणवत्ता को अनदेखा किए जाने जैसे विषयों पर तीन दिनों के भीतर सुधार न किए जाने पर चक्काजाम का अल्टीमेटम दे चुके हैं।

## गायत्री परिवार का 11 को जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

गायत्री परिवार का जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी रविवार 11 अगस्त को स्थानीय गायत्री मंदिर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। उक्त गोष्ठी में वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी विजन 2026 के कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से



विचार विमर्श किया जाएगा। गोष्ठी में जिले के पदाधिकारी वक्तव्य देंगे। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाशसिन्हा ने बताया कि गोष्ठी में इसके अलावा हेतु संस्कार शाला खोलने, वृक्षारोपण, युवा मंडल, महिला मण्डल व अन्य मंडलों के गठन व पुनर्गठन, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर रचनात्मक आंदोलन के प्रभारी नियुक्त करने, अखण्ड ज्योति रथयात्रा, ग्रामतीर्थ ग्राम प्रवज्या कार्यक्रम की रुपरेखा, 5 या 9 कुण्डीय यज्ञ आयोजन पर विचार, यूथ सुपर 100 सहित अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा।

## सिटी में कोचिए से 249 पौवा जब्त, शराब दुकान का मैनेजर भी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बसंतपुर पुलिस ने शहर के भीतर से 250 पौवा शराब पकड़ी है। 20 वर्षीय युवक के कब्जे से एक मोपेड में इतनी बड़ी मात्रा में शराब मिली। गुरुवार को इस कार्रवाई के बाद शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में मोहारास्थित शासकीय शराब दुकान के में प्लेसमेंट एजेंसी के मैनेजर पिंटू साहू को भी जेल भेज दिया है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि, इस मामले में शराब कोचियाऔर मैनेजर की



मिलीभगत सामने आई है जिस पर कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, बांसपाई पारा का रहने वाला नंदलाल ढीमर(20) मोहारा की देशी शराब दुकान से बड़ी मात्रा में शराब लेकर निकला था। इस बीच ही पुलिस को इसकी खबर मिली। गुरुवार की दोपहर करीब 2:10 बजे गौरवपथपर पानी टंकी के पास पुलिस जवानों ने उसे दबोच लिया। आरोपी को बसंतपुर थाने लाया गया। यहां उसके कब्जे से बरामद थैलों में 249 पौवा देशी शराब मिली। पुलिस ने बताया एक थैले में 109 पौवा देशी और दूसरे में140 पौवा देशी शराब भरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से मिली शराब की कीमत कुल 22हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2)के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

### मैनेजर को भी दबोचा

पुलिस के मुताबिक शराब की तस्करी करते पकड़ाए युवक ने शराब दुकान के मैनेजर के साथ सांठगांठ की बात बताई थी। जानकारी मिली थी कि कुछ अधिक रकम लेकर मैनेजर ही कोचिए को बड़ी मात्रा में देशी शराब उपलब्ध करवा रहा था। इसकी जांच उपरांत पुलिस ने शुक्रवार को मोहारा स्थित देशी शराब दुकान के मैनेजर पिंटू साहू को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## नांदगांव पहुंचे बैज, कांग्रेस कार्यालय और निकाय चुनाव की तैयारियों पर चर्चा



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शुक्रवार को राजनांदगांव दौरे पर रहे। यहां उन्होंने सर्किट हाऊस में संगठन व कांग्रेस के अन्य नेताओं से मुलाकात की। यहां उन्होंने एक संक्षिप्त बैठक भी की। बताया जा रहा है कि उन्होंने इस दौरे में कांग्रेस के नए जिला कार्यालय, आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयार, संगठन में फेरबदल व अन्य विषयों पर नेताओं से बातचीत की है। इसके बाद वे कांग्रेस नेता के घर शोक व्यक्त करने भी पहुंचे। यहां सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने किसान और गौधन के लिए उल्लेखनीय काम किया। लेकिन भाजपा ने सरकार में आते ही इसे ठप कर दिया। आज सड़क पर मवेशी घूम रहे हैं। इससे घटनाएं-दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसे लेकर हम 16 अगस्त को प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

## विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तिरंगा बाईक रैली को किया रवाना

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत पीटीएस मैदान राजनांदगांव से तिरंगा बाईक रैली को रवाना किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अन्य अधिकारी हेलमेट लगाकर तिरंगा बाईक रैली में शामिल हुए। देशभक्ति का जज्बा लिए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर उत्साह एवं उल्लास के साथ तिरंगा बाईक रैली शहर के विभिन्न चौक-



चौराहों से गुजरी। तिरंगा हमारी आन-बान और शान है। तिरंगा का यह गौरव और सम्मान हर घर तक पहुंचे, इस संदेश के साथ बाईक रैली का यह काफिला तिरंगा रैली पीटीएस मैदान राजनांदगांव से शुरू होकर गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, गंज चौक, नंदई चौक, महामाया चौक, कमला कॉलेज, आरके नगर होते हुए पीटीएस मैदान में समाप्त हुआ।

## डर दिखाकर वसूलता रहा रकम, 4 लाख की ठगी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मोहला-मानपुर जिले में संचालित एक स्व-सहायता समूह की महिला के साथ केवाईसीअपडेट कराने के नाम पर एक अज्ञात मोबाइल धारक ने सवा 4 लाख रुपए की ठगी की। महिला ने अप्रैल से लगातार जुलाई तक किस्तों में रकम जमा किया। इसके बाद महिला को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ। महिला ने अब पुलिस से मामले की शिकायत की है। मामला मोहला-मानपुर जिले के बहोरनभेड़ी गांव का है। मिली जानकारी के मुताबिक बहोरनभेड़ी गांव की रहने वाली वासनिक चौधरी माहुदमचांदूर स्थित ग्रामीण बैंक की खाताधारकहैं। 18 अप्रैल 2024 को वह बैंक से पैसा निकालकर घर लौटी तो शाम करीब 5 बजे अभिषेक शर्मा नामक एक अज्ञात व्यक्ति ने खाता सीज होने का डर दिखाकर महिला से केवाईसीअपडेट करने की बात कही। इसके बाद अज्ञात कॉलर ने केवाईसीअपडेट के लिए शुल्क लगने की जानकारी देते हुए क्यूआर बार कोड भेजा। जिसमें महिला ने एक हजार रुपए जमा किए। इसके बावजूद कई बार खाता बंद होने का हवाला देकर किस्तों में अलग-अलग तिथियों में रकम दिया। इस तरह 18 अप्रैल से 13 जुलाई 2024 तक महिला ने 4 लाख 26 हजार 604 रुपए ट्रांजेक्शन किया। महिला को बाद में ठगी का शिकार होने का अहसास हुआ। अंबागढ़ चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसडीएम के अगुवाई में विभागीय अमले हुए शामिल

## हर घर तिरंगा थीम के लिए तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

भारत शासन के मंशानुरूपदेशभर में हर घर तिरंगा थीम पर 9 से 15 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी आयोजन किये जा रहे हैं। उक्ताशय के परिपालन में राज्यशासन के दिशानिर्देश पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में डोंगरगांव अनुभाग में भी तिरंगा यात्रा सहित विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार 9 अगस्त को अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय ध्वज के संवर्धन, राष्ट्रीय भावना को विकसित करने के उद्देश्य से नगर में एसडीएम श्रीकान्त कोराम के अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा का शुभारंभ हुआ। उक्त यात्रा रेस्टहाउस से



निकलकर मार्केट एरिया, सदर लाईन, फौव्वारा चौक से मेनरोड होते हुए वापस रेस्टहाउस में विसर्जित हुई। यात्रा में प्रमुख तौर पर तहसीलदार पीएल नाग, टीआई उपेन्द्र शाह, नायब तहसीलदार झरना राजपूत के अलावा एसीईओहोरीलाल साहू, बीईओ आरएलपात्रे, सीएमओ डीएस पाल सहित नगर पंचायत, जनपद पंचायत, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण शामिल हुए।

### राष्ट्र गौरव के लिए आयोजन

एसडीएम ने पॉयनियर को बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के संवर्धन, ध्वज के सम्मान में वृद्धि तथा राष्ट्रीय भावना को विकसित करने के उद्देश्य से अनुभाग में हर घर तिरंगा थीम पर विविध आयोजन 9 से 13 अगस्त तक विविध आयोजन होंगे। इसके तहत तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, दौड़ व मैराथन, कॉन्सर्ट, कैनवास, प्रतिज्ञा, सेल्फी, सम्मान सहित तिरंगा मेला आयोजित होंगे।

## अचानक निरीक्षण के लिए लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर पहुंची सीईओ

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने लाईवलीहुड कॉलेज एक्सटेंशन सेंटर दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने निरीक्षण के दौरान सेंटर में चल रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। आजीविका विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी राजनांदगांव द्वारा ब्लाऊज मेकिंग कोर्स में 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण का संचालन प्रत्येक योजनांतर्गत उसके नियमानुसार आधार आधारित बायोमैट्रिक से उपस्थिति अथवा जिओ-टैग आधारित फोटो से ही उपस्थिति मान्य की जाती है एवं हितग्राहियों के 75 प्रतिशत उपस्थिति के आधार पर हितग्राहियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होती है।



**राजनांदगांव।** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर समुदाय ने शोभायात्रा निकाली। बड़ी संख्या में समुदाय का युवा वर्ग इसमें शामिल हुआ। पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ लोकगीतों की धुन पर नृत्य करते कलाकारों ने भी आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया।

# संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय में तीन दिवसीय "वित्तीय साक्षरता" कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुर/बगीचा
www.dailypioneer.com




जिला के विकासखंड बगीचा में स्थित शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में डीएसटी, भारत सरकार, आईबी आईटीएफ , आईआईटी भिलाई के सौजन्य से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ एवं शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय "वित्तीय साक्षरता" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विजय कुमार रक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि हम महाविद्यालय में शिक्षा के साथ ही साथ अपने व्यक्तित्व विकास के लिए आते हैं और आज के समय में पैसा कमाना तो मुश्किल है लेकिन सबसे ज्यादा आज के समय में पैसा बचाना बहुत ही कठिन कार्य है और उन्होंने वित्तीय साक्षरता की और शिक्षा के लिए बहुत ही लाभकारी जानकारी दिए, स्पेशल गेस्ट में सम्मानित ज्योतिर्मयानंद स्वामी जी रामकृष्ण आश्रम बगीचा से उपस्थित रहे उनका आशीर्वचन सभी को प्राप्त हुआ। यतेन्द्र गुप्ता (अध्यक्ष सरगुजा संभाग) विघुत कर्मचारी उपस्थित रहे उन्होंने वित्तीय साक्षरता विषय पर बहुत ही विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम का उद्देश्य तभी सफल होगा जब आप इन जानकारी को अपने साथ-साथ सभी तक साझा करेंगे और इसको अपने जीवन में उतारेंगे, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर सुदीप यादव ने रीसोर्स पर्सन के रूप में बहुत ही विस्तृत जानकारी प्रदान किए अपराजिता महिला संघ द्वारा चल रहें मनी वाइस द्वारा वित्तीय साक्षरता विषय में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।फिंटेक परियोजना के डायरेक्टर डॉ.सुनील कुमेटी के मुख्य आतिथ्य में और इस कार्यक्रम में को-ऑर्डिनेटर डॉ टीके सिंह सर के विशेष मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही कॉलेज के प्राचार्य सरद नेताम के अध्यक्षता में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । आयोजक डॉक्टर टीके सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया की ÷वित्तीय साक्षरता÷ जैसे अभियान को भारत सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले में जहां पर जनजातीय समुदाय निवासरत हैं ऐसे जगहों में "वित्तीय साक्षरता" पर कार्यशाला आयोजित कर जागरूक किया जा रहा है। जिससे जनजातीय क्षेत्र में वित्तीय प्रबंधन को लेकर लोगों में सजगता का भावना जागृत हो सके, उन्होंने कहा की वित्तीय प्रबंधन के घटक बचत, आय, व्यय, ऋण, इंश्योरेंस के प्रति प्रतिभागियों को तीन दिन के कार्यशाला में अलग-अलग विषय वक्ताओं के द्वारा जानकारी उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान समय को देखा जाए तो लोगों के जीवन में पैसे की बहुत बड़ी भूमिका है हर व्यक्ति पैसे के लिए काम करता है, जितना मेहनत से पैसा कमाया जाता है उससे ज्यादा जरूरी है उस पैसे का सही प्रबंधन बचाव, बर्ताव और सुरक्षा करने का, इसी के साथ कॉलेज प्रबंधन को कार्यशाला संपन्न कराने में योगदान देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अगली कड़ी राजेंद्र प्रेमी के द्वारा बहुत ही सुन्दर गीत प्रस्तुति की गई। नीलू गुप्ता द्वारा वित्तीय प्रबंधन को लेकर अपने उद्बोधन में कहा गया की वित्तीय अनिमियत्ता को रोकने के लिए वित्तीय व्यवहार की जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने कहा की वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है आज हर क्षेत्र में वित्तीय जानकारी का होना बहुत ही महत्वपूर्ण है सारे काम आज के समय में डिजिटल लेनदेन से संपन्न हो रहे हैं इसलिए हमें उनकी जानकारी होना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉक्टर रश्मि प्रिया टोप्पो ने बहुत अच्छे से पूरे कार्यक्रम का संचालन किया।

# सोशल मीडिया में चाइल्ड प्रोनोग्राफी का वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरेंद्र यादव को जेल

- आरोपी ने जून 2022 में सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड किया था

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सोशल मीडिया के दौर में लगातार चाईल्ड पोर्नोग्रॉफी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस मुख्यालय रायपुर से थाना दुलदुला को गत दिवस प्राप्त हुए साइबर टीप लाईन मामले की जॉच दुलदुला द्वारा की जा रही थी, जिसमें क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा माह जून 2022 में अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है, इसी दौरान साइबर सेल से उक्त प्रकरण के आरोपी के थाना दुलदुला अंतर्गत ग्राम खटंगा में निवास करने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देशन में निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में पतासाजी के लिए एक टीम ग्राम खटंगा रवाना किया गया, पतासाजी उपरांत गिरेन्द्र कुमार यादव के ग्राम में मिलने पर उसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया एवं उसके मेमोरंडम कथन में उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त मोबाईल एवं सिम को पेष करने पर जप्त किया गया। आरोपी गिरेन्द्र कुमार यादव उम्र 45 साल निवासी खटंगा थाना दुलदुला के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारी को सायबर टीप लाईन मामले की जॉच के लिए प्रेषित किया गया है, आने वाले समय में इस मामले के और भी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।
**-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

## दिल्ली से होती है मॉनिटरिंग

ज्ञात हो कि इंटरनेट पर बच्चों से जुड़ी अश्लील फोटो/वीडियो अपलोड करने या देखने पर एनसीआरबी दिल्ली की शाखा संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही के लिये राज्य के पुलिस मुख्यालय को टीपलाईन प्रेषित किया जाता है।

**इन्होंने की कार्रवाई-** प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, स.उ.नि. सामुदान टोप्पो, म.प्र.आर. 306 हेमलता बुनकर, आर. 687 अलेकसियुस तिग्गा, आर. 506 आनंद खलखो, आर. 694 राजेष गोप एवं सायबर सेल का योगदान रहा है।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जशपुर नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

## रैली के माध्यम से लोगों को घर में ध्वज लगाने की गई अपील

**09 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक चलेगा अभियान**

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



15 अगस्त आज़ादी के पर्व मनाने के पूर्ण पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत हो गई है। इसी कड़ी में नगरपालिका परिषद जशपुर नगर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान यात्रा निकाल कर नगर में भ्रमण किया गया। भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है इसी गौरव को संवर्धित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 अगस्त 2024 से 15 अगस्त 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिक को राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों में फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि आम जन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसके अंतर्गत तिरंगा यात्रा,तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन ,तिरंगा कैनवास,तिरंगा सेल्फी, तिरंगा मेला, तिरंगा सम्मान जैसे कार्यक्रम शासन व जिला कलेक्टर डाक्टर रवि मित्तल के निर्देशानुसार जिले के सभी नगरीय निकाय जशपुर नगर, कुनकुरी, बगीचा, कोतबा, पत्थलगाव, मे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, नगर पालिका परिषद जशपुर नगर के तिरंगा यात्रा में योगेश्वर उपाध्याय सीएमओ, आशिमा विश्वास उप अभियंता, सुरेंद्र मिश्रा, लिलेंद्र प्रधान, दिनेश सिंग, बद्री पटेल, आलोक दुबे, सुजित, योगेश, शैलेंद्र पाठक, शंकर यादव, राम, के साथ निकाय के एस एल आर एम की समूह की महिलाएँ उपस्थित रहे।

# डॉक्टर ने की स्कूली छात्राओ से छेड़छाड़ एनएसयूआई ने की कड़ी कार्यवाही की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय हटकेशर वार्ड में हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां शासन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर चिरायु शिविर लगाया जाता है। इस दौरान डॉक्टर कुलदीप आनंद के नेतृत्व मे स्वामी आत्मानंद स्कूल हटकेशर मे चिरायु शिविर आयोजित किया गया था, शिविर के दौरान बच्चियों के स्वास्थ्य परीक्षण करने के दौरान गलत तरिके से स्पर्श करने अभद्र व्यवहार करने की शिकायत बच्चियों ने वहा उपस्थित अपनी महिला शिक्षिका से की उसके पश्चात शिविर को वही बंद कर दिया गया। प्राचार्य के पास शिकायत करने पर प्राचार्य द्वारा पत्र लिखकर मामले की जानकारी पत्र के माध्यम से सीएमएचओ को दिया जहा कार्यवाही के आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं हुआ। बच्चियों ने मामले की जानकारी घटना के दिनांक शाम को एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन को दी। जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने कॉल के माध्यम से संबंधित सभी विभागों को इसकी जानकारी दे दी। मामले के तह तक जाने के उद्देश्य से एनएसयूआई अपने महिला कार्यकर्ताओ के साथ सुबह से स्कूल पहुंच कर प्राचार्य,शिक्षिका एवं पीडित छात्राओं से मुलाकात किया, वहां जाने पर यह जानकारी मिला की डॉक्टर ना सिर्फ 12वी की बच्चीयों अपितु विद्यालय के प्रत्येक बच्चियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया। एनएसयूआई ने मामले की संवेदनशिलता को ध्यान मे रखते हुए प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आशवस्त किया की इसमें दोषी डॉक्टर कुलदीप आनंद के ऊपर कडी से कडी कार्यवाही करेंगे। एनएसयूआई ने साथ हर एक मांग ये भी किया की जब भी चिरायु शिविर आयोजित किया जायें तो इस बात का विशेष ध्यान रखा जायें की जहा बच्चियों का परीक्षण या इलाज करना है वहा महिला डॉक्टर को अनिवार्य रूप से उपस्थित रखा जायें ।

# त्रिभुवन सन्हरा बने शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष

- नवप्रवेशी 17 छात्राओं को सरस्वती साइकिल वितरीत किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन के आदेशानुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली धमतरी में नियमानुसार किया गया। जिसमें प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित त्रिभुवन सन्हरा अध्यक्ष, प्राचार्य एस रामटेके सचिव, उप प्राचार्य गणेश प्रसाद साहू, उप सरपंच बालमुकुंद साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि बलीराम साहू, अशोक सिन्हा, गुहलेद सन्हरा, मनीराम साहू, गंभीर राम साहू, राजहंस साहू ,हुलेश साहू, संतोष ध्रुव, रुक्मणी साहू पंच, हिमेश्वरी बंजारे एवं शिक्षक गण रामशरण मिश्रा, मंजूषा साहू, दीप्ति शुक्ला , रेणुका ध्रुव आदि का विधिवत मनोनयन कर गुलाल तिलक लगाकर स्वागत किया गया व 15 अगस्त सुव्यवस्थित रूप से मनाने हेतु आवश्यक व्यवस्था हेतु सहमति प्रदान की गई। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को टाई, बेल्ट, रिबन, आई कार्ड व बैच प्रदान करने हेतु सहमति प्रदान की गई। कक्षा नवमी के 17 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रभारी स्वाति सोरी के सहयोग से प्रदान किया गया। साइकिल पाकर छात्राएं काफी प्रसन्न हुए। अब विद्यालय आने जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

# भाजपा गंगरेल मंडल का बैठक उमेश साहू के अध्यक्षीय उदबोधन के साथ हुआ प्रारंभ

- सभी ने एकजुटता के साथ ग्राम पंचायत की चुनाव को संपन्न करके ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में जनप्रतिनिधि बनने पर जोर दिया

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा गंगरेल मंडल का बैठक रुद्री स्थित आमंत्रण हेरिटेज में मंडल अध्यक्ष उमेश साहू के अध्यक्षीय उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ। बैठक में बैठक प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा धमतरी शशि पवार ने मंडल के अंदर सभी बूथों में बूथ स्तर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्य को करने की बात कही गई साथ ही सभी बूथों में बूथ स्तर पर तिरंगा ध्वजारोहण को ससम्मान लगाने की बात कही । साथ ही संगठनात्मक जो भी कार्य संगठन के द्वारा मंडल को मिला हुआ है उसको सही ढंग से कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर के करने की बात कही। बैठक सह प्रभारी कविंद्र जैन भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर राज्य और केंद्र में सरकार बनाने में सफल हुए अब बूथों के कार्यकर्ताओं की बारी है। सभी लोग एकजुटता के साथ ग्राम पंचायत की चुनाव को संपन्न करके ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में जनप्रतिनिधि बनने पर जोर दिया। अतिथि के रूप में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्यामा साहू ने भी पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में बेहतर परिणाम लाने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई प्रेषित करते हुए आगामी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी बढाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही। उपस्थित विधानसभा प्रभारी प्रकाश गोलछा ने भाजपा गंगरेल मंडल में ज्यादातर युवा वर्ग सामने आकर के जो कार्य कर रहे हैं उनकी प्रशंसा करते हुए संगठन के काम को मजबूती से आगे बढाते हुए देश हित में कार्य करने पर जोर दिया। वहीं पर गंगरेल मंडल के प्रभारी चेतन हिंदुजा ने सत्ता और संगठन में तालमेल बनाकर कार्यकर्ताओं को काम करने की नसीहत देते हुए आने वाले चुनाव में पूरी ऊर्जा के साथ काम करने पर बल दिए ।

# गाँव में हो या शहर में, तिरंगा लहराये हर घर में, छत्तीसगढ़ सहित देश भर में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान'

- 09 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जायेगा स्वतंत्रता सप्ताह, कुनकुरी, पत्थलगांव, कोतबा, बगीचा में तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों से अभियान में शामिल होने की गई अपील

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान शुरू हो गया। 'हर घर तिरंगा' अभियान 9 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे देश में चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। वही छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 09 अगस्त से 15 अगस्त 2024 तक "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में आज नगर पंचायत कुनकुरी, पत्थलगांव, कोतबा, बगीचा में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देशानुसार सीएमओ प्रवीण कुमार उपाध्याय के द्वारा कार्यालय नगर पंचायत कुनकुरी से डुगडुगिया चौक होते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्र के लिए तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई द्य उक्त कार्यक्रम मे शहर के गणमान्य नागरिक सुनील अग्रवाल, राजकुमार सिंह, ताराचंद यादव, धनीराम भगत, नगर पंचायत कुनकुरी के समस्त कर्मचारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित होकर तिरंगे के सम्मान में यात्रा की शुरूआत की गईद्य इसके अंतर्गत सीएमओ प्रवीण कुमार उपाध्याय द्वारा समस्त नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए अपील किया गया ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत कुनकुरी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार 9 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

# नए बच्चे स्कूल आने को उत्साहित हैं, पुराने बच्चे नए मित्रों के आगमन से खुश हैं : मैथिली गोड़े

## प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया, सार्थक स्कूल में 5 नए बच्चों का प्रवेश

- नवप्रवेशी बच्चों के साथए सभी बच्चों को उपहार मिले, स्कूल के छात्र कुणाल का जन्मदिन मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



मानसिक दिव्यांग बच्चों के सार्थक स्कूल धमतरी में अतिथि हरीश सोनी, रोशनी सोनी, दीपिका गोलछा, मनोहर जसूजा की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। वरिष्ठ प्रशिक्षिका मैथिली गोड़े ने बताया कि सार्थक स्कूल में इस वर्ष 5 नए बच्चे रोहन साहू, दिशा गौतम, भूपेंद्र साहू , राज सोनी, प्राची सोनी ने प्रवेश लिया है और नए बच्चे बेहद उत्साहित हैं, वहीं पुराने बच्चे भी नए मित्रों के आगमन से बहुत खुश हैं। नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा तिलक कर एकॉपी पेंसिल का सैट उपहार स्वरुप देकर मुंह मीठा कराया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर धमतरी के समाजसेवी दम्पत्ति आशीष चौरड़िया एवं नमिता चौरड़िया की ओर से कमजोर आर्थिक परिस्थिति वाले परिवार के 11 बच्चों के लिए यूनिफॉर्म एवं बच्चों के भोजन के लिए बैठने की टाटपट्टी का उपहार भेजा गया एवं समाज सेवी हरीश सोनी एवं रोशनी सोनी की ओर से सार्थक संस्था के ऑफिशियल कागज़ात रखने हेतु एक स्टील आलमारी प्रदान की गई जिसका उद्घाटन रोशनी सोनी ने स्वास्तिक उकेरकर किया। इस अवसर पर सार्थक के संरक्षक डॉ अनिल रावत की ओर से सभी बच्चों को मेडिकेटेड किट, सार्थक सदस्य गौरव लोहाना की ओर से सभी बच्चों के लिए स्कूल बैग का उपहार दिया गया। सार्थक अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने बताया कि वर्तमान में सार्थक में कुल 63 विशेष बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं। जरुरत के अनुसार उपहार देकर समाजसेवियों ने बच्चों को खुशी और संस्था को बहुत बड़ा सहयोग प्रदान किया है। एवं यूनिफॉर्म पहनकर, स्कूल बैग लेकर बच्चे स्कूल आयेंगे तो स्मार्ट लगेंगे और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। प्रवेश उत्सव के अवसर पर स्कूल के छात्र कुणाल जसूजा का जन्मदिन भी मनाया गया।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा रामानुजगंज का मामला, रामानुजगंज पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल

# संबंधितों ने किया एक करोड़ 33 लाख 58 हजार 689 रुपए का गमन

पायनियर संवाददाता ∢ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अम्बिकापुर के शाखा रामानुजगंज में हुई आर्थिक अनियमितता के संबंध में विभाग द्वारा प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन पुलिस थाना रामानुजगंज में प्रस्तुत की गई थी जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 157/2024 धारा 409, 37 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लेने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविन्द श्रीवास्तव प्रभारी बलरामपुर शाखा प्रबंधक अपने वरिष्ठ कार्यालय के पत्र क्रमांक स्थापना/2024-25/901के प्रति, पुलिस थाना रामानुजगंज में प्रस्तुत करते हुए गमन के मामले में प्राथमिक की दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन में कहा गया था कि शाखा रामानुजगंज में हुई आर्थिक अनियमितता के संबंध में प्रारम्भिक जॉय प्रतिवेदन अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के संबंध में जॉच प्रतिवेदन क्रमांक 411 5 अगस्त 2024 को प्रस्तुत करते हुए संदर्भ विषयान्तर्गत बैंक के पत्र क्रमांक/स्थापना/शिकायत/2024-25/409 दिनांक 30.07.2024 के द्वारा शाखा रामानुगंज में हुये के.सी.सी.अऋण में अनियमितता के संबंध में प्रारम्भिक जॉच हेतु जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जॉय अधिकारी द्वारा पत्र क्रमांक 411 5 अगस्त 2024 के द्वारा प्रारम्भिक जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है मनोज विश्वास के खाता नम्बर 104001655456 में राशि 6382717.00 (तिरसव लाख ब्यासी हजार सात सौ सत्रह) मनोज विश्वास के खाता नम्बर 104002806317 में राशि 690000.00 (छःलाख नब्बे हजार) मनोज विश्वास के खाता नम्बर 104002806306 में राशि 594386.00 (पांच लाख चौरानब्बे हजार तीन सौ छियासी) मनोज विश्वास के खाता नम्बर 104004573264 में राशि 903220.00 (नौ लाख तीन हजार दो सौ बीस) देव आशीष सिकदार के खाता नम्बर 104001390830 में राशि 270000.00 (दो लाख सत्तार हजार) देव आशीष सिकदार के खात नबार 104001390829 में राशि 155058.00 ( पन्द्रह लाख पचपन हजार अंठावन) राधे ट्रेडर्स (प्रोपराईटर पंकज विश्वास के खाता नम्बर 104004808607 में राशी 73477400 (सात लाख चौतीस हजार सात सौ चौहत्तर रूपये) फर्जी तरीके से राशि समायोजन किया गया है। उक्त सभी खाते का संचालन पंकज विश्वास द्वारा किया जा रहा था,जो शाखा रामानुजगंज में कंप्यूटर आपरेटर का कार्य कर रहा था। उपरोक्त खातों में कुल राशि 9730155 (सन्तानबे लाख तीस हजार एक सौ पचपन) रू.का अनियमितता शंकर राम भगत तात्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक शाखा रामानुजगंज (आई.डी.648) तात्कालीन कैशियर विजय उईके (आई.डी. 695) एवं तात्कालीन कैशियर राजेश पाल (आई.डी. 731) द्वारा किया गया है। इसी प्रकार जिला बलरामपुर के समितियों के बदत खातों को मामे कर सच्चिदानंद तियारी के बचत खाता क्रमांक 104000249572 में ट्रिकल के माध्यम से राशि 3628534.00 (छत्तीस लाख अठाईस हजार पांच सौ चौतीस) रूट नियम विरूद्ध तरीके से समायोजन किया गया है। जाँच में पाया गया कि किसी मी समिति से समितियों के बचत खातो को नाम करने हेतु बिल/चेक/आवेदन प्रस्ताव नही लिया गया है। उपरोक्त ट्रान्जेक्शन बैंकिंग नियमों के विरूद्ध है। प्रस्तुत आवेदन के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों में विजय उईके पिता महिप उईके उम्र 48 वर्ष साकिन लोधी, राजेश कुमार पाल पिता स्व.शैलेन्द्र नाथ पाल उम्र 46 वर्ष साकिन केरवाशीला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की पतासाजी कि जा रही है। उक्त आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक ललित यादव प्रधान आरक्षकों में 299 उमेश यादव,224 अतुल दुबे,225 कुमार वैभव सिंह,चालक 167 अजेश पाल,आरक्षकों में 609 सूरज सिंह,197 सुनील शर्मा,647 संदीप जगत,971 जगमोहन तिर्की 583 नागेश्वर पोर्ते सायबर सेल से 836 सुखलाल,903 राजकिशोर शामिल रहे।


**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

**// संक्षिप्त निविदा //**

क्रमांक/आवि./निर्माण/एनआईटी. क्र.-02/2024-25 कांकेर, दिनांक 05/08/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा द्वितीय बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु 'D' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे। प्रति निविदा पत्र की कीमत 750 रूपये है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह वर्षा ऋतु सहित होगी।

1. निविदा प्रपत्र आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि- 20/08/2024 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 21/08/2024 (पूर्वान्ह 11.30 बजे सायं 5.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 28/08/2024 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि - 29/08/2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की निविदा राशि (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | आदिवासी कन्या आश्रम निशानहर्रा में पुलिस कर्मियों के लिए गार्ड रूम निर्माण कार्य। | 3.00 | 3000 |

G-242501698/2

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास कांकेर

# मुख्यमंत्री साय बेमेतरा में तुषार साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए

## शोक संतप्त परिवारजनों को बंधाया ढांढस

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बेमेतरा नयापारा में तुषार साहू के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तुषार साहू को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि हम सब दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं, इस कठिन समय में हम सब को धैर्य बनाए रखना है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि तुषार साहू एक होनहार युवा थे। समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से उनकी भागीदारी रहती थी। किसी भी कार्य को वह हमेशा समर्पण और सेवा भाव से करते थे। उनकी कमी हम सब को खलेगी। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी श्रद्धांजलि दी और परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, गणमान्य नागरिकों और तुषार साहू के करीबी सहयोगियों ने भी दिवंगत आत्मा के प्रति सम्मान प्रकट किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गौरतलब है कि तुषार साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव के भांजे थे। विगत 4 अगस्त को उनकी कवर्धा ज़िले के बोडला स्थित रानीदहरा जलप्रपात में नहाने के दौरान डूबने से मृत्यु हो गयी थी।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर नगर पंचायत झगराखाण्ड को मिली विकास कार्यों की सौगात

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल से नगर पंचायत झगराखाण्ड को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 13 निर्माण कार्यों हेतु अधोसंरचना मद से स्वीकृति मिली है। इन निर्माण कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 1 करोड़ 16 लाख 78 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गयी है। नगर पंचायत झगराखाण्ड के वार्ड क्र. 12 में धनेश के घर से पहाड़ी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण के लिए 10.02 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में सुदामा चौधरी के घर से खलील के घर तक नाली निर्माण के लिए 8.04 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में आबिद के घर से सबीर के घर तक रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य के लिए 4.86 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में भवानी के घर से पूनम पनिका के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 4.91 लाख रूपए, वार्ड क्र. 12 में पंप हाऊस के पास शौचालय निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए, वार्ड क्र. 05 में गोलाई दफाई में शौचालय निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 10 में लैला मजनू ग्राउण्ड के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 10.00 लाख रूपए, वार्ड क्र. 10 में आंगनबाड़ी में बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 4.76 लाख रूपए, वार्ड क्र. 01 में संजय सेन के घर से संतोष वर्मा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 4.72 लाख रूपए, वार्ड क्र. 15 में मोहन वर्मा के घर के पिछे रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य के लिए 4.48 लाख रूपए, वार्ड क्र. 06 एवं 07 मांगलिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य के लिए 19.91 लाख रूपए, वार्ड क्र. 10 में जमुना यादव के घर से आनंद के घर तक नाली निर्माण कार्य के लिए 5.08 लाख रूपए, वार्ड क्र. 08 में पुष्पवाटिका में उन्नयन कार्य के लिए 20.00 लाख रूपए की राशि प्रदाय की गयी है।

# गृहमंत्री विजय शर्मा ने 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी वितरण किया



**पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा**
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में जिले के 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों से आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू भी हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार आपके सहयोग और आर्थिक विकास के लिए हमेशा साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है। प्राथमिकता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों और आमजनों की सेवा में आत्मीय खुशी मिलती है। शर्मा ने इससे पहले कवर्धा आगमन के दौरान ठाकुरदेव चौक में अपने वाहन रुकवाकर आमजनों से भेंट की और सभी का हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री शर्मा कबीरधाम जिले के एकदिवसीय प्रवास पर है। शर्मा जिले के तरेगांव, रेंगाखार और कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री साय के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाला राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से फेसबुक में फर्जी आईडी बनाने वाले अंतर्राज्यीय आरोपी साहूकार खान को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट व सिविल लाईन पुलिस ने राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे घटना में प्रयुक्त 01 मोबाईल फोन जब्त किया गया है। उसके विरूद्ध थाना सिविल लाईन में भादवि. एवं आई.टी. एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अरोपी साहूकार खान मुख्यमंत्री के नाम एवं फोटो का दुरूपयोग कर फेसबुक में फर्जी आई.डी. बनाकर फेसबुक एकाउंट आपरेट कर रहा था। इसकी रिपोर्ट मनोज कुमार साहू ने दर्ज कराया था। इस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट व सिविल लाईन पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी आई.डी. का तकनीकी विश्लेषण करते हुए अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसे राजस्थान के अलवर में लोकेट किया। एक विशेष टीम का गठन कर टीम अलवर भेजकर आरोपी साहूकार खान पिता घंटोली 40 साल निवासी कोटाखुर्द, थाना रामगढ़ को पकड़ा गया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

# 4 मंत्रियों के बीच विभाजित हुआ बृजमोहन का प्रभार





रायपुर। राज्य सरकार के मंत्रियों के बीच जिलों के प्रभार का पुनः आवंटन किया गया है। ये जिले कैबिनेट मंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल के प्रभार में थे। उनके इस्तीफे के बाद से इन जिलों में कोई प्रभारी मंत्री नहीं था। ऐसे में राज्य सरकार की तरफ से बृजमोहन अग्रवाल के प्रभार को 4 मंत्रियों में उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवागंन एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा के बीच बांटा गया है।

# हर घर तिरंगा के तहत संभाग स्तरीय तिरंगा रैली



## बड़े उत्साह और जोश के साथ स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आव्हान पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसी कार्यक्रम के तहत रायपुर जिले में संभाग स्तरीय तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बड़े जोश और उत्साह के साथ लगभग साढ़े चार सौ स्कूली बच्चे शामिल हुए। साथ ही देशभक्ति नारों के साथ रैली निकाली गई। इसमें रैली में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, सहायक संचालक अजीत सिंह जाट, सहायक संचालक एम. मिंज, दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश कुमार दीवान एवं शिक्षकों ने भी भाग लिया।

# अगस्त क्रांति एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में अगस्त क्रांति एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया, इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर, गिरीश दुबे, विकास तिवारी, उधोराम वर्मा, दिलीप चौहान, अरूण जंघेल, सेवक महानंद, मुन्ना मिश्रा, शेख वसीम एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## राज्य सरकार ने सभी सार्वजनिक-शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट के दिए निर्देश

**रायपुर।** राज्य सरकार ने राज्य में संचालित सभी कोचिंग सेंटर, स्कूल, कॉलेज, हॉस्टल, हॉस्पिटल, मॉल, सिनेमा घर सहित अन्य सार्वजनिक और शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश जारी किए हैं। यह कदम हाल ही में दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में हुई त्रासदी के बाद उठाया गया है, जहां बारिश का पानी भरने से तीन छात्रों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे देश में कोचिंग सेंटरों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है।

# एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासियों की भावना से खेल रही भाजपा : भूपेश बघेल

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आरएसएस के दबाव में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस का बहिष्कार कर दिया और इस तरह से भाजपा ने प्रदेश के लाखों आदिवासियों व उनकी संस्कृति का अपमान किया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए प्रदेश के आदिवासी भाजपा को कभी माफ़ नहीं करेंगे।

बघेल ने अपने बयान में कहा है कि आरएसएस ने आखिर अपना असली रंग दिखा दिया है और भाजपा सरकार पर दबाव बनाकर विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम रद्द करवा दिए। बघेल ने कहा है कि रायपुर में विश्व आदिवासी दिवस पर दो कार्यक्रम आयोजित थे। एक रायपुर के इंडोर स्टेडियम में था जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होना था और दूसरा कार्यक्रम महंत घासीदास संग्रहालय की कला वीथिका में आदिवासियों पर आयोजित एक प्रदर्शनी थी, जिसका उद्घाटन भाजपा सरकार के वरिष्ठ आदिवासी मंत्री रामविचार नेताम को करना था। एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गए नहीं और दूसरा कथित 'अपरिहार्य कारणों से' स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा है कि आरएसएस के अनुषांगिक संगठन वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से एक सार्वजनिक बयान दिया गया है जिसमें कहा गया है कि भारत के आदिवासियों के लिए विश्व आदिवासी दिवस की कोई प्रासंगिकता नहीं है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह के बयान से स्पष्ट है कि आदिवासियों के इस दिवस को संघ एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के रूप में देखता है। बघेल ने कहा है कि आदिवासियों की अलग सांस्कृतिक पहचान आरएसएस को हमेशा से खटकती रही है और इसीलिए वे इसका विरोध करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि भाजपा ने आदिवासियों व उनकी संस्कृति का जो खुला विरोध किया है उसे छत्तीसगढ़ के आदिवासी नहीं भूलेंगे और भाजपा को कभी माफ़ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा है कि भाजपा आदिवासियों को सिर्फ़ वोट बैंक की तरह देखती है और इसीलिए उसने कहने को तो एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बना दिया है पर उन्हें अपने आदिवासी भाई बहनों के साथ उत्सव मनाने से भी रोक रही है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ की एक तिहाई से अधिक आबादी आदिवासियों की है और उनकी विशिष्ट संस्कृति छत्तीसगढ़ को अलग पहचान देती है। इसी पहचान के चलते विश्व आदिवासी दिवस को कांग्रेस की सरकार ने अवकाश घोषित किया था और आदिवासी नृत्य महोत्सव मनाना शुरु किया था जिसमें न केवल देश भर के बल्कि विदेश के आदिवासी समूह भी शामिल होते थे। बघेल ने कहा है कि प्रदेश भर के आदिवासी अलग अलग जगह एकत्रित होकर जब विश्व आदिवासी दिवस मना रहे थे तो आरएसएस का एक संगठन इसका खुला विरोध कर रहा था।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403